फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 40 प्रभात जयपुर, शनिवार 10 सितम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Jaipur loses a friend in Queen's demise**

The legendary tigerman's Col. Kesri Singh's son Raghunath Singh remembers the "London Ki Maharani."

**AROUND-D-WORLD: Tasting The World** — Breakfast Foods: How different places start the day



*क्वीन ऐलिज़ाबैथ के निधन के बाद किंग चार्ल्स तृतीय शुक्रवार को पहली बार बकिंघम पैलेस पहुंचे। स्कॉटलैण्ड से लंदन पहुंचे किंग चार्ल्स तृतीय को एक आधिकारिक रोल्स-रॉयस कार में शाही निवास ले जाया गया। कार के राजमहल के गेट पर पहुंचते ही भारी भीड़ ने उनका स्वागत किया। वे लोगों का अभिवादन करने के लिए कार से बाहर निकले। उन्होंने महारानी ऐलिज़ाबैथ द्वितीय के सम्मान में पैलेस के बाहर आम लोगों द्वारा रखे गए फूलों को भी देखा। उन्होंने लोगों से बात की और हाथ भी मिलाया। कुछ लोगों ने किंग चार्ल्स के लिए नारे भी लगाये। किंग चार्ल्स ने हाथ उठाकर अपने समर्थकों एवं ब्रिटेन की जनता का अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि, महारानी ऐलिज़ाबैथ द्वितीय का गुरुवार को स्कॉटलैण्ड के बालमोरल कासल में निधन हो गया। क्वीन को श्रद्धांजलि देने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग फूल लेकर बकिंघम पैलेस पहुंचने लगे। किंग चार्ल्स शुक्रवार रात को ब्रिटेन की जनता को संबोधित करेंगे।*

# क्वीन ऐलिज़ाबैथ के शव को मृत्यु के 10 दिन बाद विंडसर कासल में दफनाया जायेगा

## क्वीन के अंतिम संस्कार के बाद ही किंग चार्ल्स को राजा बनाने की औपचारिक घोषणा होगी

- किंग चार्ल्स के राजा बनने के बाद ब्रिटेन में प्रशासनिक रूप से कुछ बदलाव भी होंगे। बैंक नोट एवं लैटरबॉक्स और टिकटों पर क्वीन ऐलिज़ाबैथ की छवि और प्रतीक चिन्ह को नए राजा चार्ल्स तृतीय के साथ बदल दिया जायेगा।
- किंग चार्ल्स, यानि हैड ऑफ स्टेट, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ हर सप्ताह औपचारिक बैठक करेंगे। हालांकि हैड ऑफ स्टेट राजनीतिक रूप से पूर्णतः तटस्थ रहते हैं।
- अंतिम संस्कार के बाद क्वीन ऐलिज़ाबैथ को विंडसर कासल के किंग जॉर्ज षष्ठम मैमोरियल चैपल में दफनाया जाएगा।
- ब्रिटेन में आधिकारिक हलकों में महारानी के निधन को ''ऑपरेशन लंदन ब्रिज'' कोडनेम दिया गया है। यह एक तरह का प्रोटोकॉल है, जिसे बकिंघम पैलेस ने गुरुवार को 96 वर्षीय क्वीन के निधन की घोषणा के बाद लागू किया था।

लंदन/नई दिल्ली, 9 सितम्बर। ब्रिटेन की क्वीन ऐलिज़ाबैथ द्वितीय का अंतिम संस्कार उनके निधन के 10 दिन बाद यानी 18 सितम्बर को होगा। वर्तमान में उनके शव को लंदन के बकिंघम पैलेस में रखा गया है। निधन के पांचवे दिन के बाद उनके ताबूत को बकिंघम पैलेस से वेस्टमिंस्टर के पैलेस तक औपचारिक मार्ग से ले जाया जाएगा। इस दौरान लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। यह स्थल प्रतिदिन 23 घंटे तक खुला रहेगा।

अंतिम संस्कार का दिन राष्ट्रीय शोक का दिन होगा। जिसमें वेस्टमिंस्टर एब्बे में होने वाली सेवा और पूरे ब्रिटेन में दोपहर में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। अंतिम संस्कार के बाद क्वीन ऐलिज़ाबैथ को विंडसर कैसल के किंग जॉर्ज षष्ठम मैमोरियल चैपल में दफनाया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, महारानी के निधन के बाद नई प्रधानमंत्री बनी लिज ट्रस को फोन करके सूचना दी गई। इसके बाद शाही परिवार ने सारी तैयारियों के तहत महारानी की आंखों को बंद किया। इसके बाद प्रिंस चार्ल्स को नया राजा घोषित किया गया। हालांकि, प्रिंस चार्ल्स का औपचारिक राज्याभिषेक बाद में किया जाएगा। इसी बीच किंग चार्ल्स के नया किंग घोषित होने पर उनके परिवार के सभी सदस्य उनके हाथों को चूमकर धन्यवाद देंगे।

ब्रिटेन के राजप्रमुख के निधन पर नियमानुसार प्रधानमंत्री को पहला बयान जारी करना होता है। इसी परंपरा के तहत ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस ने अपना पहला बयान जारी किया। इसमें उन्होंने महारानी को श्रद्धांजलि दी और कहा कि 'दिवंगत महारानी अपने पीछे महान विरासत को छोड़कर गई हैं। उन्होंने देश को स्थिरता और ताकत भी दी है।

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद बंकिंघम पैलेस के मुख्य द्वार पर शोक में पहने जाने वाली पोशाक पहनकर सेवक खड़ा रहेगा। वह दरवाजे पर एक नोटिस लगाएगा। निधन के बाद यूके की संसद, स्कॉटलैण्ड, वेल्स और नदर्न आयरलैण्ड की संसद को स्थगित रखा जाएगा।

क्वीन ऐलिज़ाबैथ द्वितीय के निधन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चीन के रईसों का पलायन

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। चीन के अरबपतियों ने देश को एक पावर हाउस बनाने में मदद की थी। अब ये लोग लो-प्रोफाइल हैं और चुपचाप देश छोड़कर जा रहे हैं। यह खबर न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी है।

- चीन जिन अरबपतियों की बदौलत आर्थिक महाशक्ति बन कर उभरा था, वे अब मजबूरन देश छोड़ रहे हैं, क्योंकि चर्चा है कि, चीन पुनः सरकार नियंत्रित ''सिस्टम'' की ओर लौट रहा है।

बाहर के देशों के लिए जो नवीनतम पलायन हुआ है, उसमें चीन के जाने-माने दो उद्यमियों पैन शियी और झैंग शिन हैं, उन्होंने अपने रीयल एस्टेट एम्पायर ''सोहो चाइना'' जो मुश्किलों से जूझ रहा है, से इस हफ्ते इस्तीफा दे दिया। पति-पत्नी की यह टीम वैश्विक महामारी के दौरान अमेरिका चली गई थी और उन्होंने दूरस्थ देश में रह कर ही अपने बिज़नैस का प्रबंधन करने की कोशिश की।

उनके त्यागपत्र निजी उद्यमियों की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी सत्यपाल मलिक पर इतने दयावान क्यों हैं?

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- मेघालय के राज्यपाल लगातार मोदी पर कटाक्ष करते रहे हैं और अब तो खिल्ली उड़ाते हुए मलिक ने कहा है कि, मोदी को हर दो-तीन दिन में एक शगूफा छोड़ने की आदत है, इसलिये राजपथ का नाम कर्त्तव्य पथ किया।
- मलिक ने यह भी कहा कि, अगर किसानों को एम.एस.पी. नहीं मिली तो, एक बार फिर किसान व सरकार आमने-सामने होंगे और मुझे भी राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर इस आंदोलन का नेतृत्व करना पड़ेगा।
- सामान्य तौर पर, मोदी की आलोचना करना खतरे से खाली नहीं माना जाता। पर, मलिक लगातार यह ''दुःसाहस'' कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।
- कई चर्चाएं हैं, ऐसा क्यों हो रहा है।

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राजपथ का नाम बदलकर कर्त्तव्य पथ करने के निर्णय का उपहास कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर शर्मिंदा कर दिया है। मलिक की टिप्पणियां इतनी आश्चर्य जनक नहीं हैं, जितनी कि इस सवाल को लेकर जिज्ञासा है आदतन आलोचना करने वाले के रूप में देखे जाने के बावजूद राज्यपाल मलिक, प्रधानमंत्री और सरकार की घुड़की से क्यों बचते आ रहे हैं।

पार्टी या शासन संरचना के भीतर प्रधानमंत्री की आलोचना होती है। बेहद दुर्लभ घटना क्रम है। मोदी सरकार द्वारा अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के विरूद्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों के दुरूपयोग किए जाने के आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को भी पार्टी या संघ परिवार के भीतर अपने असन्तुष्टों को नहीं बख्शने वाले और प्रतिशोधात्मक रूख रखने के लिए जाना जाता है। मलिक एक संवैधानिक पद पर और उन्हें पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति मुर्मू को मंत्रिमण्डल की सिफारिश की अनिवार्यता होगी। लेकिन मोदी सरकार मलिक को राजनीतिक गतिविधियों में रत रहने के कारण पद से हटाने से गुरेज कर रही है।''

मेघालय के राज्यपाल एक से अधिक बार प्रकट रूप से लक्ष्मण रेखा पार कर चुके हैं। राजपथ के नाम परिवर्तन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को दो या तीन दिन में कोईना कोई उद्घाटन करने की आदत पड़ गई है।'' राजपथ का नाम बदलने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि इस रोड का नाम ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों द्वारा नहीं रखा गया था, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पथ का नाम बदलकर कर्त्तव्य पथ रख दिया, जैसे कि उद्घाटन करने के अलावा उनके पास कोई काम ही ना हो।'' इससे पहले बुलंद शहर में बोलते हुए मेघालय के राज्यपाल ने कहा था कि यदि मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एम.एस.पी.) पर किसानों की मांग नहीं मानी गई तो सरकार और किसान संगठनों के बीच एक और बड़ा टकराव होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में वे राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर किसानों के संघर्ष में कूद पड़ेंगे। इससे पहले कई मौकों पर मलिक ने प्रधानमंत्री को घमड़ी बताया था। पिछले माह नूह के कीरा गांव में उन्होंने यहां तक आरोप लगाया था कि ''एम.एस.पी. इसलिए लागू नहीं की जा रही क्योंकि प्रधानमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बिलकीस बानो केस

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को गुजरात सरकार से कहा कि बिलकीस बानो केस से सम्बन्धित कार्यवाहियों का पूरा

- सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो केस की प्रक्रिया से संबंधित संपूर्ण रिकॉर्ड मंगवाया है, जिसमें बिलकीस का बलात्कार करने और परिजनों की हत्या करने वाले 11 अपराधियों को गुजरात सरकार द्वारा माफ करने की प्रक्रिया भी शामिल है।

रिकॉर्ड दो सप्ताह के अन्दर भेजा जाये। इस में इस केस के उन 11 अपराधियों को रिहा करने की माफी प्रक्रिया भी शामिल है, जो उम्र कैद काट रहे थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना भी पश्चिम बंगाल की राह पर!

## राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन व मु.मंत्री के बीच झगड़े चरम पर पहुंचे

**-लक्ष्मण वैंकट कुची -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- राज्यपाल ने प्रेस के सामने कहा, मु.मंत्री उनका अपमान व निरादर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।
- मु.मंत्री की ओर से उनकी पुत्री कविता, जो एम.एल.सी. भी हैं, तथा उनके मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, राज्यपाल पर केन्द्रीय सरकार का एजेन्ट होने का आरोप लगा रहे हैं तथा यह भी कह रहे हैं कि, राज्यपाल ने राजभवन को राजनीति का अड्डा बना दिया है तथा वे राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश रचती रहती हैं।

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। तेलंगाना का राज्यपाल कार्यालय राज्य सरकार के साथ चल रहे तनाव के कारण तेजी से चर्चा का केन्द्र बन गया है, ठीक वैसे ही, जैसे उपराष्ट्रपति बनने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच तनातनी चला करती थी।

मज़ेदार बात यह है कि तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपनी यह शिकायत सार्वजनिक भी कर दी है कि तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उनका एवं राज्यपाल कार्यालय का जानबूझकर अपमान कर रही है तथा ''एक भाजपा नेता के रूप में'' उनके काम किये जाने को लेकर, टी.आर.एस. के नेता उनकी तीखी आलोचना कर रहे हैं। इन दोनों संवैधानिक पदाधिकारियों के बीच का तनाव उस समय बढ़ना शुरू हुआ, जब राज्यपाल ने राज्य सरकार से कुछ फाइलें तथा खास जानकारियाँ मँगवाना और जन-सुनवाई के लिये जन-दरबार लगाना शुरु कर दिया। राज्य सरकार ने राज्यपाल के इस कदम को अपने-प्रशासन-कार्यों में ''हस्तक्षेप'' के रूप में लिया।

गुरुवार को राज्यपाल पद पर उनके तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाये गये समारोह में टी.आर.एस. सरकार द्वारा की गई उनकी अवमानना को राज्यपाल ने स्वयं ही सार्वजनिक कर दिया।

राज्यपाल सौंदरराजन ने मीडिया से शिकायत की कि जिस दिन से वे राज्यपाल बनी हैं, उसी दिन से वे अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक पूरा कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पूजा स्थल एक्ट

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन याचिकाओं का जवाब देने के लिये केन्द्र को दो सप्ताह का समय दे दिया, जिनमें 1991 में बने प्लेसेज ऑफ वर्शिय एक्ट को चुनौती दी गई है। अदालत ने जमीयत उलेमा-ए-हिन्द को भी इस केस में शामिल होने की अनुमति प्रदान

- सुप्रीम कोर्ट ने इस विधेयक पर जवाब देने के लिए केन्द्र सरकार को दो सप्ताह का समय दिया।

कर दी। इस अधिनियम को इसलिये चुनौती दी गई है क्योंकि इसमें किसी पूजा स्थल पर पुनः दावा प्रस्तुत करने या 15 अगस्त, 1947 वाली इसकी स्थिति में परिवर्तन करने के लिये, मुकदमा दायर करने का निषेध किया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ''क्वीन'' को ''हैड ऑफ द स्टेट'' कहलाने का पूरा हक था

## जब 1952 में वे सिंहासन पर बैठीं तब इंग्लैण्ड ''युवा'' था। विश्व युद्ध में जीत की खुमारी थी। औद्योगिक उत्पादन बढ़ना शुरू हो गया था, ब्रिटेन का राजनीतिक महत्व प्रभुत्व वाकई में आसमान छू रहा था

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- अब 72 साल बाद, ब्रिटेन का राजनीतिक महत्व सिकुड़ता जा रहा है, अनिश्चितता हवा में है।
- इस पूरी यात्रा के दौरान इंग्लैण्ड को नैराश्य से बचाकर रखने के लिये, बिना शालीनता खोये ब्रिटेन की मूल सभ्यता को नहीं डूबने देने के कारण, इंग्लैण्ड ''क्वीन'' का सदा आभारी रहेगा।
- ''क्वीन'' के ज़हन में, भारत विशेष महत्व रखता था और उससे भी सर्वोच्च था कलकत्ता। सन् 1950 के दशक में जब वे ब्रिटिश साम्राज्य की कॉलोनियों का दौरा करते हुए कलकत्ता पहुंची थीं, तो कलकत्ता वासियों ने भी खुले दिल से स्वागत किया था, आखिर ब्रिटिश साम्राज्य की पहली राजनीतिक राजधानी व ''कॉमर्शियल कैपिटल'' रहा था कलकत्ता।
- अंत तक, दार्जीलिंग की चाय की पहली खेप, नीलामी से भी पहले क्वीन को पेश होती थी। कलकत्ता रेस कोर्स क्लब, आज भी ब्रिटिश राज के वैभव व परम्परा को गले से लगाकर जी रहा है।

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। क्वीन ऐलिज़ाबेथ के बिना इंग्लैंड की कल्पना करना भी कठिन है। जहां तक याददाश्त जाती है ब्रिटेन में उनका राज रहा है, 72 वर्ष तक। यह समय वैसा ही है जब 1901 में क्वीन विक्टोरिया का निधन हुआ था।

उनके शासन की शुरुआत तब हुई थी जब इंग्लैंड एक बड़ी ताकत था। खासकर दूसरे विश्वयुद्ध की शानदार जीत के बाद। ये वो दिन थे जब एक निशिंचतता थी। ब्रिटेन की जनसंख्या युवा थी। इसका अनुमान उस दौर की तस्वीरों से लगाया जा सकता है जिनमें क्वीन को अपनी प्रजा से मिलते दिखाया गया है इनमें से अधिकांश बच्चे थे।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था रिकवरी मोड पर थी। रोजगार और लोगों की आय धीरे-धीरे बढ़ रहे थे। रोमांच का भाव था और भविष्य को लेकर उम्मीदें थीं।

पुराने साम्राज्य की तुलना में राजनीतिक अवधारणा विस्तृत हो चुकी थी और उपनिवेश स्वतंत्र हो रहे थे, लेकिन शाही एकजुटता का बचा-खुचा भाव अभी विद्यमान था। राष्ट्रमण्डल अपने भाव और क्रिया दोनों में सक्रिय था।

अपने राज्याभिषेक के कुछ समय बाद ही क्वीन ने भारत सहित पूर्व उपनिवेशों की शाही यात्रा की। इस संवाददाता को अपने बचपन की वह याद अब तक ताजा है, जब क्वीन की मोटरकारों का काफिला ग्रीन कलकत्ता मैदान में से होकर गुजरा था और लोग लाइन में खड़े होकर, हाथ हिलाते हुए उनका अभिवादन कर रहे थे।

पचास के दशक की शुरुआत में सर्दी के उस दिन उन्होंने वो किया जैसा करना उन्हें प्रायः पसंद होता था। घुड़ दौड़ करना। रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब, जिसे आर.सी.टी.सी. के रुप में अधिक जाना जाता है, तब अपनी समृद्धि के चरमोत्कर्ष पर था। कलकत्ता रेस कोर्स को एक ठेठ इंग्लिश बॉर्डर से चिन्हित किया गया, हरे रेस कोर्स और उसके आसपास की सड़कों के बीच एक नीची लकड़ी की नीची चारदीवारी को सफेद रंग से पोता गया।

आर.सी.टी.सी. एक ने ऑफ वाइट ग्रैण्ड स्टैण्ड बनाकर अपनी हैसियत अनुरूप कार्य किया। भारत में ब्रिटेन के सभी निवेशों का मुख्यालय होने के कारण बड़ी कम्पनियों के सी.ई.ओ. कलकत्ता में आयोजित क्वीन के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए जमा थे। उनकी रॉल्स रॉयस और बड़ी अमेरिकन शेवरले कारों की कतारें रेस कोर्स रोड के सहारे लगी हुई थीं। बहुत बाद, इन दिनों तक अन्य संबंध भी थे। प्रत्येक नए सीज़न में दार्जीलिंग की चाय की पहली खेप, महंगी कीमतों पर ऑक्शन करने से पहले ही क्वीन के पास भेजी जाती थी। पुराने लॉर्ड इंचकेप आसाम कम्पनी के मालिक थे और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नूपुर की गिरफ्तारी नहीं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों वाली एक बैंच ने एडवोकेट अबू सोहेल की ओर

- सुप्रीम कोर्ट ने हज़रत मोहम्मद पर की गई टिप्पणी के संदर्भ में नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग करने वाली याचिका ठुकरा दी व कहा कि इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

दायर की गई एक याचिका को शुक्रवार को खारिज करते हुए कहा कि वे उसे वापस ले लें। इस याचिका में टेलीविजन डिबेट में भाजपा प्रवक्ता नूपुर द्वारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# देश में संघर्ष जन्य प्रगति हेतु युवा क्रान्ति

हमारे देश भारत में अन्य देशों की तरह कई समस्याएँ हैं। कुछ भारत की अपनी हैं और कुछ सभी देशों में कमोबेश मौजूद हैं। उदाहरणार्थ विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के साथ कम क्षेत्रफल हमारी विशेष समस्या है। परंतु महँगाई, बेरोज़गारी व भ्रष्टाचार सारे विश्व की समस्याएँ हैं। इसी तरह आतंकवाद से भी सारा विश्व पीड़ित है। एक बहुत बड़ी बुराई जो कुछ देशों की स्थायी प्रवृत्ति है और वह है विस्तारवाद एवं साम्राज्यवाद की। जबकि भारत इस बुराई से बिल्कुल अछूता है। गुलामी के समय में तो हमारा शोषण हुआ ही परंतु स्वतंत्रता के बाद भी हमारे नेता व अधिकारी हमारा शोषण करते रहे हैं और यही कारण है कि भारत उतना विकास नहीं कर सका जितना वह कर सकता था। इसमें सबसे अधिक समस्याएँ परिवारवाद व अल्प संख्यक एवं कई अन्य वर्गों के प्रति अधिकाधिक तुष्टीकरण की नीति के कारण हैं। इन दोनों नीतियों ने आज देश में सत्ता लिप्सा एवं इस हेतु 'बाँटो और राज करो' की प्रवृत्ति को बढ़ाया है।

इन सब समस्याओं के बावजूद हाल ही के वर्षों में भारत ने एक सशक्त, समर्थ व सबल राष्ट्र की छवि प्राप्त की है। इसके पीछे कई अनेक कारणों के साथ कुछ महापुरुषों के त्याग व बलिदान उत्तरदायी हैं। नेताजी सुभाष बोस, शहीदे आज़म भगत सिंह, बाल गंगाधर तिलक, मालवीयजी, खुदीराम, बिस्मिल आदि हमारे अमूल्य रत्न हैं। सरदार पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, नरसिंहराव, अटल विहारी वाजपेयी, नरेन्द्र मोदी आदि हमारे आदर्श नेता हैं। इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि अन्य कई व्यक्तियों का योगदान नहीं है, परंतु उन्होंने अपनी कुछ दुर्बलताओं के कारण कुछ स्थायी समस्याओं को भी जन्म दिया।

इस आलेख में कुछ महापुरुषों की सदप्रेरणा से युवक-युवतियों में संघर्ष करने व आगे बढ़ने की चेष्टा जाग्रत हुई। आज एक नहीं अनेक उदाहरण हैं जिनमें शून्य से शिखर तक पहुँचने के प्रमाण हैं। दलित, शोषित, वंचित भी जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। निम्न मध्यम वर्ग के लाखों सदस्य उच्च मध्यम वर्ग में पहुँचे हैं।

जहाँ सरकारों से अपेक्षाएँ बढ़ीं हैं, यह कहना अनुचित होगा कि सरकारों ने उनकी पूर्ति का प्रयास नहीं किया है। कोरोना की महामारी के लम्बे समय में 80 करोड़ आबादी को मुफ्त भोजन जुटाया गया है। कोरोना से लड़ने हेतु टीका आविष्कृत किया, कोरोना का टीकाकरण किया। पूर्व के मुकाबले भारत की सैन्य शक्ति कई गुना बढ़ी है। आज भारत माँगने वाला नहीं, देने वाला राष्ट्र बन गया है। औषधियाँ, अन्न, सैन्य सामान निर्यात करने लगा है।

राजनेताओं एवं अधिकारियों तथा अधिकांश जनता के स्वार्थ के उपरान्त भी युवा वर्ग में एक प्यास जगी है, आगे बढ़ने की। सबसे अधिक चेतना शिक्षा के प्रति आई है। जन सामान्य में यह विचार घर करता गया कि शिक्षा ही उनके जीवन को बदल सकती है। इसके लाखों नमूने मिल जायेंगे। मुम्बई एक टेक्सी में यात्रा कर रहा था, टेक्सी ड्राइवर उत्तरी भारत से था। पता चला कि उसके दो पुत्र हैं, एक एम.बी.ए. कर बैंक में है व दूसरा इंजीनियरिंग में पढ़ रहा है। इसी प्रकार एक दूसरे ड्राइवर की पुत्री भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही बताई गई। एक दिन एक ऑटो में सफर करते हुए उससे पता लगा कि वह मेकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। पड़ौस में एक लड़की कई घरों में झाड़ू-पोंछा लगाने, बर्तन माँजने का कार्य करती है। पता लगा कि वह इतिहास तथा राजनीति विज्ञान में दोहरा अधिस्नातक है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है, एक दिन वह उच्च अधिकारी अवश्य बनेगी। और भी तारीफ की बात यह है कि वह अनुसूचित जनजाति की गमेती (भील) कन्या है। और हाँ स्वभाव और व्यवहार भी देखिये। एक दिन स्कूटर इधर-उधर खिसकाते हुए घर में गिर पड़ा। वह साइकल पर जा रही थी। मुझे देखा, साइकल रखी और दौड़ कर मुझे उठाया। शाबाश बेटा, धन्य है तुम्हारी जैसी अनेक लड़कियाँ हमारे देश का गौरव बढ़ा रही हैं। वाह रे देश, क्या इन्हीं में से एक हमारी महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू नेता व राष्ट्रपति नहीं हैं। महाभारत काल की द्रोपदी (पाँचाली) अग्निकुंड से प्रकट हुई थी। वह भी अग्नि में तप कर कुंदन बनकर निकली थी। उसी के सतीत्व से, उसकी प्रेरणा से, उसी के संकल्प से पाण्डवों को महाभारत में कौरवों पर विजय मिली। उसी के सतीत्व व नारीत्व के मान-सम्मान की रक्षा हेतु कृष्ण ने पाण्डवों का साथ दिया। यही नहीं गीता का महान उपदेश देकर अर्जुन को कायरता के पाप से बचाया। हमारी राष्ट्रपति द्रोपदी भी करोड़ों-करोड़ों भारतीय नारियों का आदर्श हैं, उनकी प्रेरणा हैं। एक अत्यंत निर्धन परिवार की आदिवासी ग्राम बाला ने इतिहास के नये पृष्ठ लिख दिये हैं। क्या वह भी निर्धनता, पति एवं पुत्र विछोह एवं वियोग की अग्नि में नहीं तपी। वह मुंह में चांदी का चम्मच लिये नहीं जनमी थी और वे पेराशूट से उतर कर नेता ही नहीं राष्ट्रपति बन गईं। वह घोर संघर्ष करके पढ़ीं, छोटी-छोटी नौकरियाँ कीं, पार्षद, विधायक, मंत्री तथा राज्यपाल की सीढ़ियाँ चढ़ कर आज राष्ट्रपति हैं। महामहिम द्रोपदी, तुम्हे कोटि कोटि प्रणाम, तुम भारत की ही नहीं सारे विश्व की करोड़ों नारियों की प्रेरणा हो, एक नये युग की, एक नई युवा क्रांति की पढ़ीं सूत्रधार हो, अब करोड़ों नारियाँ महामहिम के पद तक पहुँचने का प्रयास करेंगी।

**पूर्व अमर महामहिम राष्ट्रपति कलाम, वर्तमान राष्ट्रपति आदिवासी महामहिम द्रोपदी मुर्मू व एक चाय बेचने वाले से प्रधानमंत्री पद तक पहुँचे ये महापुरुष एक नवयुग के सूचक हैं। ये प्रतीक हैं हिंद महासागर की उत्ताल लहरों के, ये प्रतीक हैं हमारी गगनचुम्बी हिमालय की चोटियों के जो यह जय घोष कर रही हैं कि भारत का युवा जाग चुका है, वह आगे ही आगे बढ़ेगा, तिरंगा लेकर, अब वह भारत के भाल को झुकने नहीं देगा।**

एक युग प्रवर्तक, एक युगांतर कारी, एक नये युग के सूत्रधार का नाम इतिहास में और चमकता है और वह है पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का। अरे याद करो इस अखबार बेचकर पढ़ने वाले महापुरुष को जो मंदिरों व मस्जिदों की कृपा से तन, मन, धन से समर्थ हुआ। कृतज्ञ राष्ट्र को शक्तिशाली आग्नेयास्त्र देकर अमर हुआ। भारत का महामहिम राष्ट्रपति बना। अनेक राजसी प्रयासों को अनेक गुलामी के समय की रूढ़ियों को तोड़ा। देश प्रेम का अनुसरणीय उदाहरण राष्ट्रप्रेम का अमर संदेश देकर गया। सत्यमेव जयते का घोष कर कहा कि मुस्लिम मूलतः आतंकी नहीं, वह मदरसों में आतंकी बनाया जाता है।

आज लाखों-करोड़ों युवा-युवती एक नवीन भारत, एक सशक्त, समर्थ, संपन्न भारत के निर्माण में अपने नये विचारों, नये संकल्पों व नवीन उपक्रमों के सफल प्रयोग कर रहे हैं। पूर्व अमर महामहिम राष्ट्रपति कलाम, वर्तमान राष्ट्रपति आदिवासी महामहिम द्रोपदी मुर्मू व एक चाय बेचने वाले से प्रधानमंत्री पद तक पहुँचे ये महापुरुष एक नवयुग के सूचक हैं। ये प्रतीक हैं हिंद महासागर की उत्ताल लहरों के, ये प्रतीक हैं हमारी गगनचुम्बी हिमालय की चोटियों के जो यह जय घोष कर रही हैं कि भारत का युवा जाग चुका है, वह आगे ही आगे बढ़ेगा, तिरंगा लेकर, अब वह भारत के भाल को झुकने नहीं देगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

## राशिफल शनिवार 10 सितम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, शनिवार, विक्रम संवत 2079, शतभिषा नक्षत्र प्रातः 7:37 तक, धृति योग दिन 7:54 तक, ठ्वव करण दिन 3:29 तक, चन्द्रमा रात्रि 3:53 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज बुध वक्री प्रातः 9:10 पर होगा। आज सत्यव्रत है और भ्रक व्रत सप्ताह और गोत्रि रात्रि व्रत समाप्त होगा और सप्तमह का चातुर्मास पूर्ण होगा। आज पंचक है। आज पूर्णिमा और षौडषदी का श्राद्ध है। आज से पितृपक्ष और मोक्षवय श्राद्ध आरम्भ होंगे। आज पूर्णिमा का श्राद्ध दिन 1:38 से 3:29 तक और प्रतिपदा का श्राद्ध दिन 3:30 से 4:05 के मध्य में समाप्त होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:46 से 9:19 तक, चर 12:24 से 1:56 तक, लाभ-अमृत 1:56 से 5:02 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:34

### मेष
अपने आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि हो सकती है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन प्राप्त होगा।

### मिथुन
धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी और मन में असंतोष बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### सिंह
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या
आर्थिक मामलों से संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धन प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### मकर
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### मीन
व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# क्षमा दिवस-विश्व शांति का एक मात्र अहिंसात्मक अस्त्र

**जैन** धर्म एक अनादि – अनंत – शाश्वत धर्म है। सभी धर्मों का चरम उद्देश्य स्व कल्याण, मानव कल्याण के साथ जीव मात्र का कल्याण है। जैन धर्म में अहिंसा, अनेकान्तवाद, अपरिग्रह एवं क्षमा अपनाने पर जोर दिया गया है।

जैन धर्मावलंबियों द्वारा भाद्र पद माह में पर्यूषण पर्व – दशलक्षण धर्म – उत्तम क्षमा , उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तमतप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन एवं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म बड़ी श्रृद्धा एवं भक्ति पूर्वक मनाये जाते हैं।

जैन दर्शन में पर्यूषण या दशलक्षण पर्व के दिनों में आध्यात्मिक तत्वों की हम आराधना करके अपना और अपने जीवन मूल्यों का स्पर्श करते हैं। इसकी समाप्ति के ठीक एक दिन बाद अश्विन कृष्णा एकम के दिन बड़े स्तर पर विशेष पर्व मनाया जाता है और वह है क्षमावाणी पर्व। इस महा पर्व के समापन दिवस को "क्षमा दिवस" के रुप में मनाया जाता है। इस दिन संपूर्ण प्राणी जगत को सुख शांति का संदेश देते हैं। जानने और समझने की बात है, इस दिन सभी लोग बिना हिचकिचाहट एक दूसरे से अपनी जानी अनजानी गलतियों के लिए क्षमा मांगते हैं। सचमुच में एक आत्मिक सुधार का अलौकिक त्यौहार है "क्षमा दिवस", जिसमें मन, वचन और कर्म के संगम से क्षमा मांगी जाती है। इस तरह दशलक्षण धर्म उत्तमक्षमा धर्म से आरंभ होकर क्षमावाणी पर्व मनाने के साथ समापन होता है। मात्र क्षमा भाव होने से सभी दशलक्षण धर्म स्वतः विकसित होने लगते है ।

दुनिया में यह अपने तरह का अलग पर्व है, जिसमें क्षमा मांगी जाती और क्षमा की जाती है। इस दिन प्रत्येक जीव से अपने जाने या अनजाने में किए गए अपराधों के प्रति क्षमायाचना की जाती



भागचंद जैन मित्रपुरा

है। बधाइयों के पर्व बहुत होते हैं, जिनमें शुभकामनाएं दी जाती हैं, लेकिन जीवन में एक ऐसा दिन भी आना चाहिए, जब हम अपनी आत्मा के बोझ को कुछ हल्का कर सकें। अपनी भूलों का प्रायश्चित करना तथा यह प्रतिज्ञा करना कि दूसरी भूल नहीं करेंगे, यह हमारे आत्मविकास में सहयोगी होता है।

क्रोधादि कशाघातों से मानव क्रूर – कर्कश दानव तक बन जाता है, क्षमा व्रत का पालन करने से मानव देवता बन जाता है।

शूरवीर की शक्ति का मापदंड ही क्षमा होता है ।

क्षमा शस्त्रम करिष्यती दुर्जनः ।
अत्रणे पतितो वहीः स्वय मेव प्रशाम्यति ।

जिसके पास क्षमा का सामर्थ्य तथा बल है, उसका दुष्ट, दुर्जन कुछ भी नही बिगाड सकते । तृण रहित स्थान पर गिरी हुई अग्नि स्वतः ही बुझ जाती है ।

संसार में सुख और शांति का मूल क्षमा है । हम अपने जीवन में कितने ही बुरे कर्म जान-बूझकर करते हैं और कितने ही हमसे अनजाने में हो जाते हैं। हमारे कृत्यों की वजह से दूसरों का मन आहत हो जाता है। क्षमावाणी पर्व हमे वर्ष में कम से कम एक बार इस पर विचार करने का अवसर देता है कि हमने कितनों को आहत किया है, ठेस पहुंचाई है । चली आ रही दुश्मनी, बैर-भाव की गांठ को बांधकर आखिर हम कहां जाएंगे? जब हम किसी से क्षमा मांगते हैं तो दरअसल अपने ऊपर ही उपकार करते हैं।

अच्छाई की ओर प्रवृत्त होने की भावना जब हर मानव के चित्त में समा जाएगी, तब मानव जीवन की तस्वीर ही कुछ और होगी। क्षमा वीरों का आभूषण है, कायरों का नहीं। कायर तो प्रतिकार करता है। प्रतिकार करना आम बात है, लेकिन क्षमा करना सबसे हिम्मत वाली बात है।

क्रोध एक दुर्बलता है। मानव-जीवन में वह सहज है, किन्तु तभी तो उसे विजित करने की आवश्यकता है – मानव-जीवन का लक्ष्य ही है- कमजोरी, दुर्बलता को विजित करना तथा मानसिक तथा आत्मिक शक्तियों का विकास करना ।

क्षमा भाव अंतस का भाव है। जो अंतस की शुद्धि के आकांक्षी हैं, वे सभी इस पर्व को मना सकते हैं। इस शाश्वत आत्मिक पर्व को जैन परंपरा ने जीवित रखा हुआ है। क्षमा तो हमारे देश की संस्कृति का पारंपरिक गुण हैं। यहां तो दुश्मनों तक को क्षमा कर दिया जाता है। हमारी संस्कृति कहती है –मित्ती में सव्व भूयेसु, वैर मज्झंण केणवि। प्राकृत भाषा की इस सूक्ति का अर्थ है सभी जीवों में मैत्री-भाव रहे, कोई किसी से बैर-भाव न रखे। जैन संस्कृति ने इस सूक्ति को हमेशा दोहराया है।भगवान महावीर ने कहा है कि "कोहो पिईयपणा सई" क्रोध प्रीति का नाश करता है। क्रोध पर विजय पाने के लिए एक मात्र उपाय 'क्षमा' है। क्षमा से ही जीव को मानसिक शान्ति मिलती है। क्षमापना से वैमनस्य दूर हो जाता है, मन हल्का हो जाता है।

गलतियों पर सजा देने का हक न

- **क्षमावाणी पर्व को वैश्विक स्तर पर विश्व क्षमा दिवस के रूप में मनाने की आवश्यकता**
- **जैन दर्शन में पर्यूषण पर्व के समाप्ति के ठीक एक दिन बाद अश्विन कृष्णा एकम के दिन बड़े स्तर पर विशेष पर्व मनाया जाता है और वह है क्षमावाणी पर्व**

स्वयं को है न दूसरो को। क्षमाभाव से दोहरा लाभ मिलता है सामने वाले को आत्मग्लानी से मुक्ति दिलों की दूरियां दूर कर सहज वातावरण का निर्माण होता है।

दुर्बल व्यक्ति ही अधिक क्रोध करता है। क्योंकि क्रोध के अतिरिक्त वह और कुछ कर ही नहीं सकता शक्तिशाली व्यक्ति का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है, अतः निरर्थक क्रोध की उसे आवश्यकता नहीं होती । या तो वह पूर्ण प्रतिकार करता है, अथवा यदि वह अधिक विचारवान है तो वह क्षमा करता है । अतः यह कहा जा सकता है कि क्रोध करना कायरों का कार्य है, वीरों का धर्म तो क्षमा करना ही है ।

अहम, बदले की भावना, क्रोध, एक दूसरे से आगे बढ़ने की इच्छा, ईर्ष्या भाव, गलती न मानना, सहनशीलता का अभाव, अविवेकपूर्ण निर्णय, भेदभाव पूर्ण व्यवहार आदि दुर्गुण केवल मात्र क्षमा अपनाने से दूर हो सकते हैं।

व्यक्तिगत तौर पर मन-मलीनता, कटुता में कमी, यथानुरूप रक्त संचार, तनाव से मुक्ति, बदले की भावना नष्ट होना, सकारात्मक सोच, सद्भाव, खुशहाली में बढ़ोतरी होती ।

परिवार में क्षमा भावना से परिवार में आपसी समन्वय, सद्भावना और एकता बनी रहती है । समाज में भाईचारा बना रहता है, विकास की संभावनाएं बनती है। एक दूसरे के प्रतिद्वंदी के बजाय पूरक बनकर सहभागिता जन्म लेती है । देश में एकता की भावना जागृत होती है, टैक्स की राशि पुलिस, न्यायालय आदि व्यवस्था में कम खर्च होती है, जो देश के विकास को गति प्रदान में सहायक होती है। वैश्विक स्तर पर सीमा पर मनमुटाव, लड़ाई, की संभावना समाप्त होकर आपसी समन्वय एवं सद्भाव से पूरे विश्व में शांति स्थापित हो सकती है ।

यद्यपि क्षमावाणी पर्व जैन धर्मावलंबियों द्वारा मनाया जाता है, तथापि जैन धर्म के सिद्धांतो की अनुपालना करने वाला कोई भी जैन बन सकता है और क्षमावाणी पर्व मना सकता है । क्षमा पर्व मनाना केवल जैनियों का ही अधिकार नहीं है । क्षमा एक ऐसा आत्मशोधक गुण है, जिसकी सभी को आवश्यकता है क्योंकि इंसान को गलतियों का पुतला कहा जाता है । गलती मानना एवं उसमे सुधार करने का सभी को अधिकार होना चाहिए। अंतस के मूलगुण किसी धर्म-संप्रदाय से बंधे नहीं होते, इसीलिए क्षमापर्व सर्वधर्म समन्वय का भी आधार है।

**भागचंद जैन मित्रपुरा,**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय**
**जैन बैंकर्स फ़ोरम, जयपुर।**

# शहरी रोजगार गारंटी योजना के शुभारम्भ समारोह में नहीं पहुंचे श्रमिक

**मालपुरा,** (निसं)। मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुरूप शुरू की गई इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुक्रवार को पालिका प्रशासन की ओर से घाटी रोड पर आंशिक रूप से उद्घाटन समारोह आयोजित कर योजना के शुभारम्भ की औपचारिकता पूरी की गई।

- **ईओ ने जुटाई सफाई कर्मचारियों की भीड़, एसडीएम ने उद्घाटन समारोह की पूरी की औपचारिकता**
- **प्रचार-प्रसार के अभाव में जरूरतमंद बेरोजगार श्रमिक बेखबर रहे**

समारोह स्थल पर पालिका प्रशासन द्वारा सौ व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था तो की गई लेकिन समारोह के निर्धारित समय 10 बजे का रखे जाने के बावजूद दोपहर 12 बजे तक भी समारोह स्थल वीरान रहा। प्रचार-प्रसार व सूचनाओं के अभाव में शहर के जरूरतमंद बेरोजगार श्रमिक एवं ऑनलाइन पंजीकृत श्रमिक शुक्रवार को आयोजित समारोह से बेखबर रहे।



मालपुरा में शहरी रोजगार गारंटी योजना के शुभारम्भ समारोह में खाली रहा पाण्डाल।

दोपहर बाद कार्यवाहक ईओ देशराज मीणा व कार्मिकों ने संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को समारोह स्थल पर बुला भीड़ जुटाने का प्रयास किया वो भी नाकाफि रहा। दोपहर बाद एसडीएम आरके वर्मा, तहसीलदार सहदेश मंडा, प्रधान सकराम चौपडा, सीआर गोपाल गुर्जर, उपाध्यक्ष पवन मैन्दवास्या, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन आरडी मीणा ने समारोह स्थल पहुंच उद्घाटन व योजना शुभारम्भ कर औपचारिकता पूर्ण की।

शहरी रोजगार गारंटी योजना की हुई घोषणा पर 950 से अधिक शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले जरूरतमंद एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों ने रोजगार के लिए अपना आवेदन किया था। योजना के शुभारम्भ पर पहले चरण में सौ श्रमिकों को जॉबकार्ड वितरण व रोजगार दिया जाना था लेकिन पालिका प्रशासन की उदासीनता एवं पालिका में चल रहे अध्यक्ष व ईओ बदलने के घटनाक्रम के चलते समारोह स्थल पर ना तो पंजीकृत श्रमिक पहुंच पाये और ना ही पार्षद। 35 पार्षदों व 50 हजार की आबादी वाली नगरपालिका शहरी क्षेत्र से सरकार की फलैगशिप योजना के शुभारम्भ समारोह में महज 9 पार्षद व 22 पंजीकृत श्रमिकों सहित दो दर्जन लोगों की मुट्ठीभर भीड की उपस्थिति रहने के चलते औपचारिकताए पूरी की गई।

जानकारी अनुसार बीते दो माह में पालिका प्रशासन ने उक्त योजना के प्रचार-प्रसार पर लाखों रूपये की प्रचार-सामग्री चस्पा करने व वितरण करवाने के नाम पर सरकारी कोष से खर्चा दिखा भुगतान किया गया लेकिन शहर में किसी भी कोने में उक्त योजना को लेकर कही भी प्रचार-सामग्री नजर नहीं आ रही। जो कि सरकारी खजाने की खुली लूट को दर्शाता है। पालिका कार्यालय से मिली जानकारी में सामने आया कि 24 अगस्त को न्यायालय द्वारा पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी के निलम्बन आदेशों को निरस्त कर उन्हें बहाल कर दिया गया। लेकिन 15 दिन बाद भी स्वायत शासन विभाग द्वारा भाजपा की सोनिया सोनी को विभागीय आदेश जारी नहीं किये गये तो कार्यवाहक ईओ देशराज मीणा ने भी निदेशालय से मार्गदर्शन चाहे जाने का पत्र प्रेषित कर सोनिया सोनी को रिकॉर्ड में कार्यभार नहीं दिये जाने के चलते नियमों व कानून की पेचीदगियों के चलते सोनिया सोनी व पार्षद समारोह से दूर रहे।

## कोटड़ा महोत्सव 27 को

**उदयपुर,** (निसं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने नवाचार करते हुए आगामी 27 सितंबर को कोटड़ा महोत्सव 2022 मनाने की घोषणा की है।

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने शुक्रवार को इस महोत्सव की आवश्यक तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली एवं समय पर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा कि उनका मकसद है

- **उदयपुर कलेक्टर ने तैयारियां करने के दिए निर्देश**

उदयपुर आने वाले पर्यटक ग्रामीण क्षेत्रों में भी जाएं एवं यहां की संस्कृति के दर्शन कर सकें।

जिला कलेक्टर ने महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की लोक संस्कृति, लोक कला, लोक उत्पाद, वाद्य यंत्र, आभूषण आदि के वैशिष्ट्य का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महोत्सव के दौरान आकर्षक परंपरागत खेल गतिविधियां जैसे रस्साकशी, साफा या पगडी बांधो प्रतियोगिता, तीरंदाजी, सतोलिया, गुल्ली डंडा जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे जिनसे स्पॉन्सर करने की अपील की। बैठक जिला कलेक्टर ने सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु फोल्डर्स को महोत्सव में रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर कोटड़ा महोत्सव की व्यापक तैयारी की समीक्षा के लिए पुनः एक बैठक रविवार को 12.30 बजे कोटड़ा में लेंगे।

# संत-महात्माओं की सुरक्षा एवं वैभव

संत-महात्मा एक लम्बे समय तक तप और तपस्या के बल पर जो अलौकिक ज्ञान प्राप्त करते हैं फिर उसी ज्ञान रूपी महाप्रसाद को अपने गृहस्थ एवं सांसारिक मजबूरियों में व्यस्त भक्तों को वितरित करने के पुनीत कार्य में जीवन समर्पित कर देते हैं। ऐसे पवित्र और मंगलमय कार्य करने वाले संतों के हजारों-लाखों शुभचिन्तक एवं अनुयायी होते हैं। सौभाग्य से आज भी हमारे सांस्कृतिक मृल्यों में इतनी गिरावट नहीं आयी है कि कोई संतों के प्रति दुर्भावना रखे। जो सज्जन संतों के विचारों से सहमत नहीं है।

ऐसे संत महात्माओं को भारतीय समाज में किसी भी प्रकार का खतरा होने का कोई सवाल ही नहीं है। राज्य सरकार द्वारा उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा प्रदान कर के सुरक्षा के लिए 15-20 पुलिस वालों की टीम लगाने का कोई औचित्य समझ में नहीं आता है। मेरे जैसे सामान्य व्यक्ति का स्टेट्स तो निःसंदेह पुलिस की घेराबन्दी से बढ़ सकता है। वैसे भी हमारे देश में राजनीतिज्ञ, नौकरशाह एवं न्यायाधिपति जनता में अपना रूतबा दिखाने के लिए पुलिस घेराबन्दी की सजावट को पसन्द करते है। परन्तु संतो की समाज में जो छवि है, आदर भाव है, पुलिस की यह घेराबन्दी श्रद्धालुओं के मन में उस आदर भाव को कम करती है। राजस्थान जैसे शान्त प्रदेश के राष्ट्रीज राज मार्ग जैसी चहल-पहल वाली जगह पर यदि संतों को सुरक्षा प्रदान करना पड़े तो फिर आम नागरिक दूर-दराज के गांव-खलिहान या जंगल में किस सुरक्षा व्यवस्था के भरोसे जी रहा है ?

ऐसे निर्णय सुरक्षा के लिए नहीं, वोटों की राजनीति के आधार पर लिए जाते हैं। जिससे आदरणीय गुरूवर के हजारों-लाखों अनुयायियों को यह संदेश देना है कि सरकार आपके गुरूजी के प्रति कितनी संवेदनशील और चिन्तित हैं। राजनीतिज्ञ अपनी जगह ठीक है। गुरूवर के भक्तों का सोच भी अपनी जगह उचित लगता है। इससे उनके आचार्य का समाज में सम्मान व स्टेट्स बढ़ जाता है। व्यवहार में यह सुरक्षा का आवरण नहीं है अपितु छद्म आडम्बरों का अम्ब्रेला है।

सोच और चिन्तन का मूल दायित्व तो स्वयं संत महात्माओं का है। क्या सुरक्षा का यह नाटक उनके ज्ञान और वैराग्य के सामने बहुत तुच्छ नहीं है ? क्या इसी सुरक्षा व्यवस्था को प्राप्त करने के लिए यह वैराग्य प्राप्त किया? नहीं, तो फिर छोड़िये इस आडम्बर को। आपके और श्रद्धालुओं के मध्य दीवार मत खड़ी



डॉ. कैलाश सोडाणी

करिये। ज्ञान और आध्यात्म की प्राप्ति के लिए संत-मुनीगण दूर-दराज के जंगलों एवं कन्दराओं में तप और साधना में जीवन पर्यन्त व्यस्त रहते आये हैं। हजारों वर्षों से देश में संतों के प्रति जो वन्दनीय भाव है, उसे अक्षुण बनाये रखने के लिए सुरक्षा के इस मायाजाल को छोड़ना होगा। अपने शिष्यों व श्रद्धालुओं के मध्य रहिये, बडा आनन्द आयेगा-आपको, भक्तों को एवं समाज को।

ऐसा ही एक दृश्य उदयपुर के नजदीक एक बड़े विद्वान संत के रामायण पाठ में दिखाई दिया, जहां गुरूवर के

- **अभी हाल ही में अखबारों में जो समाचार और फोटो देखने को मिले, उससे मन को कष्ट हुआ।**

प्रत्यक्ष दर्शन के लिए पाण्डाल में प्रवेश हेतु आपका वी.वी.आई.पी. होना आवश्यक था। वी.वी.आई.पी. होना कोई गलत नहीं है। एक लम्बें संघर्ष एवं मेहनत का प्रसाद है। परन्तु ऐसे महान संत और आम श्रद्धालु के मध्य बढ़ती यह दूरी उचित नहीं है। आम भक्त की अपने आदरणीय संत तक पहुंच बहुत ही सहज होनी चाहिये। उनकी ईश्वरीय एवं ओजस्वी वाणी को सुनने का सभी को समान अवसर मिलना चाहिये। संतों का स्थायी आवास कुटिया हैं। वैभवशाली अट्टालिकाएं नहीं। इसलिए संतों के आवास व भोजन व्यवस्था का स्वर्णिम अवसर गरीब श्रद्धालुओं को भी मिलना चाहिये। संतों के लिए सभी भक्तगण समान हैं, कोई बड़ा-छोटा नहीं है। परन्तु व्यवहार में यह अन्तर बढ़ता जा रहा है। इसलिए कभी-कभी गरीबों की बस्ती में भी संत-महात्माओं को अपने प्रवचन व सत्संग का आयोजन रखना चाहिये।

21वीं शताब्दी में चारों ओर धन कमाने की होड़ लगी हुई है। धन के लालच में हम सभी आध्यात्म को भूलते जा रहे हैं। जीवन में धन और आध्यात्म दोनों का महत्व है। इसमें बैलेंस बनाये रखने की जिम्मेदारी संतों की है। संतों के सानिध्य में ही व्यक्ति परम शान्ति के नजदीक पहुंचता है। चिन्ता का विषय यह है कि इन तथाकथित आडम्बरों के मायाजाल में तो संत स्वयं कहीं आध्यात्म से दूर नहीं चले जायेंगे? ऐसे तो धीरे-धीरे समाज की स्थापित व्यवस्था बिगड जायेगी। भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों में गिरावट आ सकती है। संतों द्वारा कठोर तप और तपस्या से प्राप्त इस अलौकिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान के प्रसाद को भक्तगणों में बांटने के लिए फिल्मों के जैसे प्रचार-प्रसार एवं वैभव की नहीं, एक शान्त, गम्भीर एवं गरिमामय माहौल की जरूरत है। जिसे बनाने की जिम्मेदारी भी संत-महात्माओं की ही है।

**–डॉ. कैलाश सोडाणी,**
**पूर्व कुलपति**
**महर्षि दयानन्द सरस्वती विवि, अजमेर, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाडा**

# प्रदेश में पिछले तीन दिन से नए करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि

## राज्य में शुक्रवार को 254 नए संक्रमित मिले, इससे पहले गुरूवार को 251 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में पिछले तीन दिन से नए करोना संक्रमितों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। शुक्रवार को भी राज्य में थोड़ी बढ़ोत्तरी होने के बाद 254 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 259 मरीज ठीक भी हुए हैं। राज्य में रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 17 सौ रह गए हैं।

- **राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 91 नए मरीज मिले हैं।**
- **`प्रदेश में रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 17 सौ रह गए हैं।**

प्रदेश में शुक्रवार को 26 जिलों में 254 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 251 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान जिले में सर्वाधिक 91 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 18, अलवर में 17, प्रतापगढ़ में 16, पाली व सीकर में 14-14, चित्तौड़गढ़ में 10, कोटा व नागौर में 9-9, बीकानेर व दौसा में 8-8, भीलवाड़ा व जैसलमेर में 6-6, उदयपुर में 4, बाड़मेर, भरतपुर, डूंगरपुर व सिरोही में 3-3, झुंझुनूं, धौलपुर, बारां व अजमेर में 2-2 तथा बांसवाड़ा, बूंदी, झालावाड़ और सवाई माधोपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 259 मरीज ठीक हुए हैं। लगातार नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 1700 रह गए हैं। जयपुर में आज रिकवरी कम होने से एक्टिव मामले बढ़कर 447 हो गए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 162 और अलवर में 138 मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में शुक्रवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9628 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को 34 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 14 मरीज मानसरोवर में पाए गए हैं। इसके अलावा जगतपुरा में 9, मालवीय नगर में 7, आमेर व सांगानेर में 5-5, दुर्गापुरा व गोविंदगढ़ में 4-4, सी-स्कीम, चाकसू व शास्त्री नगर में 3-3, बरकत नगर, हरमाड़ा, हसनपुरा, जामडोली, महेश नगर, टोंक फाटक व सोड़ाला में 2-2 तथा आदर्श नगर, अजमेरी गेट, बस्सी, ब्रह्मपुरी, चांदपोल, दूदू, गलता गेट, गांधी नगर, गोपालपुरा, गोविंदनगर, गुर्जर की थड़ी, झालाना, लालकोठी, मुरलीपुरा, निर्माण नगर और सीकर रोड इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 4 संक्रमितों का पता गलत मिला है। जिले में आज 57 मरीज ठीक हुए हैं।

## राजस्थान में निवेश प्रस्तावों पर चर्चा की

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान एंटरप्राइजेज सिंगल विंडो इनेबलिंग एंड क्लीयरेंस एक्ट, 2011 एवं राजस्थान इनवेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम-2019 के तहत कस्टमाईज्ड पैकेज देने पर विचार करने के लिए स्टेट एम्पावर्ड कमिटी (एसईसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की। इससे राज्य में 4,615 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा।

एसईसी की इस 39वीं बैठक की अध्यक्षता उषा शर्मा, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार द्वारा की गई। इसके तहत आने वाले प्रोजेक्टस ईवी, टैक्सटाईल और सीमेंट सहित विभिन्न सेक्टर से हैं। स्टेट एम्पावर्ड कमिटी द्वारा अनुशंसित प्रोजेक्ट्स को अंतिम अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता वाले बोर्ड आफ इन्वेस्टमेंट के समक्ष पेश किया जाएगा।

# सिंघवी को विदेश जाने की अनुमति नहीं मिली

**जयपुर, (का.सं.)।** ईडी मामलों की विशेष अदालत ने खान आवंटन घूस कांड के आरोपी पूर्व आईएएस अशोक सिंघवी को विदेश जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि विदेश जाना किसी भी व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है, लेकिन इस अधिकार का प्रयोग विधि द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार ही किया जा सकता है। विदेश जाने की अनुमति मांगने के लिए आरोपी को अदालत के समक्ष उचित कारण बताना जरूरी है। आरोपी की विदेश जाने की इच्छा मात्र के आधार पर उसे अनुमति नहीं दी जा सकती है।

- **ईडी मामलों की विशेष अदालत ने कहा कि विदेश जाना मूलभूत अधिकार, लेकिन जाने का उचित कारण कोर्ट को बताना जरूरी**

आरोपी सिंघवी की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि विदेश यात्रा का अधिकार मूलभूत अधिकार है। वह पूर्व में भी अदालत की अनुमति से विदेश जा चुका है। उसकी सभी संपत्ति भारत में ही है, जिसके चलते उसके भागने का कोई अंदेशा नहीं है। सिंघवी की ओर से हवाई यात्रा का टिकट पेश कर कहा गया कि उसे 14 सितंबर से 30 अक्टूबर तक पेरिस जाने की अनुमति दी जाए। वहीं प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपी ने न तो कोई आमंत्रण पत्र और वीसा की कॉपी पेश नहीं है और ना ही विदेश यात्रा का कोई कारण बताया है। ऐसे में आरोपी के प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाए। गौरतलब है कि एसीबी ने खान आवंटन के लिए ढाई करोड़ रुपए की रिश्वत के मामले में अशोक सिंघवी सहित अन्य को गिरफ्तार किया था।

वहीं मामले में करोडों रुपए के लेनदेन को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर अलग से मामला दर्ज किया था। फरवरी 2021 में भी आरोपी सिंघवी ने ईडी कोर्ट से अमेरिका जाने की अनुमति मांगी थी। जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। हालांकि जुलाई 2021 में हाईकोर्ट ने सिंघवी को विदेश जाकर तीन माह में लौटने के आदेश दिए थे।

# अनुभवी नेता अरूण सिंह को पुन: भाजपा प्रदेश प्रभारी लगाया

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेशो के प्रभारियों की घोषणा की। जिसमें राजस्थान में प्रदेश प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह को मनोनीत किया है। साथ ही प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर को बनाया गया है। अरुण सिंह की पूर्व में नियुक्ति 13 नवंबर 2020 को हुई थी।

उसके पश्चात सिंह ने प्रदेश के कई अनगिनत दौरे किये एवं संगठनात्मक ढांचे की मजबूती के लिए जोर दिया ।प्रदेश में बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख का कार्य 90 प्रतिशत हो चुका है जिससे आगामी चुनावों और संगठनात्मक कार्यों को बल मिलेगा।

## शहरों में भी रोजगार गारंटी योजना शुरू

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पूरे देश में सबसे पहले राजस्थान के शहरवासियों को रोजगार देने के लिए 'इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना' के रूप में ऐतिहासिक पहल की गई है। अब राज्य सरकार योजना अंतर्गत शहरों के हर जरूरतमंद परिवार को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराएगी।

# डिप्टी व एसपी पर कार्रवाई के आदेश

**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य महानगर रेलवे मजिस्ट्रेट ने पुलिस हिरासत से भागने के मामले में जांच अधिकारी और एफआर को मंजूरी देने वाले अधिकारी जीआरपी वृत्ताधिकारी व पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीजीपी को आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि पुलिस जाब्ते के सदस्यों ने आरोपी के पुलिस हिरासत से भागना स्वीकार किया है। इसके बावजूद भी जांच अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने इस तथ्य को नजरअंदाज करते हुए एफआर पेश की है, जो कि स्पष्ट रूप से मिलीभगत और गंभीर लापरवाही का विषय है। अदालत ने डीजीपी को कहा है कि वह प्रकरण का अग्रिम अनुसंधान करवाकर रिपोर्ट अदालत में पेश करें।

- **पुलिस हिरासत से भागने के मामले में जांच अधिकारी और एफआर की अनुमति देने का मामला**

मामले के अनुसार पुलिसकर्मी सुखदेव ने अलवर जीआरपी में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि हरमाड़ा थाने में युवती के अपहरण के मामले में वह कानपुर गया था। वहां गुमशुदा युवती अमन दीक्षित के साथ मिली। जिसे लेकर वे प्रयागराज से ट्रेन में रवाना हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि 28 फरवरी 2021 को सुबह ट्रेन डीग से रवाना होने के बाद परिवादी को नींद आ गई। वहीं अलवर में ट्रेन रुकी तो पता चला कि अमन दीक्षित ट्रेन से फरार हो चुका था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने अभियुक्त की मौत होने के आधार पर एफआर पेश कर दी। एफआर पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि परिवादी और जाब्ते के सदस्य अश्वनी कुमार ने माना की आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ है, जो कि आईपीसी की धारा 223 के अधीन आता है। इसके बावजूद भी इस तथ्य को नजरअंदाज करते हुए एफआर पेश की गई। जो स्पष्ट रूप से मिलीभगत और गंभीर लापरवाही का विषय है।

## दुष्कर्म करने वाले को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने सौतेली भांजी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले को बीस साल की सजा सुनाई है।

# 'दलित अत्याचार के मामलों पर गहलोत सरकार मौन'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र गोठवाल ने प्रदेश में बढ़ते हुए दलित अत्याचार व कांग्रेस के विधायकों द्वारा दलित अत्याचारों के मामलों पर अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा करने के मामले पर प्रेस वार्ता संबोधित की।

- **भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया**


गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस के लगभग 4 सालों में राजस्थान दलित अत्याचारों का गढ़ बन चुका है, इस बात की पुष्टि उनके ही विधायक व नेताओं द्वारा लगातार उन्हीं की सरकार के खिलाफ दिए जा रहे बयानों से हो रही है। यदि आंकड़ों की बात करें तो प्रदेश में 26900 दलित अपराध के मामले दर्ज हुए जिनमें सैकड़ों मामले प्रदेश में दलित महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाओं के हैं, गहलोत सरकार ने भाजपा द्वारा दलित महिला दुष्कर्म के कई मामलों सीबीआई जांच की मांग को अनदेखा किया नतीजतन प्रदेश में लगातार दलित अपराध व महिला दुष्कर्म के मामले 12.9 प्रतिशत बढ़े, आजादी के 75 साल बाद भी राजस्थान प्रदेश में दलितों दूल्हों को घोड़ी से उतारना, किसी दलित द्वारा विद्यालयों में पकाए जाने वाले खाने का बहिष्कार करना, जैसी घटनाएं आम हो रही हैं जिससे सरकार की दलितों के प्रति असंवेदनशीलता का पता चलता है। गोठवाल ने चूरू में दलित महिला के साथ थाने में हुए बलात्कार के मामले जिक्र करते हुए कहा कि गहलोत सरकार के राज में दलित महिलाएं पुलिस थाना, अस्पताल, मंदिरों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी सुरक्षित नहीं हैं। दलित अत्याचार के मामलों के विरोध पर कांग्रेस विधायक पानाचंद मेघवाल का इस्तीफा दिया, साथ ही अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बेरवा भी मुखर होकर सरकार के खिलाफ बयानबाज़ी कर रहे हैं, जिससे प्रदेश में सरकार की मौन स्वीकृति के चलते दलित अत्याचार चरम पर है, बात बात पर लोकतंत्र की दुहाई देने वाले वाले मुख्यमंत्री गहलोत साहब द्वारा भाजपा नेताओं को दलित अत्याचारों के मामलों का मुखर विरोध करने पर द्वेषपूर्ण कार्यवाही कर जेल में डाल दिया जाता है।

# बार चुनाव 18 नवंबर को

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 18 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। वहीं चुनाव में वन बार-वन वोट सहित अन्य मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट व बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से लिए गए निर्णयों की पालना के लिए रूपरेखा बनाने के लिए एसोसिएशन के पांच पूर्व अध्यक्षों की कमेटी बनाई गई है। पूर्व अध्यक्ष कमलाकर शर्मा, लोकेश शर्मा, आरपी सिंह, आरबी माथुर और माधव मित्र की कमेटी सुप्रीम कोर्ट व बीसीआर के निर्णयों को लागू करने के तरीकों पर मंथन करेगी।

- **सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना के लिए पांच पूर्व अध्यक्षों की कमेटी गठित**

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव गिर्राज शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई। जिसमें 18 नवंबर को वार्षिक चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। वहीं वन बार-वन वोट के साथ ही उम्मीदवारों की पात्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट व बीसीआर के निर्णयों की पालना की रूपरेखा के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। शर्मा ने बताया कि बैठक में अधिवक्ता मिनार्क जैन की सदस्यता बहाल करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही मीनार्क जैन की बार कौंसिल से सदस्यता समाप्त करने को लेकर पूर्व में भेजी शिकायत को वापस लेने का निर्णय भी किया गया है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की अवधि गत फरवरी माह में पूरी हो चुकी है। अब तक चुनाव नहीं कराने को लेकर गत दिनों एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा के नेतृत्व में वकीलों ने एसोसिएशन को मांग पत्र सौंपा था। इसके अलावा वकीलों ने धरना देकर चुनाव कराने की मांग भी की थी। मालूम हो की बीसीआर ने सितंबर 2017 के हाईकोर्ट और मई, 2022 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए गत दिनों सभी बार एसोसिएशन को पत्र लिखा था। जिसमें कहा गया था कि यदि किसी बार एसोसिएशन का सदस्य एक से अधिक बार एसोसिएशन में वोट देगा तो उसकी सदस्यता तीन साल के लिए निलंबित हो जाएगी।

# कांग्रेस के खिलाफ ओ.बी.सी. वर्ग की भूमिका पर भाजपा का मंथन शुरू

## कांग्रेस ने ओ.बी.सी. वर्ग को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया : भूपेंद्र यादव

**जोधपुर,** (कासं)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण की अध्यक्षता में भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को शुरु हुई। इस बैठक के पहले दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रहे केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन और श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने संबोधन किया। कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने के लिये भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी अरूण सिंह भी दोपहर बाद जोधपुर पहुंचे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया और उन्हें कभी भी सामाजिक न्याय नहीं दिया। यह मोदी सरकार ही है जिसने ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा देने का काम किया।ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए ओबीसी मोर्चा की चुनावी समय में राजनीतिक भूमिका के महत्व समझाया और आने वाले विधानसभा चुनाव में राजस्थान कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी समाज को एकजुट करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार पूरी तरह से विफल रही हैं और आने वाले चुनाव में ओबीसी मोर्चा उन्हें सत्ता से निकाल फेकेगा।



जोधपुर में भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने के लिए भूपेंद्र यादव ( बाएं से प्रथम ), गजेंद्र सिंह शेखावत ( बाएं से तीसरे ), सतीश पूनिया ( बाएं से दूसरे ) पहुंचे।

राजस्थान के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजस्थान में ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को सम्बोधित करते हुए राजस्थान की राजनीतिक स्थिति से परिचय कराया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने 'कृषि का भविष्य और किसानों का उत्थान' के विषय पर अपनी बात रखते हुए मोदी सरकार के किसानों के लिए किये गए कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि

जोधपुर की कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यसमिती के पहले दिन के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों में भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित देशभर के 125 से अधिक राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन प्रतिनिधियों में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य और राज्य के मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हैं। ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत ने कार्यसमिति के दौरान राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया।

कार्यसमिति की बैठक का समापन शनिवार को होगा। समारोप सत्र में भाजपा के कद्दावर नेता भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह देशभर से आए मोर्चा के प्रदेशाध्यक्षों एवं कार्यसमिति के सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे।भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय

- **भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक शुरु**

अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण की देखरेख में आयोजित भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 9 सितंबर को उद्घाटन के बाद दूसरे सत्र में राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया द्वारा ओबीसी को समर्पित नरेन्द्र मोदी सरकार विषय को रेखांकित और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कार्यसमिति की बैठक के दूसरे दिन सुबह से विविध तकनीक सत्रों का आयोजन होगा। शनिवार को सुबह योग प्रणायाम के बाद सातवें सत्र में जोधपुर सांसद केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत सुबह 9 बजे नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियां और भविष्य दृष्टि विषय पर उद्बोधन देंगे। इसके बाद आठवें सत्र में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.के.लक्ष्मण ओबीसी मोर्चा: भविष्य के कार्यक्रम एवं सेवा सप्ताह पर विचार रखेंगे। इसके बाद समारोप सत्र सुबह 11.30 बजे गृहमंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत

## मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसा

**डूंगरपुर,** (निसं)। शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रो में भी मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रतिमाओं का जुलूस व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इस दौरान फलोज निवासी भावेश (22) पुत्र भगवतीलाल प्रजापत प्रतिमा को विसर्जन के लिए देवसोमनाथ नदी पहुंचा था जहां पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगने के कारण वह पानी में डूब गया। हालांकि वहां मौजूद लोगो ने तत्काल उसे पानी से निकाला। और वाहनों से लेकर डूंगरपुर हॉस्पीटल आ रहे थे कि खेडा के निकट उसने दम तोड दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही वहां परिजनों व गांव में शौक की लहर छा गई। वही दूसरी ओर दामडी में भी परेश (17) पुत्र शंकरलाल यादव निवासी दामडी भी प्रतिमा विसर्जन के लिए जलाशय पर गया था जहां डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। दोनो मृतको के शव को सामान्य चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवाया गया है। जहां अन्तिम प्रक्रिया जारी है।

# पेट्रोल जनरेटर में लगी आग, 6 बच्चों सहित 8 लोग झुलसे

**डूंगरपुर,** (निसं)। मेवडा गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा निकालते समय हादसा हो गया। ट्रैक्टर.ट्रॉली में रखे पेट्रोल जनरेटर में अचानक आग लग गई। आग से ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे 6 बच्चों समेत 8 लोग झुलस गए। सभी को सागवाडा के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। 4 बच्चों समेत 6 लोगों की हालत गंभीर होने पर उदयपुर रेफर कर दिया है। वहीं 2 बच्चों को प्राइमरी इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

धम्बोला थानाधिकारी ने बताया की अनंत चतुर्दशी के मौके पर थाना क्षेत्र के मेवडा गांव में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए बच्चे गणेश प्रतिमा को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर शोभायात्रा निकाल रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर.ट्रॉली में एक पेट्रोल जनरेटर रखा हुआ थाए जिससे डीजे बजाया जा रहा था। अचानक जनरेटर के पेट्रोल टैंक का ढ क्कन खुल गयाए जिसके चलते जनरेटर में विस्फोट के साथ आग लग गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे 6 बच्चों समेत 8 लोग आग की चपेट में आ गए। इनमें मेवडा निवासी किशन, अजय, अर्जुन, शंकर, विकास, दिशा, सचिन और अंकित झुलस गए हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर धम्बोला पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। एसआई रतनलाल ने बताया की आग से बुरी तरह झुलसे बच्चों और लोगों को सागवाडा के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर झुलसे हुए बच्चों और लोगों का इलाज शुरू किया गया।

# अमित शाह जैसलमेर पहुंचे, तनोट जाएंगे

**जैसलमेर,** (निसं)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम विशेष विमान से जैसलमेर पहुंचे। वायुसेना स्टेशन पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने उनका स्वागत किया। जिला भाजपा शहर अध्यक्ष अरुण पुरोहित, बाबूलाल शर्मा, सुशील व्यास, हिम्मत चौधरी मौजूद रहे। यहां से शाह सीमा सुरक्षा बल के डाबला साउथ सेक्टर रवाना हुए।शाह बीएसएफ ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में रात्रि विश्राम करेंगे।

अमित शाह शनिवार सुबह बीएसएफ ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट डाबला से 9 बजे हेलिकॉप्टर से तनोट माता मंदिर के लिए रवाना होंगे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद वे तनोट मंदिर परिसर में पर्यटन विकास केंद्र की आधारशिला भूमि पूजा करके रखेंगे। इस दौरान तनोट माता मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। सुबह 10:35 हेलिकॉप्टर से एयरफोर्स स्टेशन जैसलमेर पहुंचेंगे। सुबह 11:10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट के लिए हवाई जहाज से उड़ान भरेंगे।

जैसलमेर में भारत-पाक सरहद पर बने तनोट माता मंदिर के लिए नीति आयोग ने 17.67 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। अब सैलानियों के लिए इस इलाके में पर्यटन के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। सैलानियों के लिए

- **वायुसेना स्टेशन पर उनका स्वागत किया गया**

बीएसएफ की ओर से डोक्यूमैंटरी हथियार प्रदर्शनी और फोटो गैलरी लगाई जाएगी। दरअसल, पर्यटन विभाग प्रदेश में बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ ावा देने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा है। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन मंत्रालय और सीमा सुरक्षा बल के साथ कई बैठक की गई।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान पर्यटन को बढ़ ावा देने के लिए तनोट कॉम्प्लेक्स को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सरहद के इलाके में बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन से संबंधी गतिविधियों के लिए 17.67 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। यहां आने वाले सैलानियों और भक्तों के लिए हथियारों के प्रदर्शन और अन्य प्रदर्शनियों की व्यवस्था भी सीमा सुरक्षा बल करेगा। यहां पर बीएसएफ द्वारा डोक्यूमैंटरी, हथियार प्रदर्शन और फोटो गैलरी को तनोट में प्रदर्शित किया जाएगा।

# देशी कट्टा व चोरी की बाइक सहित आरोपी पकड़ा

**बूंदी,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव द्वारा अवैध शराब तस्करी, आर्म्स एक्ट व मादक पदार्थो की तस्करी व चोरी नकबजनी के चालान शुदा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश के बाद थानाधिकारी हिन्डोली मुकेश कुमार मीणा पु.नि. के नेतृत्व में हिन्डोली पुलिस टीम के प्रयासो से 8 सितंबर को -52 गैस गोदाम हिण्डोली के पास टीम द्वारा नाकाबन्दी में शातिर अभियुक्त नन्दकिशोर उर्फ नन्दा पुत्र श्री पोखर जाति माली उम्र 35 साल निवासी कुकडा बालाजी सिलोर पुलिस थाना सदर जिला बून्दी से एक अवैध देशी कट्टा व करीब एक महिने पहले रेतवाली कोटा से चोरी की गई मोटरसाईकिल होण्डा 110 रजिस्ट्रेशन नम्बर -20--5843 सहित पकडे ने में सफलता मिली हैं, आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग संख्या 400/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज कर अभियुक्त से थाना ईलाका व अन्य ईलाको की नकबजनी -चोरी के संबध में गहनता से पुछताछ की जा रही है। पुलिस टीम में मुकेश कुमार मीणा पु.नि. थानाधिकारी पुलिस, जगदीश बाबु उ.नि., मोहनलाल कानि., सुरेश कानि, सुनिल कानि, ओमप्रकाश आसुचना कानि शामिल रहे।

# रसद विभाग का प्रवर्तन निरीक्षक व दलाल पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**छबड़ा,** (निसं)। एसीबी की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निरीक्षक व उसके दलाल के माध्यम से परिवादी से पांच हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के महानिदेशक भगवानलाल सोनी ने बताया कि बारां एसीबी की टीम को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी राशन की दुकान पर निरीक्षण कर परेशान नहीं करने की एवज में बारां रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक मोतीराम जाट द्वारा 20 हजार रुपए की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर कोटा एसीबी के पुलिस अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव के सुपरविजन में बारां एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालसिंह कानावत के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर शुक्रवार को पुलिस उपाधीक्षक अनीस अहमद एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए दलाल

- **राशन दुकान का निरीक्षण कर परेशान नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगी थी**
- **आवास व अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

सत्यनारायण शर्मा पुत्र मोहनलाल शर्मा निवासी प्रतापनगर, मारूति शोरूम के सामने, वार्ड नं. 8 छबड़ा को परिवादी से 5 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रकरण में आरोपी मोतीराम जाट पुत्र बरदू भी गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा शिकायत करने से पूर्व ही परिवादी से 10 हजार रुपए रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है।



दलाल और प्रवर्तन निरीक्षक को रिश्वत लेते पकड़ा।

# गणेश पण्डाल में घुसा कोबरा सांप

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के राइका बाग, पुरानी पुलिस लाइन में स्थापित गणेश पंडाल में कोबरा सांप घुसने से खलबली मच गई।

जानकारी के अनुसार रात 1 बजे गणेश चतुर्थी के दिन पण्डाल में अचानक कोबरा साँप आ जाने से वहां मौजूद सभी श्रद्धालुओं में भय का माहौल बन गया। शोर गुल की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले मोहम्मद अकरम ने खेतानाड़ी निवासी इस्माइल रंगरेज को इसकी सूचना दी।

इस्माइल रंगरेज तुरंत मौके पर पहुंच कर कोबरा साँप को पकड़ कर एक डिब्बे में बन्द किया तब कहीं जाकर सभी श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। रंगरेज ने बताया घायल कोबरा साँप को इलाज के लिए माचिया पार्क रेस्क्यू सेंटर भेजा गया।

# तालाब में डूबे युवक का शव निकाला

**बामनवास,** (निस)। थाना क्षेत्र के कोयला ग्राम में नहाते समय युवक कुलदीप के डूबने के बाद उसका शव बड़ी मुश्किल से पुलिस प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से शुक्रवार सुबह निकाला। गुरुवार को जिस समय युवक तालाब के अंदर पानी में तैरते हुए नहा रहा था, उसी समय अचानक युवक तालाब में डूबकर लापता हो गया था, जहां पुलिस प्रशासन एवं लोगों ने युवक को तालाब से निकालने का भरसक प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिलने के बाद जिले से एसडीआरएफ की टीम को तालाब में डूबे युवक के शव को निकालने के लिए बुलाया गया। लेकिन एसडीआरएफ की टीम द्वारा भी गुरुवार देर शाम तक अथक प्रयास करने के बाद युवक का शव नहीं मिल पाया था।

रात होने के चलते एसडीआरएफ की टीम एवं पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। युवक के लापता शव को ढ़ूंढ ने का रेस्क्यू अभियान भी रोक लिया गया था। पुलिस उपाधीक्षक तेजी कुमार पाठक ने बताया कि शुक्रवार अलसुबह चलाए गए रेस्क्यू अभियान के तुरंत बाद ही तालाब में डूबे लापता युवक का शव बरामद कर लिया गया।

# पांच स्थानों से बाइक और एक बोलेरो चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर में वाहन चोरों ने पांच स्थानों से बाइक और एक जगह से बोलेरो को चुराया। संबंधित थानों में मामले दर्ज करवाए।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि बलदेव नगर मसूरिया निवासी धर्मेश पुत्र रामेश्वरलाल परिहार की तरफसे रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अजीत भवन के पास में पेंटिंग की दुकान लगाता है। दुकान के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। दूसरी तरफ खुडियाला बालेसर निवासी वीरेंद्रसिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह ने सरदापुरा पुलिस को बताया कि उसकी बाइक एमजीएच पार्किंग में खडी की गई थी। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। वहीं कुडी सेक्टर 2 निवासी महेश कुमार पुत्र मदनलाल ने प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात चोर आखलिया चौराहा स्थित एसबीआई के सामने से उसकी बाइक को चुरा ले गया। देवनगर पुलिस के अनुसार लाला लाजपतरॉय कॉलोनी पांचवीं रोड निवासी अब्दुल रशीद पुत्र अब्दूल सत्तार की बाइक बरकतुल्ला खां स्टेडियम के बाहर से चोरी हो गई। वह स्टेडियम में मजदूरी

- **जोधपुर शहर में वाहन चोरों ने कई वारदातें की**

कर रहा था। सुबह बाइक खडी की, वह शाम को नहीं मिली। इधर झंवर पुलिस के अनुसार पटेलावास जोड झंवर निवासी नारायणराम पुत्र लाभाराम पटेल की बाइक घर के बाहर से चोरी हुई।

**राम मोहल्ला से बोलेरो चोरी:-** भीतरी शहर नागौरी गेट स्थित राम मोहल्ला निवासी प्रवीण सिंह पुत्र उम्मेद सिंह ने नागौरी गेट पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर रात के समय उसके घर के बाहर खडी बोलेरो को चोरी कर गया।

**ड्राइक्लीन की दुकान से नगदी चोरी:-** कुम्हारियां कुआं खांडाफलसा निवासी पुष्पेंद्र मरेठा पुत्र प्रतापसिंह ने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में रिपोर्ट दी कि उसकी एक ड्राईक्लीन की दुकान शंकरनगर पाल रोड पर आई है। जहां से रात में अज्ञात चोर दुकान के गल्ले से रूपए चुरा ले गया।

# दो युवकों ने फंदा लगा खुदकुशी की

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर एवं कुडी इलाके में रहने वाले दो युवकों ने अपने घरों में फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला। पुलिस ने शवों को कार्रवाई के बाद उनके परिजन को सुपुर्द कर दिए। प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि मूलत: पश्चिम बंगाल हाल क मला नेहरू नगर द्वितीय विस्तार पीएंडटी कॉलोनी में रहने वाले दिलीप बर्मन पुत्र बबलू बर्मन ने अपने घर की रसोई में फंदा लगाकर जान दी। घटना का पता रात ढ ाई बजे पत्नी को लगने पर उसने दरवाजा खेला। तब दिलीप फंदे पर झूल रहा था। उसे फंदे से उतारते वक्त वह नीचे गिरा और सिर पर भी चोट लग गई।

बाद में आस पास के लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी मौत हो गई। इस बारे में उसके भाई दीपक बर्मन ने मर्ग की रिपोर्ट दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया। प्रतापनगर पुलिस ने मर्ग दर्ज किया। दूसरी तरफ कुडी पुलिस ने बताया कि आरपीएस कॉलोनी, भैरूजी चौराहा निवासी मुकेश पुत्र ओमप्रकाश ने मर्ग की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके भाई महेंद्र ने सेक्टर 1 में अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी।

# कपड़े की दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

**करौली,** (नि.स.) । जिला मुख्यालय स्थित सामान्य चिकित्सालय के पास आधी रात को किन्ही कारणों से एक कपड़े की दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान पूरी तरह ध्वस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग बुझाई है। हालांकि आग इतनी भयानक थी कि लाल पत्थर से निर्मित दुकान टूट कर बिखर गई और लाखों रुपए का कपड़ा जल कर खाक हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करौली थाना एएसआई संपत सिंह ने बताया कि इमरान पुत्र सत्तार 35 निवासी बागुर वाली मस्जिद, चटीकना करौली हॉस्पिटल के सामने कपड़े की दुकान संचालित करता है। दुकान में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण लाखों रुपए का रेडीमेड तथा कपड़े का रॉ-मटेरियल जलकर खाक हो गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे एएसआई संपत सिंह ने दमकल को मौके पर बुलाया और आग पर काबू पाया। लेकिन आग इतनी भयानक थी कि लाल पत्थर से निर्मित दुकान ताश के पत्तों की तरह जलकर पूरी तरह बिखर गई।

दुकान मालिक इमरान उर्फ कल्ला ने बताया कि उसकी तबीयत खराब थी जिसके चलते वह गुरुवार शाम 5 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। तबीयत ज्यादा खराब होने पर रात 11 बजे उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया। रात करीब 1:45 बजे हॉस्पिटल के बाहर चाय की थड़ी चलाने वाले व्यक्ति ने सूचना दी कि उसकी दुकान में आग लग गई है। आग की सूचना पर मौके पर पहुंचा तो दुकान धूं धूं कर जल रही थी। दुकान मालिक ने बताया कि उसकी दुकान में बिजली का कनेक्शन नहीं था। दुकान मालिक ने अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने की आशंका जताई है। पीड़ित ने बताया कि वह दुकान में रेडीमेड कपड़े और बिना सिले कपड़ों की दुकान संचालित करता था। आग लगाने से दुकान मालिक के अनुसार 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



करौली अस्पताल रोड स्थित कपड़े की दुकान में आग लगने के बाद क्षतिग्रस्त पड़ी दुकान।



जोधपुर में इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं का श्रद्धालुओं ने जलाशय में विसर्जन किया।

# अजमेर के रामपाली में गबन का खुलासा

## 96 लाख रुपए गबन के दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश

**अजमेर,** (का.सं.)। अजमेर जिले की ग्राम पंचायत रामपाली में सामुदायिक भवन, रोड, नालियां आदि कार्यों का निर्माण होना बताकर भुगतान को उठाने के मामले में प्रथम दृष्टया 96 लाख रूपये का गबन पाया गया।

पूर्व में ग्राम चण्डाली, डोराई, ताजपुरा, गुन्दाली के ग्रामवासियों ने जिला प्रमुख को ताजपुरा अनियमितता के संबंध में अवगत कराया था।

ग्रामवासियों ने बताया था कि ग्राम पंचायत ताजपुरा, पंचायत समिति सरवाड में सरकारी तालाब, नाडी रास्ता व श्मशान की भूमि पर फर्जी पट्टे काट दिये तथा ग्राम पंचायत रामपाली में सामुदायिक भवन, रोड, नालिया आदि कार्यों का निर्माण होना बताकर भुगतान को उठा लिया है। जिनका निर्माण आज दिनांक तक नहीं हुआ है।

सुशील कंवर पलाड़ा, जिला प्रमुख द्वारा संबंधित शिकायत की जांच के आदेश मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद अजमेर को दिये गये थे। जिसकी पालना में मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जांच हेतु जिला परिषद की टीम का गठन किया था। टीम ने जांच करने पर पाया कि सरकारी तालाब, नाडी रास्ता व श्मशान भूमि, सामुदायिक भवन, रोड, नालिया आदि का निर्माण बताया गया। जांच के दौरान उक्त सभी कार्य मौके पर नही पाये गये। इस प्रकार प्रथम

- **ग्रामवासियों ने जिला प्रमुख को अवगत कराया था**

दृष्टया 96 लाख रूपये का गबन पाया गया। जिसकी जांच रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जिला प्रमुख को प्रस्तुत की गई।

रिपोर्ट में विकास अधिकारी सुधीर पाठक, सहायक अभियंता चरण सिंह, कनिष्ठ तकनीकी सहायक लोकेश ओझा, ग्राम विकास अधिकारी रवि शर्मा, सरपंच प्रधान गुर्जर को दोषी पाया गया। जिसकी पालना में ग्राम विकास अधिकारी रवि शर्मा को निलम्बित कर दिया गया था। कनिष्ठ तकनीकी सहायक लोकेश ओझा को हटाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

विकास अधिकारी एवं सहायक अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है तथा सरपंच, ग्राम पंचायत ताजपुरा के विरूद्ध धारा 38 के तहत कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गये साथ ही निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार की भ्रष्टाचार निरोधक विभाग एवं अन्य जांच विभाग में भी प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश जारी किये गये।

(आर्डर 5 रूल 20 जाब्ता दीवानी)
**न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, चूरू (राजस्थान)**
न. मुकदमा 1 सन 2022 ता.पेशी 13.10.2022
**चंदनमल** विरूद्ध **श्रीमती मंजू देवी आदि**
प्रार्थी- अप्रार्थीगण-
**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 40 नियम 1 सी.पी.सी. बाबत रिसीवर नियुक्त किये जाने विघटन साझेदारी मैसर्स नवदीप गम मिल्स**
**बनाम**
1.श्रीमती मंजू देवी पुत्री स्वर्गीय चिरंजीलाल निवासी खंडेला, जिला सीकर पता- चांदमल मातादीन मुनका, 2. श्रीमती संजू पुत्री स्वर्गीय चिरंजीलाल पता- माणकचंद सुशील कुमार नागौरी, बड़ा बाजार, बीकानेर (राज.), 3. श्रीमती कविता गुप्ता पुत्री स्वर्गीय चिरंजीलाल पता- रतनलाल गुप्ता 35/122 राजपथ, मानसरोवर जयपुर (राज.)
उक्त प्रार्थी ने आपके विरूद्ध एक प्रार्थना पत्र बाबत रिसीवर नियुक्त किये जाने बाबत विघटन साझेदारी मैसर्स नवदीप गम मिल्स का दायर किया है अतः आपको प्रार्थना पत्र का उत्तर देने के लिए दिनांक 13 माह 10 सन 2022 को 10.00 बजे व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमें हाल से परिचित किया गया हो मुकदमें संबंधी समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुए तो आपकी अनुपस्थिति में सुनकर निर्णय कर दिया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से दिनांक 02.09.2022 को जारी किया गया। 197/6.9.22
**न्यायालय की आज्ञा से**
**न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, चूरू (राज.)**

# स्पैरो कंपनी के दो सर्वेयर 20 हजार रु. रिश्वत लेते गिरफ्तार

## पीड़ित की वाणिज्यिक संपत्ति को आवासीय में दर्शा कर यूडी टैक्स में कटौती करने की एवज में 40 हजार रुपये मांगे थे

■ जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज निगम के लिए शहरवासियों से यूडी टैक्स वसूलती है स्पैरो

**जयपुर** (कासं)। जयपुर के लोगों से नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) वसूलने वाली स्पैरो कंपनी के 2 सर्वेयर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते एसीबी के हत्थे चढ़े है। यह कंपनी जयपुर ग्रेटर व हैरिटेज निगम के लिए टैक्स वसूली का काम करती है। दोनों आरोपियों महेश शर्मा व रोहिताश मीणा ने परिवादी की वाणिज्यिक संपत्ति को आवासीय में दर्शाकर टैक्स में कटौती करने की एवज में 40 हजार रुपये की घूस मांगी थी। परिवादी ने 4 सितंबर को एसीबी मुख्यालय में शिकायत की थी। जिसका सत्यापन करवाने के बाद शुक्रवार को ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया।

एसीबी महानिदेशक बी.एल. सोनी ने बताया कि पीड़ित ने एसीबी मुख्यालय में शिकायत दी थी कि स्पैरो कंपनी के कर्मचारियों ने ग्रेटर नगर निगम में जाने वाले सर्विस चार्ज को कम करने की एवज में पैसा मांग रहे है। उनका टैक्स 40 हजार रुपए बनता है। इसके लिए आरोपी महेश और रोहिताश ने कमर्शियल एक्टिविटी को डोमेस्टिक बताने की बात कह कर 20 हजार की डिमांड की थी। जिस पर एसीबी, विशेष अनुसंधान इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन कराया। इसके बाद एसीबी ने दोनों ही आरोपियों के फोन सर्विलांस पर लिए और शिकायत का सत्यापन किया। महेश और रोहिताश पिछले 2 साल से स्पैरो कंपनी में सर्वेयर का काम कर रहे है। इनके द्वारा दुकान मालिक को धमकाने और रिश्वत लेने की शिकायत पर एसीबी ने कार्रवाई की। वहीं स्पैरो कंपनी के अधिकारियों को भी इस संबंध में जानकारी दी।



आरोपी महेश शर्मा



आरोपी रोहिताश मीणा

ज्ञात रहे कि कंपनी के एक कर्मचारी को करीब 4 माह पूर्व तत्कालीन एडिशनल एसपी नरोत्तम वर्मा ने भी ट्रैप किया था। लाल कोठी इलाके में मकान का सर्वे करने गए कर्मचारी ने टैक्स कम करवाने की एवज में पीड़ित से पैसों की डिमांड की थी। जिसके बाद पीड्ति ने भी एसीबी में शिकायत कर आरोपी सर्वेयर को नगर निगम मुख्यालय में ही ट्रैप करवा दिया। उसके बाद भी सर्वे का काम कर रहे इन कर्मचारियों पर कंपनी की ओर से किसी भी प्रकार की कोई मॉनिटरिंग नहीं है।

# यूरिया-डीएपी का अतिरिक्त आवंटन करने का आग्रह

■ कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री को पत्र लिखा

**जयपुर** । कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया ने केन्द्र सरकार से राज्य को स्वीकृत मांग अनुरूप सितम्बर माह में एक लाख मैट्रिक टन यूरिया एवं 50 हजार मैट्रिक टन डीएपी का अतिरिक्त आवंटन करवाकर तत्काल आपूर्ति करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस संबंध में केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर प्रदेश में किसानों की यूरिया एवं डीएपी की वर्तमान मांग से अवगत कराते हुए तत्काल आपूर्ति का अनुरोध किया है।

कृषि मंत्री कटारिया ने पत्र में बताया कि केन्द्र सरकार ने राज्य को खरीफ-2022 के लिए 8.50 लाख मैट्रिक टन यूरिया एवं 4.40 लाख मैट्रिक टन डीएपी की मांग स्वीकृत की थी, जिसके तहत अगस्त एवं सितम्बर महीने में 3.52 लाख मैट्रिक टन यूरिया एवं 1.80 लाख मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति होना अपेक्षित था, लेकिन केन्द्रीय उर्वरक मंत्रालय की ओर से अब तक 2.56 लाख मैट्रिक टन यूरिया एवं 1.17 लाख मैट्रिक टन डीएपी ही आवंटित किया गया है। इस प्रकार स्वीकृत मांग के विरुद्ध 96 हजार मैट्रिक टन यूरिया एवं 43 हजार मैट्रिक टन डीएपी कम आवंटित की गई है, जिसकी वजह से काश्तकारों को मांग के अनुसार पर्याप्त यूरिया एवं डीएपी उपलब्ध कराने में परेशानी होने की आशंका है। कटारिया ने इस वर्ष राज्य में अच्छे मानसून के कारण खरीफ फसलों की हुई रिकॉर्ड बुवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इससे उर्वरकों की खपत में गत वर्ष की तुलना में अत्यधिक वृद्धि हुई है तथा राज्य में पिछले साल की तुलना में एक लाख मैट्रिक टन यूरिया एवं 19 हजार मैट्रिक टन डीएपी का स्टॉक कम है। साथ ही अच्छी वर्षा होने के कारण जलाशयों में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता के मध्यनजर रबी फसलों का क्षेत्रफल भी 112 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 116 लाख हेक्टेयर होना संभावित है। उन्होंने बताया कि सरसों और चना फसल की बुवाई 15 सितम्बर से शुरू हो जाएगी,जिससे यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की अतिरिक्त मांग सृजित होगी। कृषि मंत्री ने इन सब परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार से किसान हित में राज्य को सितम्बर माह में एक लाख मैट्रिक टन यूरिया एवं 50 हजार मैट्रिक टन डीएपी का अतिरिक्त आवंटन करवाकर तत्काल आपूर्ति करने का आग्रह किया है।



सतीश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उनकी 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ट्रस्टी शशांक अग्रवाल के साथ ही भुवनेश शर्मा व रितुराज शर्मा मौजूद रहे। शिविर में 57 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

## सार-समाचार

### नाटक से साक्षरता का महत्व समझाया



**जयपुर,** (का.सं.)। अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस बाजोरिया स्कूल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में निदेशक साक्षरता, जयपुर दीप्ती कच्छावा, जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी मनीषा त्यागी की अध्यक्षता रही। सबसे पहले मां शारदे को दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मैजिक बस एवं उनके चुवा साथियों ने नाटक के माध्यम से साक्षरता के महत्व को समझाया। एचडीएफसी बैंक के सहयोग से फ्लॉवर पोर्ट द्वारा सभी आने वालों का सम्मान किया गया। शहरी क्षेत्र में स्वयं सेवी शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के एएओ आलो, वरिष्ठ सहायक रन्तिदेव सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ऋतु शुक्ला बनी पीआईबी जयपुर प्रमुख



**जयपुर** । भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निदेशक ऋतु शुक्ला को पत्र सूचना कार्यालय जयपुर का नया प्रमुख नियुक्त किया है। शुक्ला ने पत्र सूचना कार्यालय जयपुर (राजस्थान रीजन) के प्रमुख के रूप में बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। ऋतु शुक्ला भारतीय सूचना सेवा की 2000 बैच की वरिष्ठ अधिकारी हैं। वर्तमान में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर में निदेशक का पद भी उनके अधीन है। इससे पूर्व शुक्ला आकाशवाणी, दूरदर्शन, पत्र सूचना कार्यालय नई दिल्ली, नेशनल एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, नई दिल्ली में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

### आरएएस परीक्षा पास करने पर स्वागत

**जयपुर** । राजस्थान प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा पहले ही प्रयास में पास करने पर दौसा निवासी धीरज शर्मा का ब्राह्मण समाज राजस्थानकी ओरसे मुख्य कार्यालय पर अभिनंदन किया गया। ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अबिंका प्रकाश पाठक ने बताया कि रामजीलाल शर्मा पुत्र धीरज शर्मा ने एचएमीएल में अस्टिंट मैनेजर के पद पर कार्यरत रहते हुए आरएएस मुख्य परीक्षा पास की है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे ब्राह्मण समाज को गर्व है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने परीक्षा पास करने की बधाई देते हुए साक्षात्कार के लिए शुभकामनाएं भी दी।

### वरिष्ठ पत्रकार जग सुरैया जयपुर आएंगे



**जयपुर** । वरिष्ठ पत्रकार, जाने-माने कॉलमनिस्ट और लेखक जग सुरैया रविवार, 11 सितंबर को जयपुर में होंगे। वे अपनी किताब जेएस एंड द टाइम्स ऑफ माई लाइफ पर चर्चा के लिए आ रहे हैं। पुस्तक एक दिलचस्प संस्मरण है, जिसमें लेखक ने प्रसिद्ध यूथ मैग्जीन, जेएस (जूनियर स्टेट्समैन), बाद में कोलकाता में द स्टेट्समैन में और अंत में टाइम्स ऑफ इंडिया के संपादकीय पृष्ठ के संपादक के रूप में अपने कार्यकाल के बारे में बात की है। वे रविवार शाम को अशोक क्लब में कवि और वरिष्ठ पीआर प्रोफेशनल जगदीप सिंह के साथ चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश केवल आमंत्रण द्वारा है।

### टैंकर चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने चोरी की दो अलग अलग वारदातों में कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे से टैंकर बरामद किया हैं। पुलिस आरोपियों से यह पता लगा रही है कि उन्होंने अब तक कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से और भी वारदातों का खुलासा हो सकता हैं। डीसीपी (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुकेश वजीरपुर सदर टोंक और रामसहाय झांपदा कला कोटखावदा का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि 22 अगस्त को परिवादी हेमराज चौधरी ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह टैंकर से पानी सप्लाई का काम करता हैं। 6 अगस्त को वह पानी का टैंकर एक साइड में खड़ा करके चला गया। जब वह वापस आया तो वहां से टैंकर गायब था। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर शातिर चोर मुकेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का टैंकर बरामद कर लिया। आरोपी मुकेश शातिर चोर है। उसके खिलाफ जिला टोंक और सवाईमाधोपुर में आधा दर्जन थानों में चोरी की वारदातों में वांछित चल रहा है।

### रीजनल कंसेंटेशन वर्कशॉप सम्पन्न

**जयपुर** । केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरूवार से जयपुर में शुरू हुई दो-दिवसीय रीजनल कंसेंटेशन वर्कशॉप ऑन प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन एंड 15वें फाइनेंस कॉमिशन हैल्थ ग्रांट' विषय पर कार्यशाला शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। कार्यशाला में सम्पूर्ण देश में संचालित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, (फाइनेंस कॉमिशन ग्रांट) के तहत् चिकित्सा सेवाओं व संसाधनों के व्यवस्था व प्रबंधन में समक्ष आ रही चुनौतियों, कठिनाईयों, नवाचार गतिविधियों एवं आवश्यक सुधारात्मक गतिविधियों पर विस्तृत मंथन किया गया। शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ पृथ्वी ने बताया कि वर्कशॉप में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू काश्मीर, लदाख, पंजाब और राजस्थान राज्यों के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला में राज्य के परिपेक्ष्य में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अनुसार चिकित्सा सुदृढ़ीकरण के समक्ष चुनौतियों, स्थानीय प्रबंधन के लिए आवश्यक पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधियों की क्षमतावर्धन, आवश्यक मानव संसाधन व प्रबंधन एवं नवाचार गतिविधियां विषयों पर चर्चा की गयी एवं अनुभव साझा किये।

### मोबाइल चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर** (कासं)। मुहाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी महंगे शौक और नशे की पूर्ति के लिए मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। डीसीपी (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुन्ना उर्फ तोहिद हाथिया बरसाना मथुरा उ.प्र हाल अजीत नगर रामपुरा रोड मुहाना का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि 7 सितंबर को परिवादी निवाई टोंक निवासी सुरेश मीणा ने थाने में मामला दर्ज करवाया गया था।

# अनावश्यक विद्युत सिक्योरिटी राशि वसूलने का विरोध किया



**जयपुर** । हीदा की मोरी स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय पर पार्षद कुसुम यादव और पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ता ने शहरी विद्युत उपभोक्ताओं से अनावश्यक सिक्योरिटी राशि वसूले जाने के विरोध में बिजली विभाग के कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली के बिल के साथ सिक्योरिटी राशि वसूली जा रही है जो कि बिल्कुल गलत है कोरोना की मार से आम जनजीवन की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है अभी जीवन यापन करना भी बिल्कुल मुश्किल हो रहा है। कांग्रेस सरकार के इशारे पर बिजली विभाग द्वारा इस तरह की राशि जनता से वसूलना अनुचित है। आमजन आज महंगाई की मार झेल रहा है राज्य सरकार खुद भी कह रही है कि महंगाई बढ रही है फिर भी मनमानी तरीके से उपभोक्ताओं पर यह भार डाला जाना बिल्कुल गलत है। अगर अनावश्यक रूप से वसूली जा रही सिक्योरिटी राशि के बिलों के भुगतान को रोका नहीं गया तो सैकडों की संख्या में स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ता बंधुओं के साथ विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जगह-जगह बिजली के तार झूल रहे हैं डीपी खराब पडी है जिससे कि बडा हादसा होने की संभावना है। इस दौरान प्रभात शर्मा, नरेश शर्मा, नरेश विजयवर्गीय, पिंकू शर्मा, पवन टिक्कीवाल, सुरेश यादव, रॉकी जैन, दिलीप, गौतम, विष्णु मीणा, महेश व्यास, मनीष बिवाल, सुशील यादव, सुशील शर्मा, सुभाष सेन, पप्पू कुरैशी, प्रकाश टिल्लानी, उमेश शर्मा, प्रदीप सारस्वत, सलीम कुरेशी मौजूद थे।

# अमेरिका सिंह के खिलाफ एफआईआर रद्द करने से इनकार

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सुखाड़िया विश्वविद्यालय के निलंबित कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाने और आपराधिक षडयंत्र को लेकर अशोक नगर थाने में दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस बिरेन्द्र कुमार ने यह आदेश आरोपी अमेरिका सिंह की आपराधिक याचिका को खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ऐसा कोई तथ्य रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं है, जिससे यह साबित हो कि यह एफआईआर राजनीतिक कारणों या विभागीय दुश्मनी के कारण दर्ज कराई गई है। क्योंकि एफआईआर दर्ज करने में किसी विभागीय व्यक्ति का हाथ नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि गुरुकुल विवि. स्थापना का बिल पास हो जाता और विवि का अधिनियम अस्तित्व में आ जाता तो क्या होता, बाद में जनता कहती कि जिस विवि के पास न तो बिल्डिंग है और ना ही भूमि है उस विवि को सरकार ने अनुमति दे दी। याचिका में कहा कि उसके खिलाफ राजनीतिक द्वेषता से अशोक नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई साक्ष्य भी नहीं है। सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता ने फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट पेश की थी। जिससे बिल सदन में पहुंचा।

# 'स्टेट यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम' लागू होगा : मिश्र

## तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर राज्यपाल ने मीडिया से चर्चा की

**जयपुर** । राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को राजभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्य योजना और प्राथमिकताओं को लेकर बात रखी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपने कार्यकाल के बीते तीन वर्षों में उन्होंने संविधान की संस्कृति की जागरूकता के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी संविधान की मूल भावना और उच्च आदर्शों के बारे में जान-समझ सके, इस उद्देश्य से उन्होंने प्रदेश के राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में संविधान पार्कों के निर्माण की पहल की है।

उन्होंने कहा कि इसी क्रम में विधानसभा में अभिभाषण से पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन की नई परम्परा का सूत्रपात किया गया। मिश्र ने कहा कि मुलाकात करने आने वाले आगन्तुकों के लिए राजभवन में स्वागत ऑनलाइन अपॉइन्टमेंट सॉफ्टवेयर लागू किया जाएगा और जनजातीय क्षेत्र 49 के गांवों को आदर्श ग्रामों के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश में विश्वविद्यालयों के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए राज्य सरकार के सहयोग से 'स्टेट यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम' (एसयूएमएस) लागू होगा। राजभवन की पहल पर विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचारों की मोनिटरिंग हेतु 'ई-समीक्षा' तंत्र भी विकसित होगा।



राज्यपाल कलराज मिश्र

उन्होंने कहा कि राजभवन प्रदेश के संवैधानिक प्रमुख का आवास होता है, इस नाते यहां संविधान समिति के गठन से लेकर संविधान के निर्माण और इसे लागू किए जाने तक की सम्पूर्ण यात्रा के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाक्रमों को राजभवन में बन रहे संविधान पार्क में प्रदर्शित किया जा रहा है, जो शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति उपयोजना क्षेत्र में आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा ताकि जनजातीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करते हुए उन्हें शिक्षा और रोजगार के पर्याप्त अवसर सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में संचालित आवासीय विद्यालयों, आश्रम छात्रावासों में रिक्त पदों को भरने की त्वरित कार्यवाही करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि टीएसपी क्षेत्र के विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी और उच्च शिक्षा की कोचिंग देने के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल एवं प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए भी कार्य किया गया है। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कुलपति समन्वय समिति एवं टास्क फोर्स का गठन कर प्रयास किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति समग्रता में लागू करने के लिए कार्यशाला की जाये।

# विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर इलाके में एक होटल मालिक द्वारा विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। उधार रुपए मांगने पर होटल मालिक ने मिलने के बहाने उसे बुलाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जातिसूचक शब्द बोले और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जवाहर नगर थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि गलतागेट निवासी 29 वर्षीय विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह गोविन्ददेवजी मंदिर के पास स्थित सब्जी मंडी में काम करती है। 30 अगस्त को उसने होटल मालिक गणेश से उधार रुपये मांगे, ट्रारोपी ने सेक्टर-2 जवाहर नगर बुलाया और जबरन रेप किया।

# सीएम को हैरिटेज निगम की कंगाली का दुखड़ा सुनाया मेयर मुनेश ने

**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस सरकार ने राजनैतिक फायदे के लिए जयपुर में नगर निगम के दो टुकड़े तो कर दिये, लेकिन अब दोनों निगम आर्थिक तंगी से जूझ रहे है। शुक्रवार को इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के शुभारम्भ मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समक्ष कांग्रेस की मेयर मुनेश गुर्जर ने हैरिटेज निगम की कंगाली का दुखड़ा सुनाते हुए उनसे बजट देने की मांग की। मेयर ने कहा "निगम के हालात अच्छे नहीं है। मुझे व पार्षदों को यहां काफी समस्या आ रही है। ऐसे मं आपसे दरखास्त है कि नगर निगम हैरिटेज को थोड़ा बजट उपलब्ध करवाया जाए।"

दरअसल, जयपुर, जोधपुर और कोटा में गहलोत सरकार ने साल 2019 में 2-2 नगर निगम बना दिए थे। अब इन निगमों में आर्थिक स्थिति खराब है। जनता और जनप्रतिनिधि दोनों ही काम न होने से परेशान हो रहे है। बजट नहीं होने के कारण ही जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज एरिया में न तो ठीक से सफाई हो रही है, न ही शहर में टूटी सड़कें ठीक हो रही। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के शुभारम्भ के मौके पर जब मेयर मुनेश गुर्जर को बोलने का मौका मिला तो उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत के सामने अपनी और नगर निगम की पीड़ा जाहिर कर दी।

# लम्पी वायरस की दवाओं के चार हजार किट सांगानेर क्षेत्र में बंटवाएंगे विधायक लाहोटी

## 'बीते 2 दिन में सांगानेर क्षेत्र में लम्पी वायरस से 100 से ज्यादा गायों की मौत हुई, राज्य सरकार इस महामारी पर काबू पाने में पूरी तरह फेल'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । लम्पी वायरस से पिछले 2 दिन में सांगानेर क्षेत्र में 100 से ज्यादा गौवंश की दर्दनाक मौत हुई है। इस वायरस की दवाओं के 4 हजार किट बनवाकर विधायक अशोक लाहोटी सांगानेर क्षेत्र में बंटवाएंगे। विधायक कोष से यह उपचार किट तैयार किये गए हैं।

■ विधायक लाहोटी ने जयपुर कलेक्टर को बदहाल सफाई, फॉगिंग व मृत पशु नहीं उठाने की समस्याएं गिनाईं

इसके साथ ही भांकरोटा, सांगानेर, मानसरोवर, सीतापुरा गांव और टोंक रोड समेत कई क्षेत्रों के लिए 5 मोबाइल टीकाकरण टीमें गठित की गई है। विधायक अशोक लाहोटी ने कहा कि सांगानेर क्षेत्र के घर-घर में लोग गाय पालते हैं। पिछले 2 दिन में 100 से ज्यादा गायों की लम्पी वायरस से मौत हुई है। राज्य सरकार इस महामारी पर काबू पाने में फेल है। शुक्रवार को जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से मिलकर इस भयावह स्थिति से अवगत कराया है। लाहोटी ने बताया कि लम्पी वायरस के फैलने में नगर निगम की लापरवाही सबसे ज्यादा है। न तो निगम की टीमें कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर रही हैं और न ही फॉगिंग की जा रही है। यहां तक कि सड़कों से कचरा तक नहीं उठ रहा। ऐसे में मक्खी-मच्छर पनप रहे हैं, जो कि वायरस को इधर-उधर फैला रहे है। यही कारण है कि शहरी क्षेत्र में तेजी से लम्पी वायरस पांव पसार रहा है। इस पर कलेक्टर ने तुरंत हालात दुरुस्त करने को कहा।



सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने शुक्रवार को जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपकर लम्पी वायरस की रोकथाम के लिए उचित प्रबंधन करने को कहा।

इस बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर बीरबल सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.प्रवीण सैन, नगर निगम से उपायुक्त स्वास्थ्य मुकेश मीणा, उपायुक्त मानसरोवर हेमाराम चौधरी, उपायुक्त पशु प्रबंधन डॉ. हरेंद्र सिंह व डॉ. रश्मि कांकरिया पहुंचे।

# नवजात बच्चों और प्रसूताओं का डीएनए टेस्ट के लिए सैम्पल लिए

■ सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में बच्चे बदलने का मामला

■ डीएनए रिपोर्ट आने के बाद बच्चों के माता-पिता का सही पता चल सकेगा

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी के के सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में सप्ताह भर पहले बच्चे बदलने के मामले में पुलिस ने डीएनए टेस्ट के लिए सैम्पल लिए हैं।

लालकोठी थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की मौजूदगी में अस्पताल में दोनों बच्चों और प्रसूताओं के डीएनए टेस्ट के लिए ब्लड के सैम्पल लिए। शुक्रवार को जॉच के लिए इन सैम्पल को एफएसएल लैब भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि मामला नवजात बच्चों का और संवेदनशील होने के कारण एफएसएल से जल्द रिपोर्ट देने के लिए आग्रह किया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद बच्चों के सही माता-पिता का पता चल सकेगा। हॉस्पिटल के डॉक्टर्स का कहना है कि इस तरह का ये पहला मामला है जब इसे सुलझाने के लिए डीएनए टेस्ट करवाया जा रहा है। गौरतलब है कि एक सितम्बर को जयपुर के घाटगेट निवासी रेशमा और करौली की रहने वाली निशा की डिलीवरी हुई थी। इस दौरान दोनों बच्चों के टैग को लेकर गफलत हो गई और बच्चों की अदला-बदली हो गई। तीन दिन बाद यानि 3 सितम्बर को हॉस्पिटल प्रशासन को अपनी गलती का पता चला तो उन्होंने दोनों बच्चों के परिजनों को इसकी सूचना दी। इस बात पर रेशमा के परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने बच्ची को लेने से इनकार कर दिया। इस विवाद के बाद दोनों नवजात बच्चों को हॉस्पिटल की नर्सरी में रखा गया और मामले को सुलझाने के लिए 6 डॉक्टर्स की एक कमेटी बनाई गई। इस मामले को सुलझाने के लिए पहले तो हॉस्पिटल प्रशासन ने दोनों बच्चों और दोनों के माता-पिता के ब्लड का सैंपल लेकर उसकी जांच के आधार पर निर्धारित किया कि लड़का निशा का है और लड़की रेशमा की। ब्लड सैंपल की इस रिपोर्ट को रेशमा के परिजनों ने मानने से इनकार कर दिया। उसके बाद जांच कमेटी ने दोबारा ब्लड सैंपल लेकर जांच करवाई, तब भी रिपोर्ट के आधार पर लड़की रेशमा की निकली और लड़का निशा का। हालांकि इस बार भी रेशमा के परिजनों ने बच्ची को अपनाने से मना कर दिया और डीएनए जांच की मांग करने लगे। जांच कमेटी की ब्लड रिपोर्ट आने के बाद भी परिजन तैयार नहीं हुए तो कमेटी ने डीएनए जांच की सिफारिश कर दी। इसे देखते हुए लालकोठी पुलिस को मामला भेज दिया गया। उधर बच्चों को हॉस्पिटल प्रशासन की निगरानी में हॉस्पिटल स्थित नर्सरी में रखा गया है। जहां से दोनों बच्चों को मदर मिल्क बैंक से दूध पिलाया जा रहा है।



## World Suicide Prevention Day

There's been a rising epidemic in the world, and that epidemic is suicide. If we don't know someone who had committed suicide, it's almost certain that we know someone who has attempted it. Suicide is a problem that affects all age groups, genders, and social strata, and it seems sometimes to be utterly inescapable. World Suicide Prevention Day raises awareness about this tragic issue and works to prevent it through education and support of those who struggle with suicidal ideation every day.



#AROUND-D-WORLD

# Tasting The World

Breakfast around the world: How different places start the day.



Bircherm Esli- Switzerland

When it comes to breakfast foods around the world, there are as many ways to enjoy the first meal of the day as there are to say "good morning."

From creamy cornbread cake in Brazil and savoury Tunisian chickpea soup to fluffy Ukrainian pancakes and sweet coconut jam toasts in Singapore, these international specialties offer a food option for every palate.

And even if the flavours in some of these dishes might be unexpected based on your typical choices, the presentations are likely familiar. Maybe you'll even find some inspiration for your next meal.

### Japan



Japanese breakfasts fall squarely on the savoury side of the food spectrum: In fact, much of what you can eat for breakfast in Japan wouldn't be out of place at any other meal of the day.

Many morning repasts consist of a selection of small plates, each with a few bites of a traditional Japanese dish.

Fish such as salmon or mackerel, miso soup, pickled vegetables and rice are all represented. There's also tamagoyaki, a slightly sweet rolled omelette made from thin layers of egg in a rectangular pan that gives it its signature shape.

### Switzerland

On weekdays, the Swiss frequently stick to quick but filling breakfasts such as the traditional birchermüesli, the granola-style blend of oats with fruit and nuts that's usually served over thick yogurt.

But on weekends, it's time for Swiss brunch. Along with roesti (potato pancakes), cheeses and cold cuts, the centrepiece of the brunch table is zopf. This braided egg bread is similar to challah or brioche, and served with honey, butter and jam.

### Ethiopia

When you're having qurs (that's "breakfast" in Amharic, Ethiopia's official language), chances are you'll be eating porridge. While there are many varieties and names for hot grain cereals served throughout the country, savorygenfo is one of the most popular.

Genfo is made by mixing barley flour with boiling water until a thick, sticky dough forms, then shaped into a mound with a well in the centre. The well is then filled with clarified butter blended with berbere, the complex spice blend, and dollops of yogurt are often spooned around the edges of the genfo.

### Iceland

Start your day in Iceland with a jolt of life-giving lysi: cod liver oil, a plentiful source of omega-3 fatty acids and one of the by-products of the country's fish industry. Though it's been said to combat seasonal affective disorder, among other health benefits, it's not the only breakfast option.

For a more palatable morning meal, have a bowl of hafragrautur, a thick oatmeal. Top it with nuts, raisins and sugar, or add a helping of skyr, the thick yogurt-like cultured dairy product that's actually a fresh cheese.

### Singapore

The multitude of dishes served in the hawker centres entice the appetite in this Asian city-state. These open-air food courts are always open for business, and it's not uncommon to see hungry people scooping up bowls of savoury curry noodles first thing in the morning.

For a traditional hawker-style breakfast, kaya toast is a must-have. This unassuming-looking toasted sandwich is spread with flavourful kaya, a sweet jam made with coconut milk, eggs and sometimes pandan leaf for vibrant green colour and flavour.

It's great with coffee or tea, and each stall or shop makes kaya toast its own way -- so why not try a few?

### Morocco

Along with mint tea, semolina breads are mainstays on the Moroccan breakfast table. Baghrir are thin, yeasted rounds studded with tiny holes that give them the name "thousand-hole pancakes" or "thousand-hole crepes." Instead of maple syrup, these light semolina breads are topped with butter and honey.

Harcha are thicker, griddled biscuit-style rounds that have a crispy crust from a dusting of coarse semolina. They can be split like English muffins and served with cheese or butter, jam, and honey.

### Australia

For those who love grain bowls, avocado and other savoury toasts, and other staples of all-day café culture, Australia's "brekkie" will be a match made in heaven.

With a focus on fresh produce, whole grains and nourishing combinations, Australian breakfasts can range from the classic avocado toast on seeded bread to a farro bowl topped with a poached egg and pickled vegetables or rice pudding with yogurt, seeds and berries.



Brekkie, Australia



Queen Elizabeth II

This was the time when then Maharani Gayatri Devi decided to join politics influenced by the last Governor General C Rajagopalachari. She had decided to float the Swatantra Party and challenge the reign of the Congress with Mohan Lal Sukhadia as the Chief Minister. But the Jaipur royals decided to keep it a secret as if Pandit Nehru would come to know that Gayatri Devi was floating a political party that would prove to be a threat to the Congress regime in Rajasthan, he would not have permitted the British royals to visit Jaipur.

# Jaipur loses a friend in Queen's demise



Gayatri Devi, Prince Phillip, Queen Elizabeth, Sawai Man Singh.



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*

Queen Elizabeth was the first British monarch to visit India after India became free in 1947. In 1960, when the process of the Queen's visit to India started, the Maharaja of Jaipur, Sawai Man Singh, who would spend the entire summers in a year in England playing polo was the first to take this opportunity and used his connections to request Queen Elizabeth to visit Jaipur as the Maharaja's guest.

The Maharaja pursued the Queen and Prince Phillip to go for a tiger shoot at Ranthambhore some 170 km from Jaipur which used to be a part of the Maharaja's principality once and served as the royal's hunting ground.

This was the time when then Maharani Gayatri Devi decided to join politics influenced by the last Governor General C Rajagopalachari. She had decided to float the Swatantra Party and challenge the reign of the Congress with Mohan Lal Sukhadia as the Chief Minister. But the Jaipur royals decided to keep it a secret as if Pandit Nehru would come to know that Gayatri Devi was floating a political party that would prove to be a threat to the Congress regime in Rajasthan, he would not have permitted the British royals to visit Jaipur. Thus it was kept as a closely guarded secret and the news of the Maharani joining the politics was made public only after the departure of the Queen.

### The Royal Guests

The Jaipur visit of the British royals are still remembered by the old people of Jaipur. Col. Kesri Singh's son Raghunath Singh, who is 93 now and lives in Narayan Niwas still remembers the grand reception that the people of Jaipur gave to the "London Ki Maharani".

"The Queen drove down the streets of the old walled city accompanied by the Maharaja Sawai Man Singh. Prince Phillip followed in another car with Bhawani Singh. The people came out in a very large number to greet the royal guests. From Tripoliya, the royal guests were taken inside the City Palace in decorated elephants. There the Maharani Gayatri Devi received the royals. Then followed the feast with the Thakurs in their colourful achkan and churidars and colourful turbans joining the party.

The Queen and the Duke's stay in Jaipur stole the limelight from other stops on their tour of India. The Tattler's correspondent covering the visit of the royals to Jaipur wrote:


"The Queen looks as happy as if she was leading a Derby winner. The elephant, his face a mass of bright tracery, with bracelets of brass tinkling on his feet, was Moghul splendour as only India can do it. This ancient pageantry has no way suffered from the country's social philosophy. The Indians prize and cherish it as the English do".

The Illustrated London News in a front-page report published a photo of the Queen waving to the crowd from her elephant with the Maharaja of Jaipur sitting next to her. The Illustrated Londons News also carried a story which said that 700 Nobles were present at the durbar attired in the court dress.

The Ministry of Home Affairs in Delhi was fuming with these reports in Delhi.

Then there was a dinner at the Rajmahal where the royals were staying. After that, the royals and the hosts went by a special train hauled by a steam engine to Sawaimadhopur. They travelled in luxurious coaches. All four sons of the Maharaja -Bhawani Singh, Jai Singh, Prithviraj, and Jagat Singh were in the special coaches. Each compartment on the train had its own telephone extension which delighted all.

The guests were billeted in Sawaimadhopur's Shooting Lodge and the other party members were made to stay in a guest house like Jhoomar Baori and other places.. The Shooting Lodge was very nicely decorated for the royal guests. Some huts were provided in the lawns with toilets and bath facilities and the guests enjoyed the jungle life very much. This place has hosted a number of dignitaries including royals and high officials.



Queen Elizabeth being welcomed in Jaipur, 1961.



Prince Phillip being welcomed in a traditional way at City Palace in 1961. On extreme right is the Maharaja.

## #MEMOIR


The Queen has heard a lot of stories about the pleasure of hunting in a jungle-like Ranthambhore. And she heard these stories from no one else, but Lord Mountbatten, who visited India on his way to Australia in 1944. Mountbatten was then the Earl of Burma and was on a visit to Ranthambhore as the guest of the Maharaja of Jaipur. Lord Mountbatten had gone to the jungle with Lady Edwina and their petite daughter Pamela. They were conducted in their shikar sojourn by Col. Kesri Singh, then a high official under the Jaipur state and a great authority on tigers.

### Mountbatten Drive

"Col. Kesri Singh to commemorate the visit of Mountbatten created a tiger beat and named it Mountbatten Drive. When passing through the jungle Mountbatten was surprised to see signage in his name. He was lucky as his daughter Pamela eventually shot a tiger from a specially created machan. This tiger shot became very popular later in the royal cocktail circuit. When the Queen visited Ranthambhore in 1961, she drove past Mountbatten Drive." said Raghunath Singh, the son of Col. Kesri Singh.

During the Queen's visit to Ranthambhore, the entire arrangements were made by Col. Kesri Singh. He was the Guru of Shikar and had conducted many shikar trips of the Maharaja.

Prior to the royals visit to India, the newspapers in London broke the news that the Queen and her party would go to Ranthambhore near Jaipur as the guest of the Maharaja for a tiger shoot. The news created a furore and the Anti-Blood Group, an organization for wildlife animals started a campaign in England.



Tiger hunt organised for Queen Elizabeth II and Prince Philip in 1961 in Ranthambhore.

"The Queen drove down the streets of the old walled city accompanied by the Maharaja Sawai Man Singh. Prince Phillip followed in another car with Bhawani Singh. The people came out in a very large number to greet the royal guests."

Shooting these majestic creatures was still legal, as was the custom of royal trophy hunts, but with modern eyes, the scene looks nothing short of barbaric.

The Queen dressed in the jungle suit with her husband, the Duke of Edinburgh - known in his younger days as the "Trigger Happy Prince" – went ahead with the hunt, despite protests from British and Indian politicians.

In the same year, he was made president of the World Wide Fund for Nature.

The London's Daily Mirror campaigned against the proposed shikar by the royals and in a front-paged story, the tabloid

The Queen and Prince Philip stand with a proud hunting party over the body of a slaughtered tiger, in a Daily Mirror image that caused a furore even back in 1961.

The Daily Mirror of London had campaigned against this royal shikar sojourn and one of its issue on the front page questioned "Another Tiger Hunt. Does Phillip need another rug for his palace"?

This outcry in the British media also had an impact in India and some politicians raised the issue of killing the tigers by the royals.

Apart from this, there were reports in the Indian media about Maharaja Sawai Man Singh's plan to hold a Durbar in Jaipur's City Palace during the visit of the British Queen.

In her book "A Princess Remembers" Maharani Gayatri Devi describes the controversy thus

"Pandit Nehru wrote to Jai (Maharaja of Jaipur) that he was very upset with the reports that bait would be used for the convenience of the royals during the shikar sojourn to Ranthambhore to enable the royal couple to shoot a tiger. Pandit Nehru asked Jai to be sure that no bait was to be used on this shoot. He also questioned the desire of the Maharaja to hold a Durbar where the royal would be present. To this, the Maharaja shot back a reply to Nehru that he was very upset that the Prime Minister should think him so irresponsible. It was perfectly clear from the wording of the invitations to the Nobles of the erstwhile Jaipur state that there was no intention of holding a Durbar. The Maharaja was then asked by Nehru why the guests had been asked to come in full dress and wearing turbans. The Maharaja replied that this was a tradition in Jaipur to wear traditional costume and the Nobles would always come to any ceremonial occasion dressed in their achkan and turbans and carrying their swords".



Queen with a camera in Ranthambhore
*Photo: Courtesy Mukund Rungta*



Col. Kesri Singh.

When a photograph of the Queen and the Duke having killed a nine foot-eight inches tiger was released by Buckingham Palace, an Indian government official in London's India House branded it "astonishing".

The photo showed a beaming Prince Phillip standing near the tiger's head. Besides him was the Maharani Gayatri Devi and her son late Jagat Singh, the Maharaja also stood in the picture.

### Condemnation

The release of this picture was criticized heavily by London's Daily Herald and the British dailies carried reports of how two hundred beaters who the Maharaja engaged had lured the tiger to a position where the royals were able to shift to a position where the Prince was able to shoot it down from the top of a machan.


One British newspaper derided the shikar as the most choreographed shoot ever staged. A second tiger was shot by the Duke's treasurer, Rear Admiral Christopher Douglas Bonham-Carter, though it was rumoured that this tiger has actually shot the Queen herself.

The photo opportunity was followed by a champagne lunch in the jungle. The Daily Mirror in its campaign carried a report blasting the hunt, saying it was high time "that those who advise the Royal family on these matters should take some heed of public opinion. The royal family does not seem to have caught up with the modern enlightened views on the killing of animals for pleasure.

Royal biographer Robert Hardman wrote in his book Queen of the World: "The Maharaja was very clear about the main purpose of the visit: The Duke of Edinburgh was going to shoot a tiger.



Queen with Gayatri Devi in Ranthambhore.



Hanut Singh (C) with the Queen after a Polo final in London.

Biographer Robert added how there was a backlash from some in the UK because of the buffalo used as bait.

At sunrise the following day a hunt was organised for the Queen to shoot a female tiger. But according to Col. Kesri Singh, the former game ranger who led the royal party, she decided that a monarch should not make the kill and handed her gun to one of her staff to deliver the fatal shot.

The tiger's body was hauled back to the Maharaja's palace in Jaipur by truck. The Maharaja meanwhile had the Prince's trophy tiger skinned and stuffed and shipped to Windsor Castle.


"At the very moment, the Duke was in the process of establishing the World Wildlife Fund. Yet in the India of 1961, the tiger was still seen as a desirable pest and a very desirable trophy. There was certainly no secrecy about the exercise."

Later, largely at the behest of Indira Gandhi eleven years after the killing of the tiger by the British royals

The Indian Parliament enacted The Wildlife Conservation Act in 1972 that banned the shooting of tigers and other wildlife and this put on hold all the shikars and a new conservation programme for the tigers started in the country and tiger conservation which was the dream child of a forest officer Kailash Singh Sankhla became a reality.

writetoarbit@rashtradoot.com

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# वीर जवानों के लिए सेना ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

## 1965 के भारत-पाक युद्ध की लड़ाई के इतिहास की जानकारी ली

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। भारतीय सेना ने पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के साथ मिलकर रणभूमि श्रद्धांजलि यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के द्वारा यहां के नागरिकों को एक अवसर प्रदान किया गया। भारत राजस्थान के रेगिस्तान में प्रसिद्ध युद्ध के मैदान का दौरा करने और भारतीय सैनिकों की वीरता, बहादुरी और अदम्य भावना को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए, जिनके युद्ध के वृत्तांत युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों द्वारा बताए गए, विषय रहा मेरी कहानी – मेरी जुबानी

यात्रा का अंतिम दिन जैसलमेर के घोटारू किले से शुरू हुआ, जहां पर्यटक किले के इतिहास से परिचित हैं जो पश्चिमी रेशम मार्ग का प्रमाण है, 1965 के भारत–पाक युद्ध की लड़ाई का प्रमाण है। लोंगेवाला में लोंगेवाला की लड़ाई के चार दिग्गजों ने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरतापूर्ण कार्रवाइयों को सुनाया। तनोट माता मंदिर में पूजा अर्चना की और साधेवाला भी गए। अंतिम दिन, जैसलमेर युद्ध संठाहालय ने जोधपुर में यात्रा के समापन से पहले यात्रा की मेजबानी की।



भारतीय सेना ने पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के साथ मिलकर रणभूमि श्रद्धांजलि यात्रा की।

यह यात्रा सैनिकों और भारत के लोगों की हमारी वीरता की अदम्य भावना के लिए एक उचित श्रद्धांजलि है, जो हमारे पश्चिमी विरोधी के इरादों के खिलाफ मजबूती से खड़े हुए हैं। सैन्य दिग्गज और राज्य पर्यटन विभाग के फ्यूजन के जरिए इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जाएगा। यह युवाओं को प्रेरित करने, पर्यटन को सुविधाजनक बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों के आर्थिक विकास में काफी मददगार साबित होगा।

- **लोंगेवाला की लड़ाई के चार दिग्गजों ने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरतापूर्ण कार्रवाइयों को सुनाया**

# निरीक्षण में प्रधानाध्यापक सहित 10 अध्यापक मिले अनुपस्थित

## शिक्षा अधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर जांचा

**करौली,** (नि.स.)। करौली में महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने आकस्मिक दौरा कर निरीक्षण किया निरीक्षण में 25 अध्यापकों में से 10 अध्यापक अनुपस्थित पाए गए जिनमें प्रधान अध्यापक शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय स्थित शहर में गणेश गेट के पास पुरानी जेल में संचालित महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को प्रातः विद्यालय समय 7:30 बजे पहुंच कर विद्यालय स्टाफ के उपस्थिति रजिस्टर मैं अध्यापक, अध्यापिकाओं सहित प्रधानाचार्य की उपस्थिति देखी। जिसमें विद्यालय के 25 में से 10 अध्यापक अध्यापिका सहित प्रधानाचार्य अनुपस्थित पाए गए।

इसी मौके पर उन्होंने गंभीर नाराजगी जाहिर करते हुए विद्यालय प्रबंधन को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इससे पूर्व गत 24 अगस्त को किए गए निरीक्षण के दौरान भी 25 में से 2 अध्यापक निर्धारित समय पर नहीं पहुंचे और अनुपस्थित पाए गए उसके उपरांत भी उनका वेतन आहरण किया गया जो एक गंभीर लापरवाही का प्रतीक है इसके अलावा उन्होंने सर्विस बुको का भी अवलोकन किया जिसमें भी गंभीर लापरवाही पाई गई।

- **पुरानी जेल में संचालित महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया**

जिसकी उन्होंने उनके निरीक्षण के दौरान साथ में रहे व्याख्याता चंद्रेश गुप्ता को विद्यालय की अव्यवस्थाओं सहित अन्य कमियों की रिपोर्ट तैयार कर पेश करने के लिए निर्देश दिए गए जिन निर्देशों पर व्याख्याता चंद्रेश गुप्ता व उनकी टीम ने विद्यालय के रिकॉर्ड की जांच कर जांच रिपोर्ट तैयार कर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को पेश की इससे पूर्व निरीक्षण के दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन की अनियमितताओं और अभिभावकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रधानाचार्य को हिदायत देते हुए कहा कि अभिभावकों की शिकायतों को गंभीरता से ले।

इसके अलावा उन्होंने विद्यालय में से इस सत्र में कितने छात्रों की टीसी दी गई है उनकी रिपोर्ट भी प्रधानाचार्य से ली गई।

इस मामले में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अभिभावकों के द्वारा जिला कलेक्टर के यहां भी विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत की गई है। जिन पर भी जांच की जा रही है।

गत 24 अगस्त को निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का वेतन आहरण करने व अन्य लापरवाहीयों की पूरी रिपोर्ट तैयार कर जिला कलेक्टर को रिपोर्ट पेश की जावेगी और करौली जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार ही अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

## विमुक्त एवं घुमंतू जातियों का देवलोक' गोष्ठी शुरू

**उदयपुर,** (कासं)। उज्जैन में जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी की ओर से आयोजित विमुक्त एवं घुमंतू जातियों का देवलोक विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन डॉ. महेंद्र भानावत ने किया। डॉ. भानावत ने कहा कि देवलोक प्रत्येक समाज का अपना रक्षा ढांचा होता है। लोक को शास्त्र की आवश्यकता नहीं होती जबकि शास्त्र लोक की बुनियाद पर खड़ा होता है। लोक ने ही देवताओं की धारणा अनेक अर्थों में शास्त्र, सभ्यता और संस्कृति को दिए हैं। उन्होंने दिव्यात्माओं, प्रेतों और मानवीय रूप में आए देवताओं के मेलों तथा देव धारणाओं के पोषक नाट्यय, ख्याल, रम्मतों आदि को भी विस्तार से विवेचित किया।

# कार चालक की ए.सी. में दम घुटने से मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जयपुर से देशी पर्यटकों को जोधपुर लेकर पहुंचे एक कार चालक की गाडी में एसी के चलते दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता काफी देर बाद चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। जैसे तैसे कार को खोला गया और उसे बाहर निकाला गया, मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सदर कोवताली पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया।

थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि जयपुर के दूदू का रहने वाला दलपत सिंह कार टैक्सी चलाता है। वह गुरूवार की अलसुबह जयपुर से देशी पर्यटकों को लेकर जोधपुर आया था। यहां भीतरी शहर स्थित ओम हेरिटेज पर आकर रूका। पर्यटक हेरिटेज होटल पर चले गए। इस बीच थकान के चलते दलपत सिंह कार में ही एयर कंडिशनर चालू कर सो गया। बाद में नौ बजे जब पर्यटकों को घुमाने ले जाने की बात हो रही थी तब उसे कॉल किया गया, मगर उसने फोन रिसीव नहीं किया। काफी देर तक फोन नहीं उठाने पर साथ आए पर्यटक परिवार ने कार में आकर देखा तो वह अंदर ही था और गाडी लॉक थी। बाद में पुलिस को भी बुलाया गया। इस पर साढे नौ बजे के आस पास पुलिस वहां पहुंची। थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि कार को जैसे तैसे कर खोला गया। उसे बाहर निकाला गया तो वह मर चुका था। कार में एसी चालू कंडिशन में था। संभवतः एसी चालू रहने से वह दम घुटने से मरा होगा। बाद में परिजन को अजमेर सूचना देकर बुलाया गया। शव का पोस्टमार्टम करवा सौंप दिया गया।

## गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित गणपति प्रतिमाओं का शुक्रवार को गंभीर सागर तालाब व दवेला तालाब पर विसर्जन किया गया। इससे पूर्व सभी प्रतिमाओं की अलग–अलग शोभायात्रा निकाली गई। वहीं कुछ मिट्टी के गणपति प्रतिमाओं का घर पर ही विसर्जन करके मिट्टी का उपयोग गमले में करने का भी सकल्प लिया। भीण्डर के सुरजपोल स्थित कैलाश धर्मशाला में स्थित सनातन धर्मोत्सव सेवा समिति, मुरलीधर मन्दिर युवा मित्र मण्डल ब्रह्मपुत्र, भीण्डेश्वर महादेव मन्दिर के बाहर, रावलीपोल चौक में मेवाड मित्र मण्डल, नृसिंह मन्दिर पर नृसिंह युवा मित्र मण्डल के साथ सोनारों की गली, गिरवल पोल चौक, गायत्री चौक सहित करीब 15० गणपति प्रतिमाओं का गंभीर सागर तालाब में विसर्जन हुआ।

# लंपी स्कीन रोग : मुस्तैदी से जुटा हुआ है पशुपालन विभाग

## ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर किया जा रहा है जागरूकता कार्यक्रम

**उदयपुर,** (कासं.)। गोवंश में फैल रहे लंपी रोग के संक्रमण को रोकने के लिए जिला कलक्टर तारांचद मीणा के निर्देशन में पशुपालन विभाग द्वारा निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरण का कार्य किया जा रहा है और ग्रामीणों को इस रोक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर पशुओं को रोगमुक्त रखने के लिए सार्थक चर्चा एवं संवाद नियमित रूप से किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. भूपेन्द्र भारद्वाज ने शुक्रवार को सराड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांवों मे जाकर रोग की रोकथाम के लिए किये जाने वाले कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने इस क्षेत्र मे कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस रोग से निदान के लिए प्रभावी प्रयास करने, टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने, उपलब्ध संसाधनों को समुचित उपयोग करने, आयुर्वेद व होम्योपैथी इलाज के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने, स्वस्थ्य पशुाओं को संक्रतिम पशुओं से दूर रखने, स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, ग्रामीणों में फैल रही भ्रांतियों को दूर करते हुए उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पशुपालकों से संवाद करते हुए कहा कि बाड़ों की साफ–सफाई एवं अपने पूरे क्षेत्र को मच्छर, मक्खियों एवं चिंचड़ो से मुक्त रखने के प्रयास करें। इस रोग की रोकथाम के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा बनाये गये औषधिय लड्डुओं का भी तेजी से वितरण कर पशुओं को खिलाया जा रहा है जिससे उनकी रोगप्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होगी।

विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि इस रोग से ग्रस्त पशु के दुग्ध को उबालकर काम मे लिया जा सकता हैं। इस प्रकार के दुग्ध को काम मे लेने से मनुष्य को किसी भी प्रकार की हानि नहीं है। आमजन को इस बात की जानकारी दें कि यह रोग पशुओ से मनुष्यों मे नही फैलता हैं। उन्होंने बताया कि मच्छर, मक्खियो और चिंचड़ो को नियंत्रित करने से इस रोग को फैलने से आसानी से रोका जा सकता है। असंक्रमित क्षेत्रों मे इस रोग से बचाव का टीका लगाकर स्वस्थ पशुओं को संक्रमण से बचाया जा सकता है।

## प्राइवेट कंपनी का ए.टी.एम. उखाड़ा

**जुरहरा,** (निस)। गुरुवार की रात्रि को भरतपुर जिले के जुरहरा के सहसन चौराहे पर स्थित एक दुकान में लगे प्राइवेट कम्पनी इंडिया वन की एटीएम मशीन को बदमाश उखाड़कर ले गए।

एटीएम मशीन में करीब छत्तीस लाख रुपए की राशि रखी हुई बताई जा रही है। उक्त वारदात का पता एटीएम संचालक इमरान खान निवासी घोसिंगा थाना जुरहरा को शुक्रवार की सुबह किसी व्यक्ति से चला। सूचना मिलते ही एटीएम संचालक सुबह अपनी एटीएम मशीन पर पहुंचा और स्थानीय थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी जिसके कुछ देर बाद ही जुरहरा थानाधिकारी जयप्रकाश सिंह मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

थानाधिकारी के द्वारा घटना की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी, जिस पर एडिशनल एसपी सेक्टर डीग, सीओ कामां प्रदीप कुमार यादव मौके पर पहुंचे जिन्होंने थानाधिकारी जयप्रकाश तथा एटीएम संचालक इमरान खान से घटना के बारे में जानकारी ली साथ ही आसपास से सुराग तलाशने की कोशिश की। एटीएम मशीन सहित इतनी बड़ी राशि की चोरी हो जाने की घटना के बाद मौके पर साइबर क्राइम टीम, एमओवी टीम, एसएफएल टीम व डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची और मौके से सैंपल उठाए।

- **भरतपुर जिले के जुरहरा के सहसन चौराहे की घटना**

इमरान खान ने बताया कि शनिवार व रविवार को बैंक की 2 दिन की छुट्टी होने के कारण इतनी बड़ी राशि एटीएम में रखी गई थी जिससे कि शनिवार व रविवार को छुट्टी वाले दिन ग्राहकों को परेशानी नहीं हो। वहीं दूसरी ओर घटना के बारे में एटीएम संचालक इमरान खान पुत्र फजरूद्दीन निवासी घोसिंगा थाना जुरहरा के द्वारा स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है।

## हत्या के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार

**भीम,** (निसं)। बहन के साथ अवैध संबंधों को लेकर युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो सगे भाई आरोपियों को गिरफ्तार किया है कुर्सी आई गजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव लाल बेरवा के सुपरविजन में गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ईश्वर सिंह पिता दिलीप सिंह व भगवत सिंह पिता दिलीप सिंह निवासी कुंडाल की गुहार भीम को घटना के 24 घंटे में राउंडअप कर शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। 7 सितंबर को कमला देवी पत्नी देवी सिंह निवासी लक्ष्मीपुरा देवगढ़ दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उसके पति देव सिंह पिता तेज सिंह के मोबाइल पर 6 सितंबर को फोन आया था जो फोन पर बात कर घर से मोटरसाइकिल पर निकले थे। उसके बाद शाम करीब 5:00 बजे ईश्वर सिंह पिता दिलीप सिंह नेट मेरे पति के मोबाइल से मेरे मोबाइल पर फोन कर कहा कि मैं कुशाल सिंह का साला बोल रहा हूं हमने तुम्हारे पति देवी सिंह को मार दिया है।

# नकली दूध बनाने की मिलावटी सामग्री बरामद

**बीकानेर,** (कासं)। छतरगढ़ के करणीसर बास में नकली दूध बनाकर बेचने की शिकायत पर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार कार्यवाही की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में मिलावटी सामग्री बरामद की गई है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि एक मुखबिर द्वारा छतरगढ़ में नकली दूध बनाने की शिकायत की गई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए गुरूवार देर रात ही छतरगढ़ के उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी ने आइएलआर और पटवारी के साथ बीरबल बिस्सू के दो मंजिला आवास पर औचक छापामारी की। इस दौरान मौके पर कुछ मिक्सर पाये गए। इनके माध्यम से असली दूध का फैट निकालकर इसमें कृत्रिम फैट मिलाने की कार्यवाही की जा रही थी।

यह कार्य यहां मौजूद दो लड़कों द्वारा किया जा रहा था। शुद्ध दूध से फैट निकालने की मशीन भी बरामद हुई। इस मशीन से फैट निकालने के बाद इससे क्रीम अलग किया जा रहा था। देर रात छापामारी के बाद उपखण्ड अधिकारी द्वारा पुलिस थाने के एएसआई अमरराम



छतरगढ़ के करणीसर बास में नकली दूध बनाकर बेचने की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

की मौजूदगी में इस स्थान को सीज कर दिया। शुक्रवार सुबह बीकानेर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित पूरी टीम को मौके पर भेजा गया। सीज किए स्थान पर आगे की कार्यवाही की गई। मौके पर पंद्रह–पंद्रह लीटर तेल के 34 टिन तथा 25 कट्टे वे पाउडर जब्त किया गया। दूध के प्लास्टिक के 27 केन भी बरामद हुए। वे पाउडर को मिक्सी में डालकर आर्टिफिशियल फैट बनाया जाता है तथा फैट निकाले हुए ऑरिजनल दूध में यह फैट डालकर फिर इस दूध को सप्लाई किया जाता है।

इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा इस दूध के सेम्पल लिए गए हैं। जांच करवाने के बाद प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में मिलावटखोरी के विरूद्ध सतत छापामारी जारी रहेगी। मिलावट पाई जाने की स्थिति में सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## दोवडा में नकली घी पकड़ा

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल मीणा के निर्देशन में मुखबीर की सूचना पर पुनाली बस स्टेड थाना दोवडा में स्थित अमूल पार्लर दूध डेरी पर दबिश दी गई, जहां पर प्लास्टिक की थैलियों में एक किलों की 61 और आधा किलों की 48 थेलियां बंधी हुई और बिना लेबल के चार डिब्बों में करीब 60 किलों एव प्लास्टिक के एक केन में करीब 20किलों ग्राम घी कुल 165 किलो ग्राम घी पाया गया। जिस पर नकली घी होने का अंदेशा होने पर उसे डिटेन कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डेरी संचालनकर्ता के पास कोई वैध कागजात नहीं होने और नकली घी का अंदेशा होने पर उक्त घी को अधिग्रहित कर डेरी संचालन कर्ता प्रवीण पुत्र लालशंकर पाटीदार निवासी पुनाली को डिटेन कर अग्रिम कार्यवाही हेतु दोवडा थाना को सुपुर्द किया गया। डीएसटी टीम में अरविंद सिंह हैड कानि.,राजकुमार हैड कानी, राकेश कुमार कानी, अंकित त्रिवेदी एवं चालक भूपेन्द्र कुमार मौजूद थे।

# सफाई व्यवस्था सही नहीं होने पर बेकरी संचालक को नोटिस थमाया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा को मिली एक शिकायत के आधार पर आज हनुमानगढ़ टाउन में एक बेकरी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की कार्यवाही में बेकरी सेंटर पर सफाई व्यवस्था नहीं होने एवं अन्य अव्यवस्थाओं के लिए संचालक को पाबंद किया गया। संचालक को निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को सही होने के बाद कार्य शुरू करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि एक सूचना के आधार पर आज उन्होंने टाउन स्थित रामसिंह कॉलोनी में श्रीराम बेकरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उनके साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीतसिंह यादव, लैब टैक्नीशियन दलीपसिंह, हीरावल्लभ, युनूस खान टीम में शामिल थे। आकस्मिक निरीक्षण में उन्होंने जांच में पाया कि बेकरी की निर्माण इकाई को खाद्य सामग्री बनाने के साथ–साथ गोदाम के रूप में भी इस्तेमाल किया जा रहा था। इस कारण वहां पर हर जगह गन्दगी ही गन्दगी थी। उन्होंने बताया कि संचालक द्वारा खाद्य सामग्री बनाने के लिए उपयुक्त मापदण्ड इस्तेमाल नहीं किए जा रहे थे।



हनुमानगढ़ टाउन में एक बेकरी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निर्माण इकाई का परिसर भी बहुत छोटा था। इसके अलावा वहां पर कागज, गत्ते, खाली डब्बे एवं अन्य प्रकार की अनुपयुक्त सामग्री का ढेर पड़ा था और वहीं पर ही केक–पेस्ट्री बनाई जा रही थी। इससे खाद्य सामग्री में गन्दगी मिल रही थी। इसके अलावा तैयार खाद्य सामग्री भी खुले में रखी हुई थी। इस दौरान निम्राण इकाई से पेस्ट्री एवं केक का नमूना भी लिया गया तथा केक–पेस्ट्री के निर्माण में इस्तेमाल होने वाला खाद्य पदार्थ, डार्क कम्पाउण्ड (वेनेलियर ब्राण्ड) प्रोपराइट्री फूड का भी नमूना जांच के लिए लिया गया, जिसे जांच के लिए बीकानेर भेज दिया गया। संचालक को पाबंद किया गया कि निर्माण इकाई की पर्याप्त सफाई व्यवस्था करवाएं। वहां रखे हुए कागज, गत्ते, खाली डब्बे आदि को नष्ट कर वहां पर केवल खाद्य सामग्री के निर्माण में उपयोग में आने वाली वस्तुओं को ही रखा जाए।

## मारपीट में दंपती घायल

**उदयपुर,** (कासं)। जमीन विवाद के चलते डांगियों का गुडा में दो पक्षों के बीच आपसी मारपीट हो गई। हमले में दंपत्ति घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोपर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण के अनुसार गुरूवार को सुखेर थाना क्षैत्र डांगियों की मगरी भुवाणा निवासी निवासी बंशीलाल पुत्र दल्लाजी डांगी व डांगियो का गुडा निवसी भंवरलाल पुत्र गलाजी डांगी के बीच जमीन विवाद को लेकर रंजिश चल रही है। इसी के चलते गुरूवार सांय भंवरलाल उर्फ मोहनलाल उसकी पत्नी नरायणी, भंवर के पिता दल्ला व साथियों ने घर में घुस कर बंशीलाल व परिजनों पर हमला कर दिया। माहोल खराब होने पर हमलावर फरार हो गए। इधर हमले में बंशीलाल व उसकी पत्नी नारायणी गंभीर घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस मामले में पुलिस ने बंशीलाल की रिपोर्ट पर आरोपी भंवर व परिजनों के खिलाफ घर में घुस कर मारपीट करने का तथा भरंवर की रिपोर्ट पर बंशीलाल व परिजनों के खिलाफ मारपीट कर 5 हजार रूपये व मोबाईल छीनने का मामला दर्ज कर जांच की।

# कुलपति और रजिस्ट्रार ने छात्र संघ पदाधिकारियों से वार्ता की

## मोहनलाल सुखाडिया वि.वि. का छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया विवि की ओर से शुक्रवार को छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों ने कुलपति सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों के समक्ष अपनी मांगों और समस्याओं को रखा।

विवि के कुलपति प्रोफेसर आईवी त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में छात्र संघ से जुडे विभिन्न पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। केंद्रीय छात्रसंघ अध्यक्ष कुलदीप सिंह सुवावत ने कहा कि परीक्षा परिणामों को लेकर मैं विद्यार्थियों मैं असंतोष रहता है इसको दूर करने की जरूरत है। इस पर कुलपति प्रोफेसर त्रिवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम का सम्मान करना चाहिए। परिणाम विद्यार्थियों के अध्ययन का पैमाना है और इसी से भविष्य में रोजगार भी मिलता है और विश्वविद्यालय की छवि भी मजबूत तौर पर दिखाई पडती है। इसलिए परीक्षा परिणाम में अंक बढाने से संबंधित समस्याओं को बेवजह उठाने से बेहतर है कि पढाई के माहौल पर ध्यान दिया जाए। कुलपति ने कहा कि यदि परिणामों में पुनर्मूल्यांकन अथवा अन्य कोई तकनीकी समस्या है तो उसका समाधान हाथों–हाथ किया जाएगा लेकिन परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत के बावजूद अगर विद्यार्थियों में असंतोष है तो इसके लिए उन्हें खुद भी विचार करना होगा कि हम किस तरह की मांग कर रहे हैं।

कुलपति प्रोफेसर त्रिवेदी ने कहा कि कोरोना कॉल अब बीत गया है इसलिए अब पुरानी पद्धति से ही परीक्षाएं होगी, जिसमें 3 घंटे का समय होगा तथा पांचों यूनिट से सवाल पूछे जाएंगे।

कुलदीप सिंह ने कहा कि विवि व महाविद्यालय के सभी छात्र संघ पदाधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए जिसमें विवि के सारे नोटिफिकेशन और सूचनाएं साझा की जाए। इस बात पर सहमति जताते हुए रजिस्ट्रार सीआर देवासी ने कहा कि शीघ्र ही ग्रुप बना दिया जाएगा।

- **'परीक्षा परिणामों को लेकर में विद्यार्थियों के असंतोष दूर करने की जरूरत है'**

कॉमर्स कॉलेज के उपाध्यक्ष साहिल नागोरी और महासचिव हर्षद, विधि महाविद्यालय के महासचिव निशांत शर्मा ने हेल्पलाइन व्यवस्था को मजबूत बनाने, प्लेसमेंट कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को अधिकाधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करने और प्लेसमेंट में सहयोग करने की बात कही। छात्रावास से संबंधित समस्याएं ठीक करने साफ सफाई का ध्यान रखने एवं सुविधाएं बढाने की दिशा में शीघ्र कार्य करने की मांग पर कुलपति ने कहा की जनजाति विभाग को एक नए छात्रावास के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

विवि शोध प्रतिनिधि अनुभव बर्बर ने कहा कि डीआरसी और पीजीआरबी समय पर हो और साथी जो छात्राओं के लिए अलग से छात्रावास की व्यवस्था की जाए। छात्र नेताओं ने कहा कि युवा संसद एवं अकादमिक कार्यक्रमों की कार्य योजना भी बनाई जाएगी जिसमें प्रशासन का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर त्रिवेदी ने छात्रसंघ पदाधिकारियों को कहा कि विद्यार्थियों की विभिन्न मांगों को लेकर उनके पास आने वालों का स्वागत है लेकिन जब छात्र नेता भीड साथ ले कर आते हैं तब ना तो समस्या सुन पाते हैं ना उस पर चर्चा हो पाती है ऐसे में छात्र नेताओं को अपनी नेतृत्व क्षमता का विकास करना होगा और 1 या 2 लोगों के साथ आकर अपनी बात कहनी होगी। उन्होंने बात बात पर भीड इकट्ठा करने की आदत को बदलने की नसीहत दी।

## संक्षिप्त

### सचिन डोई ने नाम रोशन किया



**निवाई, (निसं)।** पूर्व प्रधान चन्द्रकला गुर्जर के पुत्र सचिन ने नीट यूजी 2022 के परिणाम में आल इण्डिया ओबीसी में 11855 रैंक प्राप्त करने पर प्राप्तांक 720 में से 587 अंक प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। सचिन ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता पूर्व सीआर मांगीलाल डोई व मां पूर्व प्रधान चन्द्रकला गुर्जर का दिया है। सचिन ने पहली बार में ही कक्षा 12वीं के साथ उक्त सफलता हासिल की है।

### चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी अजय मीणा ने बताया कि 4 सितंबर को बहड निवासी गणेश पुत्र रामचंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया था कि 2 सितंबर को बैंक ऑफ बडौदा शाखा निवाई में वह पैसे निकलवाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल को बैंक के बाहर खडी करके अन्दर गया। थोडी देर बाद में वह बैंक से बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। जिसकी सूचना उसने तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज कर चोरी का खुलासा करने के लिए टीम का गठन किया। टीम ने घटना का खुलासा करने के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में चौथ बरवाडा निवासी आसाराम बैरवा व सुशील बैरवा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अन्य प्रकरण में भी पूछताछ जारी है।

### बनास में डूबे युवक का शव नहीं मिला

**टोंक, (निसं)।** बनास नदी के नए पुल के समीप पिकनिक मनाएं आएं दो युवकों की गुरुवार को मौत होने के बाद दूसरे दिन भी डूबे हुए दूसरे युवक का शव नहीं मिला। जिसकी तलाश में टीमें लगी हुई। जानकारी के अनुसार बनास नदी के नए पुल पर संदीप पुत्र चंदगीराम जाति जाट 35 वर्ष निवासी ओजटू थाना चिडावा जिला झुझूंनू एवं सुरेश पुत्र सुंडाराम जाति जाट 32 साल निवासी श्योपुरा थाना चिडावा जिला झुझूंनू पिकनिक मनाने आएं थे, जहां पर नहाते समय डूब कर मर गए थे, जिसमें संदीप का शव गुरुवार को मिलने पर शुक्रवार को उसके शव पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंप दिया। वही दूसरे युवक सुरेश जाट का शव की तलाशी में सुबह से लेकर दिनभर पुलिस व एसडीआरटी लगी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव नहीं मिला था।

### चार घंटे बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी ने बताया की दीपावली मेंटेनेंस के कार्य के लिए 10 सितंबर शनिवार को व 11 सितंबर रविवार को सुबह 6 से 10 बजे तक तीजा वाला जीएसएस से अनाज मंडी फिडर, चौपड फिडर व मऊ जीएसएस, मऊ ग्रामीण, श्यामसिंह वाली व डेरा रामसागर जीएसएस से गोपीनाथजी फिडर का मरम्मत कार्य किया जाएगा। इससे अनाज मंडी, नवोडी कॉलोनी, बाईपास रोड, पेट्रोल पंप, तीजा वाला जोहडा, चौपड बाजार, रींगस बाजार, सुरानी बाजार, सीकर बाजार व इनके आसपास की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी विभाग के शहर फीडर इंचार्ज लक्ष्मीकांत कुमावत ने दी।

### बालाजी का तीन दिवसीय मेला सम्पन्न

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा के निकट स्थित ग्राम सामलपुरा में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों की जानकारी के अनुसार मेले के दौरान प्रथम दिवस को भजन-कीर्तन किया गया तो द्वितीय दिवस पर विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। वहीं तीसरे दिन क्षेत्र के प्रत्येक घर में खीर,चूरमा व बाटी का प्रसाद बनाकर बालाजी महाराज के भोग लगाया गया। सायंकाल को डोल व डीजे की धुनों के साथ बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर हजारों लोग उपस्थित रहे है।

### रोशन सितमका बने संयोजक

**रींगस, (निसं)।**भाजपा युवा मोर्चा सीकर के आईटी विभाग में रींगस के रोशन सितमका शर्मा को सोशल मीडिया का जिला संयोजक बनाया गया है। रोशन सितमका के जिला संयोजक बनने पर लोगों ने उन्हे बधाई दी है।

# 'गणपति बप्पा मोरया-अगले बरस तुम जल्दी आना' के जयकारों की रही गूंज

**टोंक, (निसं)।** टोंक शहर में मनाए गए 11 दिवसीय गणेश महोत्सव के अन्तिम दिन शुक्रवार अनन्त चतुर्दशी पर धर्मोत्थान सेवा समिति सहित विभिन्न समितियों द्वारा धूमधाम से गणपति प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्राएं निकाले जाने के साथ गणपति प्रतिमाओं को चतुर्भुज तालाब में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने नाचते गाते हुए गणपति बप्पा के जयकारों के साथ गणपति प्रतिमाओं का विजर्सन किया।

धर्मोत्थान सेवा समिति तत्वावधान में टोंक शहर में मनाए गए 11 दिवसीय गणेश महोत्सव के अन्तिम दिन अनन्त चतुर्दशी को निकाली गई। शोभायात्रा एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान सम्पूर्ण टोंक शहर गणपतिजी के रंग में रंग गया। धर्मोत्थान सेवा समिति की ओर से टोंक में कई मंदिरों में स्थापित प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा विधिवत आरती एवं पूजा के साथ यज्ञ के बालाजी से प्रारंभ हुई। जिसको पूर्व सभापति गणेश माहुर, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, एडवोकेट कैलाश शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, ओमप्रकाश अजमेरा, विवेक सैन सहित समिति के पदाधिकारियों ने आरती कर रवाना किया। समिति के सदस्यों द्वारा हस्तनिर्मित साढे 9 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा की भव्य झांकी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रही। शोभायात्रा के साथ उपखंड अधिकारी गिरधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाशचंद, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, रुद्रप्रकाश शर्मा, भवानी सिंह, इन्दू लोदी, पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह, सदर थाना अधिकारी राजेन्द्र खंडेलवाल, एएसआई रामेश्वर प्रसाद, प्रभूसिंह सहित पुलिस अधिकारी व जवान व्यवस्था संभाले हुए थे।



मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, छोगालाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, गोपाल गुर्जर ने बतोर अतिथि एक सौ ग्यारह प्रतिमाओं की शोभायात्रा में शिरकत की।

- गणपति प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाल जयकारों के साथ विसर्जन

**मालपुरा।** गणपति महोत्सव समिति एवं हिन्दू समरसत्ता मंच के सहयोग से नगरपालिका मालपुरा के तत्वावधान में मालपुरा शहर के एक सौ ग्यारह स्थानों से निकली गणपत्ति प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा में अनुमानित 10 हजार से अधिक अपार जनसमूह की मौजूदगी में प्रतिमाओं का बम्ब तालाब मे विसर्जन हुआ।

महोत्सव समिति संयोजक कृष्णकान्त जैन की अगवाई में विगत 10 दिनों से एक सौ ग्यारह स्थानों पर विराजीत गणेश प्रतिमाओं का जुलूस 21 डीजे व बेन्ड बाजों के साथ शुरू होकर सुभाष सर्किल पर चारों दिशाओं से आयी शोभायात्राओं का संगम हुआ। क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, छोगालाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, गोपाल गुर्जर ने बतोर अतिथि शिरकत कर गणेश जी की सामूहिक आरती का शोभाग्य प्राप्त किया। विधायक ने गणपत्ति प्रतिमा सिर पर धारण कर जनसमुह के साथ पैदल शामिल हुए तो पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने गणपति बप्पा मोरया-अगले बरस तु जल्दी आ के जयकारे लगाये।

## लंपी रोग की रोकथाम हेतु अलवर नोडल अधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया

**बहरोड/अलवर, (निसं)।** जिले में लंपी स्किन रोग के नियन्त्रण एवं रोकथाम में काम आने वाली औषधियों की चिकित्सालयों में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निदेशालय पशु पालन विभाग राजस्थान के जिला अलवर के नोडल अधिकारी डॉ जे. एस. सहगल ने जिले के बहरोड, नीमराना, मुंडावर, किशनगढबास, कोटकासिम आदि विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर दवा भंडारण का निरीक्षण किया एवं लंपी स्कीन डिजीज उपचार में काम आने वाली औषधियों की उपलब्धता जानकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने गौशालाओं का भी दौरा किया गया। निरीक्षण के पश्चात डॉ सहगल ने बताया कि क्षेत्र की लगभग समस्त संस्थाओं में ओषधियां प्रचुरता में उपलब्ध हैं एवं भविष्य में भी ओषधियों की किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कई स्थानों पर पशुपालक गोष्ठियों का भी आयोजन किया एवं लंपी से बचाव हेतु पशुपालकों को पशु बाडे में साफ सफाई रखना, सोडियम हाइपो क्लोराइट का छिडकाव करवाना, पायरेथ्रायड छिडकाव करवाना तथा समय पर विभागीय कार्मिक को सूचना देना एवं उनके सुझाए अनुसार चिकित्सा करवाना आदि सुझाव देते हुए जिले के समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों से एक जूम मीट का आयोजन भी किया एवं दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय संयुक्त निदेशक डॉ विजय मंडोवरा, बहरोड मुख्य पशु चिकित्सा केंद्र के डॉक्टर अजीत, एलएसए सुरेश यादव, शुभेच्छा संयुक्त सचिव डॉ अर्चना श्रृंगी, शुभेच्छा फाउंडेशन से राकेश सैनी, नितिन यादव, पशुधन सहायक सुबेसिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

- कई स्थानों पर पशुपालक गोष्ठियों का भी आयोजन

## एसडीएम ने किया शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ

**किशनगढबास, (निसं)।** प्रदेश सरकार की और से शुरू की गई 100 दिन का इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत नगर पालिका के क्षेत्र बास कृपाल नगर की हरी बावडी से की गई। प्रदेशभर में शुरू हुई योजना का शुभारंभ एसडीएम गंगाधर मीणा, पालिका चेयरमैन तारामणि सिंघल प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव ने किया।

- 450 लोगों ने बनवाए जॉब कार्ड, 50 को पहले दिन मिला काम

नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर ने बताया कि सरकार की ओर से शुरू की गई इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ बास कृपाल नगर की हरी बावडी से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम गंगाधर मीणा अध्यक्षता पालिका चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल ने की। विशिष्ट अतिथि प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव रहे। ईओ महेश गुर्जर ने बताया कि 100 दिन रोजगार गारंटी योजना के तहत 450 जॉब कार्ड बनाए गए तथा 50 श्रमिक कार्य पर लगाकर हरी बावडी व खैरथल रोड पर सफाई का कार्य कराया गया। एसडीएम गंगाधर मीणा ने इस मौके पर कहा कि सरकार की ओर से शुरू की गई योजना गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने का काम करेगी। इस योजना के तहत गरीब बेरोजगार लोगों को 100 दिन का रोजगार मुहैया कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों के अलावा पार्षद नितिन मनु शर्मा राजेंद्र सिंघल रामेश्वर गुप्ता सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



किशनगढ़बास में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का एसडीएम, चेयरमैन, ईओ ने शुभारंभ किया।

## समाज, धर्म एवं देश हित में मनुष्य कार्य करें : स्वामी सुमेधानंद

**राजगढ, (निसं)।** आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान प्रधान एवं सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद ने कहा कि मनुष्य जीवन में प्रत्येक क्षण का सदुपयोग कर समाज एवं धर्म के साथ देश हित में कार्य करें। इसी में जीवन की सार्थकता निहित है। स्वामीजी का राजगढ आर्य समाज मंदिर से जुडे महिला पुरुषों द्वारा भव्य स्वागत के बाद प्रवचन से जीवन के महत्व के बारे में बता रहे थे।

इससे पूर्व उनका चिकित्सालय के सामने आर्य परिवार एवं अन्य जगह प्रधान विनोदी लाल दीक्षित युवा मंत्री नंद सिंह आर्य, लायंस क्लब के रीजनल सलाहकार खेम सिंह आर्य भाजपाइयों ने माल्यार्पण एवं साफा से भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने आर्य संस्कृति से ओतप्रोत माहौल में वेद प्रचार एवं जनसंपर्क के साथ संस्कृति संरक्षण में आर्य समाज की ओर से किए गए कार्यों की बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने गौशालाओं में गायों में चल रही बीमारी को चिंताजनक बताते हुए उपचार के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गौ सेवा के अभिषेक भंडारी एवं वीरेंद्र दाधीच को उन्होंने बीमारी से बचाव के लिए दवाइयां दी। इधर नंदी गौशाला में स्वामी एवं उनकी टीम ने गौशाला का अवलोकन किया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले खेम सिंह आर्य का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर वेद पाल शास्त्री, आचार्य रवि शंकर, लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय यादव, संजय राजस्थानी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, प्रदीप शर्मा, मदन लाल शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, रमा आर्य, मीतू सिंह आर्य, प्रदीप महावर, वीरेंद्र दाधीच, लोकेश रावत एवं आर्य समाज एवं भाजपा से जुडे गणमान्य जन मौजूद रहे।



सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद ने सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले खेम सिंह का माल्यार्पण एवं साफा बांध स्वागत किया।

- लंपी बीमारी के संबंध में उपचार के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** गोविन्दगढ में 6 सितंबर को कोर्ट पेशी पर आए नईम खान को उसी के साले ने कोर्ट परिसर के बाहर से अपहरण कर हत्या कर दी थी। मामले में गोविंदगढ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अकरम खान को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी अनुसार अकरम खान ने जीजा का कोर्ट परिसर के बाहर से अपहरण कर जंगलों में ले गया। जहां उसकी हत्या कर दी। बता दें नईम खान ने अपनी पत्नी यानी अकरम खान की बहन को करीब 12 साल पहले छोड दिया था। कोर्ट में दहेज का मामला चल रहा था। जिसकी पेशी के लिए नईम खान गोविंदगढ कोर्ट में आया था। अकरम खान ने 6 सितंबर को जीजा को मारने की प्लानिंग कर ली थी। उसका जीजा नईम खान जैसे ही तारीख पर गोविंदगढ आया तो वापस लौटते समय किले के पास से अपहरण कर लिया और जंगलों में ले गया। 7 सितंबर की शाम उसकी हत्या कर दी। अकरम खान को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने रिमांड पर भेज दिया है।

## 'इलाज के अभाव में गौवंश तोड़ रहा दम'

**सांभरझील, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने लंपी रोग के कारण प्रदेश में लगातार हो रही गौवंश की मौत और बीकानेर और जोधपुरा संभाग में मृत गायों को ले जाने में लापरवाही व बडी संख्या में सडक पर पडी मृत गायों की हृदय विदारक तस्वीरें प्रकाशित होने पर प्रदेश सरकार को घेरा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा लम्पी रोग के कारण प्रदेश में हजारों की संख्या में गायों की मौत हो रही है लेकिन मुख्यमंत्री गहलोत की प्राथमिकता गौवंश को नहीं बल्कि गांधी परिवार को बचाने की है। उन्होंने कहा जिस मरूधरा की पहचान वीर तेजाजी जैसे गौ रक्षक से होती है वहां जिन्दा गायों की रक्षा करना तो दूर की बात है मृत गायों को भी सडक पर फैंका हुआ है जो बेहद शर्मनाक है।



## आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को मिलेगा रोजगार : शाले मोहम्मद

**टोंक, (निसं)।** इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत शुक्रवार को पुलिस लाईन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय शुभारम्भ समारोह में राज्य के अल्पसंख्यक मामलात एवं जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की इस ऐतिहासिक पहल से हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा मिल सकेगी। इस योजना में शहरी क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को रोजगार एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के प्रथम कार्यकाल में मनरेगा योजना शुरू की गई। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को गांव में ही रोजगार देकर आर्थिक सम्बल प्रदान किया गया। इस योजना ने कोरोनाकाल के दौरान लाखों लोगों को संकट की घडी में जीवनयापन करने में सहायता की। उसी की तर्ज पर राज्य में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की गई है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 800 करोड रूपये के बजट का प्रावधान किया है। जिससे शहरी क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद एवं नगर परिषद सभापति अली अहमद ने जरूरतमंद परिवारों को जॉब कार्ड वितरित कर योजना की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान लोगों को आवासीय पट्टे भी दिए गए। इसके पश्चात कब्रिस्तान, पुलिस लाईन में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान, उपखण्ड अधिकारी टोंक गिरधर, नगर परिषद आयुक्त रामधन गुर्जर, नगर परिषद उपसभापति बजरंग लाल वर्मा, सेवादल जिला संगठन महासचिव सुभाष मिश्रा, हंसराज गाता, पार्षद युसूफ यूनिवर्सल, रामदेव गुर्जर, अहसान बाबा, मासूम अली, राहुल सैनी, सुनील बंसल, सुरेन्द्र वर्मा, जर्रार खान, मोहन मीणा, मतीन मिर्जा सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा कि टोंक जिले में इस योजना में रोजगार करने के इच्छुक 6 हजार 280 परिवारों के जॉब कार्ड जारी किए जा चुके है। जिले के 6 नगर निकायों में 48 कार्य चिन्हित किए गए है। जिनकी अनुमानित राषि करीब 2 करोड 7 लाख रूपए है।



इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का अल्पसंख्यक मामलात एवं जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने शुभारंभ किया।

- जरूरतमंद परिवारों को जॉब कार्ड बांटे, आवासीय पट्टे भी दिए

## सार-समाचार

### दुष्कर्मी की जमानत याचिका खारिज

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** पोक्सो एवं परिवार जिला न्यायालय सवाई माधोपुर ने एक नाबालिग पीडिता से जबरदस्ती दुष्कर्म करने वाले आरोपी पति गोताराम मीणा निवासी डेकवा जिला सवाई माधोपुर का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। राज्य सरकार व पीडिता की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के एक थाने पर मामला दर्ज नहीं होने के कारण नाबालिग पीडिता की मां ने सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक को एक परिवाद पेश कर बताया था कि 25 नवंबर 2020 को मेरी नाबालिग पुत्री का विवाह गोताराम मीणा निवासी डेकवा के साथ हुआ था मेरी पुत्री दुल्हन बनकर जब ससुराल गई तो उसके पति गोताराम मीणा ने बार-बार मना करने पर भी जबरदस्ती करके दुष्कर्म किया। फिर 2 दिसंबर 2021 को मैंने रिश्तेदारों के कहने पर उसे ससुराल भेज दिया। मेरी नाबालिग पुत्री दुष्कर्म के भय के कारण कमरे में कुंदी लगा कर सो गई तो गोताराम ने अपने दो तीन साथियों के साथ कमरे के ऊपर चढकर लोहे के चद्दर हटा दिए एवं कूदकर फिर से जबरदस्ती करने लगा एवं अंदर की कुंदी खोलकर पुत्री के ससुर जगदीश व सास मीरा देवी को अंदर बुला लिया एवं अन्य लोग से गलत संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए मारपीट कर मेरी पुत्री के ससुर सास व पति ने मिलकर हाथ-पांव बांध दिए व पास के कुएं में फेंक दिया। पुत्री के चिल्लाने पर गांव के लोगों ने बडी मुश्किल से उसे बाहर निकाला। प्रार्थीया के पति मानसिक रूप से कमजोर हैं एवं 2 पुत्र अंधे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी पति गोताराम को 2 सितंबर 2022 को गिरफ्तार किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है।

### हरिप्रसाद बलौदा बने अध्यक्ष

**रींगस, (निसं)।** श्री सूर्य मण्डल समाज सेवा समिति के चुनावों में एक बार फिर से गुरूजी हरिप्रसाद बलौदा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए है। वे लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने है। चुनावो में उपाध्यक्ष पोखर मल कुमावत, महामंत्री श्रवण कुमार सैन, कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द्र छीपा, व्यवस्थापक प्रकाश सारस्वत, घनश्याम कुमावत, सांस्कृतिक मंत्री बाबू लाल जांगिड, भण्डार मंत्री बजरंग लाल बुला, राहुल अग्रवाल तथा प्रचार मंत्री हिमांशु पारीक सहित कार्यकारिणी में 11 अन्य सदस्य शामिल किये गये है। वही अध्यक्ष बनने पर हरि प्रसाद बलौदा का प्रेस क्लब की ओर से ताखर हैल्थ केयर सेन्टर पर स्वागत किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेश शर्मा,कोषाध्यक्ष केसी राजा ,क्लब के सचिव श्रवण सारस्वत गोविन्द शर्मा ने दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस दौरान स्वास्थ्य निदेशक डॉ अजय चौधरी,सीएचसी प्रभारी विनोद गुप्ता, डॉक्टर अटल, पेमाराम चौधरी, भंवर सिंह ताखर,पार्षद हरलाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### प्रियांशु व अंजली का नीट में चयन

**पावटा, (निसं)।** पावटा निवासी अंजली अग्रवाल पुत्री प्रदीप पंसारी ने नीट यूजी में 632 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 8676वीं रैंक एवं ईडब्लूएस में 1032वीं रैंक प्राप्त की। वही ग्राम लाडाकाबास निवासी प्रियांशु यादव पुत्र मालीराम यादव ने नीट यूजी में 655 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 3381वीं रैंक एवं ओबीसी में 1043 वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंजली अग्रवाल व प्रियांशु यादव की सफलता पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, डॉ. दयाराम राठी, मालीराम बंसल, सांवरमल बंसल, लालचंद खंडेलवाल, रूपनारायण पंसारी, विनोद गर्ग, सुवालाल प्रधान, साधुराम यादव, पूर्व प्रधानाध्यापक सरदारमल, लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, प्रधानाध्यापक जयसिंह यादव, डॉ. सुरेंद्र यादव, विक्रम यादव, संतोष गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बधाई प्रेषित की।

### लालसोट एवं मंडावरी में शहरी नरेगा योजना का शुभारंभ

**लालसोट/मंडावरी, (निसं)।** स्थानीय विधायक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा शुक्रवार को लालसोट मंडावरी नगर पालिका में शहरी नरेगा योजना का कार्य स्थल पर जाकर शुभारंभ किया गया। लालसोट नगर पालिका में शहरी नरेगा योजना शुभारंभ के दौरान नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं खादी ग्रामोद्योग समिति सहित प्रदेश की स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र एवं पालिका उपाध्यक्ष संतोष स्वामी, कनिष्ठ अभियंता सुरेश शर्मा, बस राम मीणा, एटीपी रणधीर मीरवाल, अधिशाषी अधिकारी सीमा चौधरी सहित कई वार्ड पार्षद एवं शहरवासी मौजूद रहे। इसी तरह चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा मंडावरी नगर व सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों को नरेगा योजना का लाभ दिलवाने के लिए शहरी नरेगा योजना को आरंभ करवाया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि इन नरेगा योजना के लिए मंडावरी नगर पालिका को दो करोड एवं लालसोट नगरपालिका को 2 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### क्राफ्ट फैक्ट्री में करंट से दो झुलसे

**चौमू/कालाडेरा, (निसं)।** उपखण्ड के मण्डा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित राजधानी क्राफ्ट फैक्ट्री में शुक्रवार को 2 मजदूर करंट लगने से झुलस गए। दोनों मजदूरों को निजी वाहन से चौमू के बराला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर एक मजदूर की हालत गंभीर होने पर जयपुर एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर गोविन्दगढ डीवाईएसपी राजेश ढाका, गोविन्दगढ थाना प्रभारी धर्म सिंह, कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ फेक्ट्री के बाहर प्रदर्शन किया जिसके बाद पुलिस के द्वारा श्रमिकों से समझाइश की गई। जानकारी के अनुसार श्रमिकों ने बताया कि फैक्ट्री के अंदर से व्हील चेयर की सीढी को एक गेट से दूसरे गेट पर ले जा रहे थे तब अचानक से सीढी विद्युत एलटी लाइन के टच हो गई जिसके कारण मौके पर ही दोनों मजदूर झुलस गए।

### जिन प्रतिमाओं का जलाभिषेक

**देवली (निसं)।** जैन धर्म के पर्यूषण महापर्व के अंतिम दिन शुक्रवार को अनन्त चतुर्दशी के पावन अवसर पर शहर के पटेल नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रात:काल जिन प्रतिमाओं का जलाभिषेक एवं शांतिधारा धर्मप्रेमी बंधुओं ने बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज के राजीव जैन ने बताया कि मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर 108 कलशों से रिद्धि मंत्रो द्वारा कलशाभिषेक किया गया। ततपश्चात सभी धर्मप्रेमी बंधुओं ने जलाभिषेक एवं शांतिधारा कर पुण्यार्जन किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा अर्चना कर अपने जीवन मे धार्मिक भावनाओं को अंगीकार करने का संकल्प लिया।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**देवली, (निसं)।** विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की पालना में रालसा एक्शन प्लान माह सितंबर 2022 के अनुसार तालुकाओं में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत तालुका विधिक सेवा समिति देवली के द्वारा देवली में ड्रॉपआउट बालकों हेतु विशेष कार्यक्रम का विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकीअनुपालन में एडवोकेट अनिल कुमार भुरेठा ने उपस्थित व्यतियों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया तो वहीं स्कूल छोड चुके बच्चों को स्कूल जाने के महत्व बताया साथ ही आदिवासियों के अधिकारी के संरक्षण, पीडित प्रतिकर स्कीम, यौन उत्पीडन अधिनियम, बाल नशा मुक्ति रोकथाम एवं पर्यावरण पर उनका दुष्प्रभाव आदि की जानकारी दी गई।

### पचास लोगों को मिला रोजगार

**सांभरझील, (निसं)।** इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत नगर पालिका प्रशासन की ओर से पहले दिन सांभर में 50 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया। इसके तहत उन्हें जॉब कार्ड दिए गए। अधिशासी अधिकारी मनीषा यादव ने बताया कि इस योजना में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सेनिटेशन, जल संरक्षण, संपत्ति विरूपण रोकने जैसे अन्य कार्य हैं, इस योजना के तहत करवाए जाएंगे। जॉब कार्ड वितरण के दौरान बालकिशन जांगिड, भवानी शंकर कुमावत, नेमीचंद वर्मा, गोपाल सिंह पंवार सहित अनेक पार्षद व मनोनीत पार्षदों की मौजूदगी रही।

### जेल परिसर में कैदियों को कराया योग

**कोटपूतली, (निसं)।** सामजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा शुक्रवार को जेल परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान योगाचार्य रमेश कुमार आर्य ने कैदियों को विभिन प्रकार के योग व प्राणायाम करवाये। जेलर भगवान सहाय ने कैदियों को समाज सेवा सुधार की ओर प्रेरित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान मनोज यादव, अशोक कुमार, रामचन्द्र, ओमप्रकाश, गिरधारी, गणेश, सुमन चौधरी, शुभम सहित अन्य लोग मौजूद थे।



तो क्या मैं खुद बाहर बैठ जाऊं।
- के एल राहुल

भारतीय बल्लेबाज, कोहली से पारी का आगाज करने के सवाल पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी




**हरमनप्रीत कौर**

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम के लिए करीबी मैच को अंजाम तक पहुंचाना हमेशा चिंता का विषय रहा है और कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि इस समस्या का समाधान बल्लेबाजी क्रम में सही संतुलन हासिल करना है। हरमनप्रीत ने कहा, "हम इस पर काम कर रहे हैं। मुझे पता है कि ये चीजें हमें लंबे समय से परेशान कर रही हैं। हमें थोड़ा धैर्य दिखाने की जरूरत है और थोड़े समय के बाद हमें परिणाम भी मिलने शुरू हो जाएंगे।" उन्होंने कहा, "इसलिए इस बार हमने टीम में दो और बल्लेबाजों डायलन हेमलता और केपी नवगिरे को शामिल किया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टेस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# डायमंड ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बने नीरज




ज़्यूरिख़, 9 सितंबर। टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने एक और ऐतिहासिक कीर्तिमान रचते हुए ज़्यूरिख़ में डायमंड लीग फाइनल का जेवलिन थ्रो खिताब अपने नाम किया। नीरज ने गुरुवार को अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर की दूरी पर भाला फेंका जो उन्हें जीत दिलाने के लिए काफी था। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता को अन्य पांच प्रतिभागियों से कोई मुकाबला देखने को नहीं मिला और नीरज ने आसानी से डायमंड लीग फाइनल में पहला स्थान हासिल किया।

नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर के थ्रो के बाद तीसरे प्रयास में 88 मीटर और चौथे प्रयास में 86.11 मीटर का थ्रो किया। नीरज का पांचवां प्रयास 87 मीटर था जबकि उनका अंतिम प्रयास 83.6 मीटर था। चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने 86.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, चोपड़ा ने चोट के बाद शानदार वापसी करते हुए डायमंड लीग शृंखला का लुसाने चरण जीतकर दो दिवसीय फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

फाइनल की विजय के साथ नीरज डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। जुलाई में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले प्रदर्शन के दौरान उनकी कमर में चोट के कारण वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (28 जुलाई से 8 अगस्त) में हिस्सा नहीं ले सके थे। 24 वर्षीय भारतीय सुपरस्टार ने वापसी के तुरंत बाद अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और 26 जुलाई को लुसाने में 89.08 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया।

डायमंड लीग में चैंपियनशिप-शैली के मॉडल का अनुसरण करते हुए 32 डायमंड डिसिप्लिन शामिल हैं। एथलीट अपने संबंधित खेलों के फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए 13-चरण के आयोजन में अंक अर्जित करते हैं।

# यूएस ओपन फाइनल में आमने-सामने होंगी स्वियातेक, जब्योर

न्यूयॉर्क, 9 सितंबर। पोलैंड की इगा स्वियातेक और ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्योर ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर यूएस ओपन 2022 के फाइनल में जगह बना ली है। विश्व की नंबर एक स्वियातेक ने गुरुवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में दो घंटे 11 मिनट चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और छठी सीड सबालेंका को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया।

स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, ''मैंने पहले सेट और आखिरी दो सेटों के बीच बहुत बड़ा अंतर महसूस किया। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने अपनी ऊर्जा का स्तर थोड़ा ऊपर उठाया।'' उन्होंने कहा, ''अरिना ने आज इसे निश्चित रूप से कठिन बनाया। मुझे लगा जैसे वह बहुत ठोस सर्व कर रही थीं। तीसरे सेट में वापस आना कठिन था, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह कर सकी। स्वियातेक ने इस सीजन से पहले कभी यूएस ओपन



क्वार्टरफाइनल में भी कदम नहीं रखा था, लेकिन अब वह अपने करियर के तीसरे और इस साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंच गयी हैं। ग्रैंड स्लैम फाइनल में स्वियातेक का रिकॉर्ड 2-0 का है। वह पेरिस की लाल बजरी पर 2020 और 2022 में फ्रेंच ओपन खिताब जीत चुकी हैं। साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम फाइनल में स्वियातेक का सामना पांचवीं सीड ओन्स जब्योर से होगा, जो एकतरफा सेमीफाइनल में फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया को 6-1, 6-3 से हराकर आ रही हैं।

पोलैंड की स्वियातेक इस सत्र में 50 मैच जीतकर 2022 में सबसे ज्यादा विजय हासिल करने वाली खिलाड़ी हैं, जबकि 44 मैच जीतने वाली जब्योर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। जब्योर ने हालांकि पिछले दो सालों में सर्वाधिक 92 मैच जीते हैं। स्वियातेक (फ्रेंच ओपन, यूएस ओपन) और जब्योर (विंबलडन, यूएस ओपन) सिर्फ दो ही ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस साल दो ग्रैंड स्लैम आयोजनों के फाइनल में जगह बनायी है। स्वियातेक और जब्योर अब तक चार बार आमने-सामने आयी हैं और दोनों ने दो-दो मुकाबले जीते हैं। इस सीजन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गये एकलौते मुकाबले में स्वियातेक ने जब्योर को 6-2, 6-2 से हराया था।

# श्रीलंका ने पाक को 5 विकेट से मात दी

दुबई, 9 सितंबर। श्रीलंका ने वानिंदू हसरंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद पथुम निसंका (55 नाबाद) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान को एशिया कप 2022 के सुपर-4 मैच में शुक्रवार को पांच विकेट से मात दी। दसुन शनाका की टीम ने पाकिस्तान को पहले 121 रन पर ऑलआउट किया, और फिर 122 रन के लक्ष्य को 17 ओवर में हासिल कर लिया।

हसरंगा ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाकर चार ओवर में सिर्फ 21 रन दिये और कप्तान बाबर आजम सहित तीन बल्लेबाजों को आउट किया। इसके बाद पाथुम निसंका ने 48 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत नाबाद 55 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

इस मुकाबले की जीत हालांकि श्रीलंका के लिये निरर्थक है क्योंकि दोनों टीमें पहले ही एशिया कप के फाइनल में पहुंच चुकी हैं, जो रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और शानदार फॉर्म में चल रहे मोहम्मद रिजवान (14) को जल्दी पवेलियन लौटाया।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे फखर जमान ने अपनी संघर्ष से भरी पारी में 18 गेंदों पर 13 रन बनाये और रनगति बढ़ाने के प्रयास में आउट हो गये। बाबर ने पाकिस्तान के लिये सर्वाधिक 30 रन बनाये, हालांकि उन्होंने इसके लिये 29 गेंदें खेलीं। 11वें ओवर में बाबर के आउट होने के बाद पाकिस्तान के विकेटों की झड़ी लग गयी और उसने अगले नौ ओवरों में सात विकेट गंवाये। इस दौरान पाकिस्तान ने सिर्फ 53 रन जोड़े, जिसमें 26 रन का योगदान मोहम्मद नवाज़ ने दिया।

नवाज़ ने 18 गेंदों पर एक चौके और दो छक्कों की बदौलत 26 रन बनाकर अपनी टीम को 121 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हसरंगा के अलावा महीष तीक्षणा ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये जबकि धनन्जय डी सिल्वा और चमिका को करुणारत्ने को एक-एक विकेट हासिल हुआ। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण कर रहे प्रमोद मदुशन ने रिजवान सहित दो बल्लेबाजों को आउट किया, हालांकि वह 2.1 ओवर में 21 रन देकर थोड़े महंगे साबित हुए।

## आसिफ, फरीद पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

दुबई, 9 सितंबर। पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फरीद अहमद पर अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बुधवार को खेले गये एशिया कप मैच में दोनों के बीच झड़प हो गयी थी। फरीद ने दूसरी पारी के 19वें ओवर में आसिफ को आउट करने के बाद उनके बहुद करीब जाकर विकेट लेने की खुशी जाहिर की। जवाब में आसिफ ने फरीद को धक्का दिया जिसके बाद अन्य खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कराया।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, आसिफ ने खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन किया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अश्लील, आक्रामक या अपमानजनक इशारे का उपयोग करने से संबंधित है।

# टी-20 विश्वकप में हेडन होंगे पाकिस्तान टीम के मेंटर

लाहौर, 9 सितंबर। आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन आईसीसी टी-20 विश्वकप में लगातार दूसरी बार पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मेंटर की भूमिका निभायेंगे। हेडन इससे पहले 2021 में संयुक्त अरब अमीरात में हुए टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान के मेंटर की भूमिका निभा चुके हैं, जहां पाक टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर किया था।

पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा, टीम में हेडन को मेंटर के तौर पर बरकरार रखने का फैसला किया गया है। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्वकप 2021 में भारत, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, स्काटलैंड और नामीबिया के खिलाफ जीत अर्जित करके पाकिस्तान को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका अदा की थी।

हेडन 15 अक्टूबर को ब्रिसबेन में पाकिस्तानी टीम से जुड़ेंगे। इसी दिन पाक टीम क्राइस्टचर्च से बांग्लादेश और मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेल कर ब्रिसबेन पहुंचेगी। हेडन ने कहा आस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट में पाकिस्तानी स्कावड में दोबारा नियुक्त होने को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। फिर से संस्कृति में शामिल होने और एक राष्ट्र, एक जुनून की भावना को महसूस करने का इंतजार नहीं कर सकता। मैंने टी-20 एशिया कप में पाकिस्तानी टीम के लाजवाब प्रदर्शन को देखा कि किस तरह से टीम ने रविवार को भारत पर शानदार जीत हासिल की।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि पाकिस्तान टीम ऑस्ट्रेलिया में अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखेगी। गेंद और बल्ले से आस्ट्रेलिया की परिस्थितियां वास्तव में टीम के अनुकूल होंगी। मुझे यकीन है कि टीम पिछले साल यूएई में किये गये प्रदर्शन को बरकारार रखेगी।'' विश्वकप से पहले बाबर आजम की टीम इंग्लैंड और आफगानिस्तान के खिलाफ दो वार्म अप मैच खेलेगी।

## यूरोपा लीग के अपने पहले मैच में हारा मैनचेस्टर यूनाइटेड

मैनचेस्टर, 9 सितंबर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की शुरूआती एकादश में वापसी हुई लेकिन इसके बावजूद मैनचेस्टर यूनाइटेड को यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में रियल सोसिडाड से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। स्टार स्ट्राइकर रोनाल्डो चैंपियन्स लीग के किसी क्लब में स्थानांतरण नहीं करवा पाए और इसलिए उन्हें 2002 के बाद पहली बार यूरोप की दूसरी श्रेणी के टूर्नामेंट में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

रोनाल्डो को इससे पहले आखिरी बार 13 अगस्त को इंग्लिश प्रीमियर लीग के मैच में शुरूआती एकादश में शामिल किया गया था। इसके बाद उन्हें चार मैचों में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारा गया। यूनाइटेड ने इन चारों मैच में जीत दर्ज की थी। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के कारण दोनों टीम इस मैच में काली पट्टियां बांधकर उतरी थी। इस बीच यूरोपा लीग के ही एक अन्य मैच में आर्सेनल ने ज्यूरिख को 2-1 से हराया।

# मेरी तकनीक वही है, लेकिन मेरे दिमाग में क्या चल रहा है यह समझा नहीं पाया : विराट कोहली

दुबई, 9 सितंबर। विराट कोहली ने पिछले तीन वर्षों में स्वयं को काफी बदला है और इसकी बानगी तब देखने को मिली जब उन्होंने अपना बहुप्रतीक्षित 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक जमाने के बाद मुस्कान बिखेरी और शादी की अपनी अंगूठी को चूमा।

कोहली को अपने अंतरराष्ट्रीय शतक के लिए 1020 दिन तक इंतजार करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए भी यह बहुत लंबा इंतजार था। एक बार जब उन्होंने यह इंतजार समाप्त किया तो राहत की सांस ली। उन्होंने पहले की तरह जोश में इसका जश्न नहीं मनाया।

अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में शतक जड़ने के बाद कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा, '' पिछले ढाई साल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं एक महीने में 34 साल का हो जाऊंगा और गुस्से में जश्न मनाना अब अतीत की बात हो चुकी है।'' कोहली ने गुरुवार को 61 गेंदों पर नाबाद 122 रन बनाए जो टी20 क्रिकेट में उनका पहला शतक है। इससे भारत ने अफगानिस्तान को 101 रन के बड़े अंतर से पराजित किया।

कोहली ने एशिया कप से पहले एक महीने का लंबा विश्राम लिया था और तब उन्होंने पाया कि उनकी तकनीक में कोई गड़बड़ी नहीं है और वह संभवत अपने दिमाग की उधेड़बुन को नहीं समझ पाए थे। उन्होंने कहा, '' मेरे दिमाग में कई तरह की बातें चल रही थी। लोग कह रहे थे कि मैं यह गलती कर रहा हूं। मैंने अपने सर्वश्रेष्ठ समय के वीडियो देखे और मेरा रवैया पहले जैसे ही था। मेरी तकनीक पहले जैसे ही थी बस अंतर इतना था कि मेरे दिमाग में क्या कुछ चल रहा है मैं उसको किसी को समझा नहीं पा रहा था।'' कोहली ने कहा,'' आखिर में एक व्यक्ति के रूप में आप जानते हैं कि आप किस स्थिति में हैं। लोगों की अपनी राय होगी लेकिन उनको यह अहसास नहीं हो सकता कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं।'

## इंग्लैंड में शनिवार को शुरु होगा क्रिकेट

लंदन, 9 सितंबर। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टेस्ट मैच शनिवार को आधिकारिक रूप से शुरू होगा। भारतीय महिला टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच ब्रिस्टल में खेला जाने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय भी शनिवार को ही खेला जाएगा।

# आईओसी ने भारत को निलंबन की आखिरी चेतावनी दी

लुसाने, 9 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को ओलंपिक चार्टर के अनुसार जल्द से जल्द अपने चतुष्कोणीय चुनाव कराने की अंतिम चेतावनी जारी की। ईबी ने गुरुवार को कहा कि यदि भारत चुनाव कराने में विफल रहता है तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा। बोर्ड ने मई 2023 में मुंबई में होने वाले आईओसी सत्र को सितंबर या अक्टूबर 2023 तक स्थगित करने का भी फैसला किया।

आईओसी ने कहा कि ईबी दिसंबर 2022 में भारतीय ओलंपिक संघ से संबंधित अपनी अगली बैठक के दौरान लिये जाने वाले निर्णयों के आधार पर तय करेगा कि 2023 में आईओसी सत्र भारत में हो या स्थानांतरित किया जाए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईओए प्रमुख नरिंदर बत्रा की हॉकी इंडिया में आजीवन सदस्यता को समाप्त किया था जिसके बाद उनकी आईओए अध्यक्षता भी समाप्त हो गयी थी। न्यायालय ने बत्रा की जगह अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के पूर्व प्रमुख अनिल खन्ना को आईओए का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले महीने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के मामलों को संभालने और चुनाव कराने के लिए तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति (सीओए) नियुक्त की थी। आईओसी ने सीओए पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ईबी को आईओए के भीतर आवर्तक आंतरिक विवादों और शासकीय मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक रिपोर्ट प्राप्त हुई। इन विवादों के कारण आईओए चतुष्कोणीय चुनावों के आयोजन में देरी हुई है जो दिसंबर 2021 में होने चाहिए थे। उल्लेखनीय है कि इसी तरह के कारणों से आईओसी द्वारा भारतीय ओलंपिक संघ को 2012 और 2014 के बीच निलंबित कर दिया गया था। आईओसी ने कहा कि वह इन आंतरिक विवादों और शासकीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय ओलंपिक संघ को आखिरी चेतावनी देता है, और यदि दिसंबर 2022 में होने वाली ईबी की बैठक तक इन्हें नहीं सुलझाया गया तो भारत को निलंबित कर दिया जाएगा।

## जायसवाल और रहाणे का दोहरा शतक, पश्चिम क्षेत्र के दो विकेट पर 590 रन

चेन्नई, 9 सितंबर। भारतीय टीम में वापसी की कवायद में जुटे कप्तान अजिंक्य रहाणे और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में दो विकेट पर 590 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने भी शतक जड़ा।

कल बारिश के कारण सिर्फ 25 ओवर का खेल हो पाया था लेकिन आज साफ मौसम का पूरा फायदा उठाते हुए पश्चिम क्षेत्र ने 98 ओवर में 474 रन बटोरे। दिन का खेल खत्म होने पर रहाणे 264 गेंद में 18 चौकों और छह छक्कों से नाबाद 207 रन बनाकर खेल रहे थे। राहुल त्रिपाठी 25 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। जायसवाल ने 228 जबकि पृथ्वी ने 113 रन की पारी खेली।

पश्चिम क्षेत्र की टीम आज बिना विकेट खोए 116 रन से आगे खेलने उतरी। पृथ्वी ने 61 जबकि जायसवाल ने 55 रन से पारी को आगे बढ़ाया। पृथ्वी ने अधिक आक्रामक रुख अपनाया और जायसवाल के साथ मिलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने इस दौरान शतक भी पूरा किया।

पृथ्वी हालांकि शतक पूरा करने के बाद जल्द ही अंकुर मलिक की गेंद पर विकेटकीपर आशीष थापा को कैच दे बैठे जिससे जायसवाल के साथ उनकी 206 रन की साझेदारी का अंत हुआ। उन्होंने 121 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के मारे।

जायसवाल और रहाणे ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 333 रन की साझेदारी की और पूर्वोत्तर के गेंदबाजों के खिलाफ मनमर्जी से रन बटोरे। रोंगसेन जोनाथन ने बिश्वोरजीत कोंथोजैम के हाथों कैच कराके जायसवाल की पारी का अंत किया। उन्होंने 321 गेंद की अपनी पारी में 22 चौके और तीन छक्के मारे। रहाणे ने इसके बाद त्रिपाठी के साथ पारी को आगे बढ़ाया।


# कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

**Email ID-lalsot.jaipur@vahoo.com** | **Ph.-01431-260714**

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2022/3221 | दिनांक-09.09.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगरपालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम | वर्गगज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बुन्दू खा पुत्र कजोड शाह लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 133.33 | आवासीय |
| 2 | नुरदीन खान पुत्र हुसैन शाह लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 3 | जरीना बेगम पुत्री मुन्नी खा लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 111.11 | आवासीय |
| 4 | सगीर शाह पुत्र मोहम्मद लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 5 | कमरूद्दीन खान पुत्र उन्हें खान लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 6 | शब्बीर शाह पुत्र मोहम्मद शाह लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 7 | माग्या शाह पुत्र ईदास्या शाह लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 8 | नसरीन पत्नी फेयाज खा लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 9 | बब्बी खान पुत्र भय्यन खान लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 10 | शहजाद अली पुत्र कासिम अली लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 11 | बाबू शाह पुत्र पीरू शाह लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 12 | चंन्द्रकांता सैनी पत्नी गोविन्द सैनी लालसोट | 503/36/सी स्कीम चांदसेन | 141.64 | आवासीय |
| 13 | रही खान पुत्र काजोड शाह लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 133.33 | आवासीय |
| 14 | इकबाल खान पुत्र शंभू खान लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 15 | इस्माईलस्या पुत्र शमसुद्दीलस्य लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 16 | फय्याज खान पुत्र भैय्यान खान लालसोट | 3747/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 17 | सुशीला देवी पत्नी नानगराम शर्मा लालसोट | 2400, 2401, 2407, 2437, 2438, 2444, 2460 बापू नगर द्वितीय | 91.66 | आवासीय |
| 18 | महिमा जैन पत्नी पवन जैन बहतेड | 1364 प्रहलाद नगर लालसोट | 93.33 | आवासीय |
| 19 | खेलन्ता देवी पत्नी पप्पू लाल मीणा मिस्कीनपुरा | 13/4 मोडल्या कॉलोनी सालगरामपुरा चक नं. 6 | 200 | आवासीय |
| 20 | कैलाशी देवी पत्नी श्योनारायण मीणा भगवतपुरा | 13/4 मोडल्या कॉलोनी सालगरामपुरा चक नं. 6 | 200 | आवासीय |
| 21 | मनमोहन शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा व आरती जैन पत्नी रूचिश जैन जयपुर | 178 राजौली | 143.33 | आवासीय |
| 22 | मनमोहन शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा व आरती जैन पत्नी रूचिश जैन जयपुर | 178 राजौली | 143.33 | आवासीय |
| 23 | संतोष कुमार महावर पुत्र भोरीलाल महावर लालसोट | 3748/253/2 जमात लालसोट | 160 | आवासीय |
| 24 | राजंती देवी पत्नी कमलेश महावर लालसोट | 3748/253/2 जमात लालसोट | 177.77 | आवासीय |

**रक्षा मिश्रा**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका लालसोट**

**सीमा चौधरी**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका लालसोट**

# कांग्रेस की यह कैसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया, चुनाव कार्यक्रम जारी, मतदाता सूची का अता- पता नहीं

## पार्टी संविधान के मुताबिक चुनाव कार्यक्रम ब्लॉक अध्यक्ष से शुरू होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक जाता है, लेकिन अभी तक देश में किसी भी ब्लॉक में चुनाव नहीं हुए, हो जाते तो सूचियां जारी करनी पड़तीं

- **ब्लॉक की चुनाव प्रक्रिया के जरिए जिला प्रतिनिधि चुने जाते हैं और ब्लॉक तथा जिला प्रतिनिधि ही प्रदेश प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं, इसके बाद प्रदेश प्रतिनिधि ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए वैध मतदाता होता है।**

जयपुर, 9 सितम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव नज़दीक आ रहा है, लेकिन यह भी तय है कि चुनाव से पहले बड़े विवाद हो सकते हैं। आशंका है कि मामला कहीं न्यायालयों में नहीं चला जाए। इसका बड़ा कारण यह है कि एक ओर तो 24 सितंबर से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, दूसरी ओर अभी तक पूरे देश में किसी भी प्रदेश के 4प्रदेश प्रतिनिधियों की सूची जारी नहीं की गई है। जबकि अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में 10 प्रस्तावक नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करते हैं। ऐसे में तय है कि जब सूची जारी नहीं हो रही है तो कोई भी अध्यक्ष पद का चुनाव कैसे लड़ सकता है?

कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित हुआ था उस समय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री और जयराम रमेश ने मीडिया के सामने कहा था कि कांग्रेस में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव कराए जाते हैं और कोई भी चुनाव लड़ सकता है, लेकिन चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बावजूद अभी तक प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधियों की सूची जारी नहीं करना बता रहा है कि चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से नहीं, बल्कि गुप्त तरीके से होंगे। अब या तो सूची नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक जारी होगी या फिर जिसे भी अध्यक्ष बनाया जाना है, उसे बताया जाएगा कि वह किस किस पीसीसी सदस्य के हस्ताक्षर करवाए।

जहां तक कांग्रेस में चुनाव के तरीके की बात की जाए तो कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की शुरुआत सदस्यता अभियान से होती है, जो लगभग एक साल चलता है। इसके पूरा होने बाद बूथ और ब्लॉक कमेटी बनाई जाती है। इसके बाद जिला संगठन बनाया जाता है। संविधान के मुताबिक, इन कमेटियों का गठन भी चुनाव के आधार पर होना चाहिए। ब्लॉक और बूथ कमेटी मिलकर ही प्रदेश कांग्रेस को चुनते हैं।

हर ब्लॉक से एक पीसीसी प्रतिनिधि का चुनाव किया जाता है। इसके बाद हर 8 पीसीसी पर एक केंद्रीय कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि चुना जाता है। एआईसीसी और पीसीसी का अनुपात एक और आठ का होता है। पीसीसी प्रतिनिधियों के वोटों से ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष और पार्टी अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2017 में हुए संगठन चुनावों के दौरान पीसीसी की तादाद 9000 थी, तो एआईसीसी प्रतिनिधियों की संख्या 1500 थी। इस बार पीसीसी और एआईसीसी के प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ने वाली है।

कांग्रेस के संविधान के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया की बात करें तो जो प्रक्रिया तय है उसके अनुरूप काम नहीं हुआ है क्योंकि ना तो ब्लॉक स्तर पर किसी तरह के चुनाव हुए हैं ना ब्लॉक प्रतिनिधियों की तरफ से जिला प्रतिनिधि चुने गए हैं और ना जिला प्रतिनिधियों और ब्लॉक अध्यक्षों की ओर से प्रदेश प्रतिनिधि चुने गए हैं ऐसे में चुनाव की जो प्रक्रिया है, पूरी तरह से मनोनयन के हिसाब से ही चलेगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस में चुनाव की जो प्रक्रिया ब्लॉक के चुनाव के साथ शुरू होनी चाहिए, वह नहीं होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के जरिए विपरीत तरीके से हो रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधियों की सूची जारी नहीं करने को लेकर वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, शशि थरूर सहित अन्य लोग भी सवाल उठा चुके हैं। इन लोगों का कहना है कि जब प्रदेश प्रतिनिधियों की सूची जारी ही नहीं हो रही, तो जो भी नेता चुनाव लड़ने का इच्छुक है,वह अपना नामांकन कैसे दाखिल कर पाएगा।

# राहुल गांधी ने अभी पूरे पत्ते नहीं खोले हैं अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के बारे में

- **राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि, उन्होंने, अध्यक्ष पद के चुनाव में क्या करना है यह तय कर लिया है और चुनाव के समय इसका जवाब दे देंगे।**
- **राहुल गांधी ने तमिलनाडू में ''भारत जोड़ो यात्रा'' के दौरान अध्यक्ष बनने को लेकर संशय बरकरार रखते हुए कहा, मैं कांग्रेस अध्यक्ष बनूंगा या नहीं, पार्टी अध्यक्ष का जब चुनाव होगा तब यह स्पष्ट हो जाएगा। मैंने निर्णय ले लिया है। मैं बहुत स्पष्ट हूं और जब चुनाव होंगे तब जवाब दूंगा।**

पुलियुरकुरुचि, (तमिलनाडु), 9 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद के लिए अगले सप्ताह हो रहे चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर संशय बरकरार रखते हुए कहा है कि वह इस बारे में 'निर्णय ले चुके हैं' और चुनाव के समय इसका जवाब दे देंगे।

गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान शुक्रवार को यहां खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने सम्बन्धी सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दिया लेकिन पहली बार इस बारे में बोलते हुए कहा कि,उनकी सोच स्पष्ट है और वह अपना निर्णय ले चुके हैं।

उन्होंने अध्यक्ष बनने को लेकर संशय बरकरार रखते हुए कहा,मैं कांग्रेस अध्यक्ष बनूंगा या नहीं, पार्टी अध्यक्ष का जब चुनाव होगा तब यह सुपष्ट हो जाएगा। मैंने निर्णय ले लिया है। मैं बहुत स्पष्ट हूं और जब चुनाव होंगे तब जवाब दूंगा।

गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है और 17 सितंबर को जरूरत पड़ने पर अध्यक्ष पद के लिए मतदान होना है। मतदान के दौरान पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' कर्नाटक में होगी इसलिए वहीं से मतदान करने वाले डेलीगेट के लिए मतदान की व्यवस्था की जा रही है।

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरु हुई भारत जोड़ो यात्रा के पहले दिन उमड़े जनसैलाब को देखकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घबरा गई है इसलिए उसके नेताओं ने उल्टे सीधे बयान देना शुरू कर दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस बारे में कहा कि भाजपा पद यात्रा में उमड़ रही भीड़ को देख कर परेशान है और घबराहट में उसके नेता इस तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

उन्होंने यात्रियों के ठहरने के लिए विश्राम के लिए शिविर स्थल पर की गई कंटेनर व्यवस्था की तरफ इशारा करते हुए कहा कि इसमें कहीं कोई लग्जरी सुविधा नहीं है लेकिन जो लोग फाइव स्टार होटलों में रहते हैं उन्हें इन कंटेनरों में भी पांच सितारा होटलों की लग्जरी नजर आ रही है और यही वजह है कि भाजपा पद यात्रा को लेकर इस तरह की टिप्पणी कर रही है।

# गुमनाम पार्टी को 90 करोड़ रुपये चंदा

## आयकर विभाग की जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा सामने आया

- **जनतावादी कांग्रेस पार्टी नाम से 2015 में रजिस्टर हुई इस पार्टी का हैड ऑफिस मुंबई की एक झुग्गी झोपड़ी में है।**
- **आयकर विभाग को शक है कि, हवाला रैकेट के जरिए आई रकम राजनीतिक दल को ट्रांसफर की गई है। इससे शक और गहरा गया है।**

मुंबई, 9 सितम्बर। मुंबई की एक झुग्गी बस्ती से चलने वाली एक राजनीतिक पार्टी को मिले करोड़ों के चंदे ने आयकर विभाग के कान खड़े कर दिए हैं। हाल ही में देश भर में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से छापेमारी की गई थी। इसी दौरान इस राजनीतिक दल के बारे में भी खुलासा हुआ है। जनतावादी कांग्रेस पार्टी नाम के इस दल का मुख्यालय चूनाभट्टी इलाके की एक झुग्गी बस्ती में स्थित है। जानकारी सामने आई है कि 2015 में बनी जनतावादी कांग्रेस पार्टी को कोई छोटी राशि नहीं बल्कि 90 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। आयकर विभाग को शक है कि हवाला रैकेट के जरिए आई रकम राजनीतिक दल को ट्रांसफर की गई है। इससे शक और गहरा गया है। जनतावादी कांग्रेस पार्टी पंजीकृत दल है, लेकिन महाराष्ट्र या फिर मुंबई की सियासत में इसका कभी कोई रोल नहीं रहा है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जनतावादी कांग्रेस पार्टी को 90 करोड़ रुपये का दान किसने दिया? जो एक चाली में दो मंजिला कमरे से चलती है और पार्टी के सिंबल के अलावा उसके पास कुछ नहीं है। इस बारे में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष काटके ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी को 90 करोड़ रुपये का चंदा मिला। यह सारा पैसा पार्टी के काम में खर्च किया गया। हमने कुछ भी गलत नहीं किया है।

पार्टी अध्यक्ष संतोष काटके ने कहा कि मैंने खर्च का सारा ब्योरा चुनाव आयोग को सौंप दिया है। हालांकि, आयकर विभाग ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। आयकर विभाग के अफसरों का कहना है कि जनतावादी कांग्रेस पार्टी द्वारा दिखाए गए सभी खर्च विवरण फर्जी हैं।

## बिलकीस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ज्ञातव्य है कि 2020 के दंगों के दौरान, बिलकीस के साथ हुये गैंग-रेप तथा उसके परिजनों की हत्या के अपराधियों को हाल ही में 15 अगस्त रिहा कर दिया गया था।

तीनों महिलाओं महुआ मोईत्रा, सुभाषिनी अली और प्रो. रूप रेखा वर्मा द्वारा दायर याचिकाओं में कहा गया था कि वे उस सक्षम अधिकारी के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं, जिसमें गुजरात में जघन्य अपराध करने वाले इन 11 लोगों की उम्र कैद को रद् कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि उनके अपराध की जाँच हुईथी तथा इसलिये केन्द्र से विचार विमर्श किये बिना, गुजरात सकार के स्तर पर ही माफी दे दिया जाना कोड ऑफ क्रिमिनल प्रॉसीजर, 1973 की धारा 435 के अनुसार अनुमति-योग्य नहीं हैं।

याचिका में कहा गया है कि यह माफी जनहित के पूरी तरह विरूद्ध समग्र एवं सार्वजनिक चेतना को आघात पहुँचाने वाली होने के साथ पीड़िता के हितों के पूर्णतः विरूद्ध होगी, जिसके परिवार ने उसकी सुरक्षा के लिये चिन्ता जताते हुये, सार्वजनिक रूप से बयान दिये हैं।

# ममता बनर्जी ने महुआ मोइत्रा को कड़ी नसीहत दी

## ममता बनर्जी ने खुलकर कहा, सिर्फ अपने क्षेत्र पर ध्यान दो, संगठन के किसी भी मामले में दखल मत दो

- **गौरतलब है कि, महुआ मोइत्रा अक्सर इस तरह की बयानबाजी करती हैं जिससे पार्टी को सार्वजनिक तौर पर काफी नुकसान उठाना पड़ता है।**

कोलकाता, 9 सितम्बर। ममता बनर्जी ने एक बार फिर से अपनी पार्टी की आक्रामक तेवर रखने वालीं सांसद महुआ मोइत्रा को नसीहत दी है। उन्होंने महुआ से साफ कहा है कि वह अपने संसदीय क्षेत्र पर ध्यान दें और संगठन के कामकाज में दखल न दें। महुआ मोइत्रा कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद हैं। कोलकाता में बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की मीटिंग में नादिया की करीमपुर विधानसभा सीट को लेकर कहा कि वह यहां के मामलों को मुर्शिदाबाद के सांसद अबू ताहिर पर ही छोड़ दें। दरअसल करीमपुर से 2016 में महुआ मोइत्रा विधायक चुनी गई थीं और इसके चलते वहां से उनका खास लगाव रहा है। वह वहां के मामलों में भी दखल देती रही हैं, जिसे लेकर अब ममता बनर्जी ने उन्हें चेताया है।

टी.एम.सी. ने महुआ मोइत्रा को लोकसभा चुनाव में उतार दिया था और फिर उपचुनाव में बिमलेंदु सिन्हा रॉय को जीत मिल गई थी। इसके अलावा वहां का प्रभारी अबू ताहिर को बनाया गया था। इसी पर बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि करीमपुर विधानसभा क्षेत्र अब महुआ मोइत्रा के अधिकार क्षेत्र में नहीं है बल्कि अबू ताहिर उसके प्रभारी हैं। वह वहां के मामलों को देख लेंगे। दरअसल बीते कुछ दिनों में महुआ मोइत्रा की शिकायत की गई थी। इसमें कहा गया था कि महुआ करीमपुर के मामलों में दखल देती हैं और समानांतर संगठन चलाती हैं। इसमें कुछ नेताओं और इलाके के अधिकारियों का सहयोग है। यही नहीं उन पर पार्टी की गाइडलाइंस को भी नजरअंदाज करने के आरोप लगते रहे हैं।

महुआ मोइत्रा के दखल से स्थानीय विधायक समेत कई नेता नाराज थे। अब ममता बनर्जी की ओर से महुआ को फटकार लगाए जाने पर विधायक बिमलेंदु सिन्हा रॉय ने खुशी जताई है और कहा है कि यह करीमपुर के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। सिन्हा ने कहा कि महुआ मोइत्रा करीमपुर में आकर सिर्फ समस्याएं ही पैदा करती हैं।

उनकी मौजूदगी के चलते करीमपुर में संगठन को बड़ा नुकसान हुआ है। सिन्हा रॉय ने कहा, मैं करीमपुर से दो बार का विधायक हूं। वह अक्सर यहां आती हैं, लेकिन मुझे इग्नोर किया जाता है। वह अपने पालतू बी.डी.ओ. के जरिए यहां काम करती हैं। वह मुझे यहां काम तक नहीं करने देती हैं। इसलिए यह पूरा मामला ममता बनर्जी तक पहुंचा।

## मोदी सत्यपाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के अड़ानी नामक मित्र हैं, जो पिछले पांच वर्षो में एशिया के सबसे अमीर आदमी बन चुके हैं। अडानी को पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स और बड़ी परियोजनाएं दी गई हैं। एक तरह से देश को बेचने की योजना है, लेकिन हम ऐसा होने नही देंगे।'' मलिक ने आगे यहां तक कहा था कि ''अडानी ने पानीपत में एक बड़ा गोदाम बनाया है, जहां उन्होंने सस्ती दरों पर खरीदे गए गेहूं की जमाखोरी कर रखी है,लेकिन जब मंहगाई बढ़ेगी तब वे गेहूं बेच देंगे। इस प्रकार प्रधानमंत्री के मित्र मुनाफा कमाते हैं और किसान पेरशानियां झेलते हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके विरूद्ध संघर्ष होगा।'' मलिक के आवेगों के प्रति प्रधानमंत्री की नर्म प्रतिक्रिया संबंधी अटकलों पर लौटें तो, एक तर्क तो यह है कि मलिक की मिसाइलें पूर्व नियोजित हैं और उनका उद्देश्य शासन तंत्र के भीतर प्रधानमंत्री की आलोचना को नियंत्रित रखना है। दूसरा यह कि मलिक को आंदोलनरत जाट किसानों के बीच भाजपा के एक संभावित दूत के रूप में भविष्य की भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा है, और तीसरा, राज्यपाल मलिक को मनमाफिक बोलने की छूट प्रदान कर प्र.मंत्री की उदार छवि पेश की जा रही हैं।

# क्वीन ऐलिज़ाबैथ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के बाद ब्रिटेन में अब कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार सबसे पहले ब्रिटेन में रोजमर्रा की वस्तुओं में कई बदलाव देखने को मिलेंगे, क्योंकि बैंक नोटों, लेटरबॉक्स और टिकटों पर क्वीन ऐलिज़बैथ की छवि और प्रतीक चिन्ह को नए राजा चार्ल्स द्वितीय के साथ बदल दिया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटिश मुद्रा को रातोंरात नहीं बदला जाएगा। इस बदलाव में वर्षों लगेंगे, क्योंकि नए सिक्के और नोट राजा के चेहरे से बनाए जाते हैं और अन्य धीरे-धीरे प्रचलन से हटा दिए जाते हैं। एक और बदलाव यह होगा कि, जहां सिक्कों पर रानी की छवि दाईं ओर होगी, वहीं नए में राजा को बाईं ओर मुंह करके दिखाया जाएगा। यह 17 वीं शताब्दी से एक परंपरा के कारण है।

महारानी ऐलिज़ाबैथ द्वितीय ने सर्वाधिक 70 साल तक ब्रिटेन में शासन किया। वे ब्रिटेन में बेहद लोकप्रिय भी रहीं। भारत से ऐलिज़ाबैथ का विशेष लगाव रहा।

ब्रिटेन में आधिकारिक हलकों में महारानी के निधन को ''ऑपरेशन लंदन ब्रिज'' कोडनेम दिया गया है। यह एक तरह का प्रोटोकॉल है, जिसे बकिंघम पैलेस के गुरुवार को 96 वर्षीय महारानी के निधन की घोषणा के बाद लागू किया गया। इसकी तैयारी पहले से ही कर ली गई थी। इसके साथ ही ऑपरेशन स्प्रिंग टाइड भी लागू हुआ, जिसके तहत क्वीन ऐलिज़ाबैथ द्वितीय के बेटे और उत्तराधिकारी प्रिंस चार्ल्स को 73 साल की उम्र में महाराज चार्ल्स तृतीय के रूप में देश की राजगद्दी पर विराजमान हुए।

किंग चार्ल्स बिना पासपोर्ट के विदेश यात्रा करेंगे। उन्हें अपने नाम पर जारी किए गए किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा ब्रिटेन में राजा ही एकमात्र व्यक्ति होंगे जो बिना लाइसैंस के गाड़ी चला सकते हैं।

ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स वोट नहीं देंगे। वे ना ही चुनाव के लिए उम्मीदवार बन सकते हैं। राज्य के प्रमुख के रूप में उन्हें राजनीतिक मामलों में सख्ती से तटस्थ रहना होगा। वे संसदीय सत्रों के औपचारिक उद्घाटन में शामिल होते हैं। संसद से बने कानून को मंजूरी देते हैं। साथ ही ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ साप्ताहिक बैठकें करते हैं।

# ''क्वीन'' को ''हैड ऑफ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कैमक स्ट्रीट पर उनका भव्य बंगला आज भी मौजूद है। पुराने ब्रिटिश सम्पर्कों को कुछ मान्यता भी थी। सौ साल पुराने अग्रणी टी ऑक्शन कम्पनी थॉमस एंड कम्पनी को कलकत्ता में ही विभिन्न रॉयल इवैन्ट्स के आमंत्रण लगातार प्राप्त होते थे।

कुछ ऐसे व्यक्तित्व हैं, जो पूरे युग में छाए हुए हैं। क्वीन विक्टोरिया और क्वीन ऐलिज़ाबेथ ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। काफी पहले क्वीन ऐलिज़ाबेथ प्रथम ऐसी ही रही होंगी, लेकिन वह काफी पहले की बात है।

यदि क्वीन ऐलिज़ाबेथ द्वितीय ने अपने शासन की शुरुआत आत्मविश्वास के एक युग से की थी तो उनके शासन का अन्त भी महा अनिश्चितता के समय में हुआ। चालीस के दशक के अंत का उनका ग्रेट ब्रिटेन भविष्य का ''लिटिल इंग्लैंड'' बनने की ओर अग्रसर था। हालांकि स्कॉटलैण्ड का दुःख देखने से वे बच गईं, जो युनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र होकर एक सार्वभौमिक राष्ट्र बन गया।

उस साम्राज्य के अवशेष के रुप में अब निस्तेज सा कॉमनवैल्थ बचा है, जो मुख्यतः खेल-मंच के रुप में असित्व में है। इंग्लैंड आज एक ऐसे उम्रदराज राष्ट्र के रुप में रह गया है, जिसका अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में कोई प्रभाव नहीं है। स्वयं को यूरोपीय संघ से अलग कर लेने का उसका निर्णय उसके लिये अंतिम आघात सिद्ध हुआ है।

पूर्व साम्राज्य अब वापसी के लिये हाथ-पैर मार रहा है। अप्रवास ने इंग्लैंड की रंगत बदल दी है। अब अंग्रेज राजनेताओं की राजनैतिक वौद्धिकता भी गायब होती जा रही है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि महारानी के पूर्व विदेश सचिव को रुस के विदेश सचिव ने झिड़कते हुये बहरा तक कह दिया था।

राज परिवार कभी भी विवादों एवं लज्जास्पद स्थितियों दूर नहीं रहा है। महारानी के दूसरे बेटे पर हाल ही में एक बदनाम सैक्स-ऑफेन्डर के साथ मिली भगत के आरोप लगे थे तथा उसके शिकारों से बहुत सारे पैसे के लेन-देन की बातें सामने आई थीं। अविश्वसनीय रुप से दुखद डायना-प्रकरण का उल्लेख करने की तो शायद जरुरत ही नहीं है।

इस प्रकार की तकलीफों के बावजूद, अपनी गरिमा तथा राजसी ईमानदारी के उच्च स्तरों के मानदंडों को बनाये रखना महारानी ऐलिज़ाबेथ की एक मुख्य विशिष्टता रही। कई मामलों में उनकी खामोशी तथा उनकी आत्मसंयम युक्त सहनशक्ति उनकी एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। इस प्रकार के आत्म-संयम तथा विरोधियों से डरने के इनकार के जरिये, उन्होंने इंग्लैंड को एक ऐसा अवलम्ब एवं सबल दिया, जिसकी, एक राष्ट्र के रुप में बने रहने के लिये, उसे बहुत जरुरत थी। अनेकानेक प्रकार की तकलीफों के बीच स्थायित्व एवं संरक्षण का जो भाव उन्होंने प्रदर्शित किया, उसके लिये उनके देश को उनके प्रति श्रद्धावनत होना चाहिए।

## नूपुर की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पैगम्बर मोहम्मद के खिलाफ की गई कथित टिप्पणियों को लेकर उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई थी।

सी.जे.आई. ललित ने कहा कि ''यह बात बहुत सरल एवं अहानिकर प्रतीत होती है किन्तु इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

# तेलंगाना भी पश्चिम बंगाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्हें अलग-थलग कर रही है तथा उनके साथ दुर्व्यवहार कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार जानबूझकर राज्यपाल-कार्यालय की उपेक्षा कर रही है तथा विभिन्न मुद्दों से संबंधित जो जानकारियाँ एवं रिपोर्ट मँगवाई जा रही है, राज्य-सरकार उन्हें देने से इनकार कर रही है। उन्होंने प्रैस-कॉन्फ्रेंस में कहा कि ''राज भवन एक अछूत स्थान बन गया है।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कदम दोषपूर्ण था कि वे दक्षिण भारत के मुख्यमंत्रियों की उस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित नहीं हुये, जो केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुलाई थी।

राज्यपाल ने कहा कि तेलंगाना ने आंध्र प्रदेश के साथ चल रहे विवादों के समाधान का एक स्वर्णिम अवसर गँवा दिया। उन्होंने प्रश्न किया कि मुख्यमंत्री इतनी महत्वपूर्ण मीटिंग में आखिरकार उपस्थित क्यों नहीं हुये। उन्होंने इस तथ्य पर भी कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त की कि मुख्यमंत्री उस परम्परागत ''ऐट होम रिसेप्शन'' में उपस्थित नहीं हुये, जो स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राज्यपाल ने दिया। रिपोर्टों के अनुसार, सी.एम.ओ. ने कह दिया था कि मुख्यमंत्री उस समारोह में उपस्थित होंगे, लेकिन अंतिम क्षणें में राज भवन को सूचित किया गया कि वे इस समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे।

उन्होंने जोर देते हुये कहा कि जब से उन्होंने यह पद सँभाला है, तभी से उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राज्यपाल एवं महिला होने के नाते, वे सम्मान की हकदार हैं लेकिन दुख की बात यह है कि सरकार राज्यपाल के पद की गरिमा को क्षति पहुँचाने पर तुली हुई है। उनकी नाराजगी समझ में आने योग्य है। अभी हाल ही में, उन्हें मेदरम नामक स्थान पर आयोजित सामाजिक-धार्मिक समारोह ''सम्मक्का-सरक्का'' जातरा में पहुँचने के लिये हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया गया तथा उन्हें सड़क-मार्ग से जाना पड़ा। उस समारोह में उनके स्वागत के लिये कलेक्टर तक मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि और भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य सरकार ने गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित नहीं किया तथा जब राज भवन ने इस दिशा में पहल की, तो मुख्यमंत्री उसमें शामिल नहीं हुये।

अब, मुख्यमंत्री तथा सरकार के लिखफ उनके द्वारा की गई इस कटु निन्दा के बदले में, अगर ज्यादा नहीं तो इसके बराबर ही तीखा हमला उनकी कार्यशैली को लेकर सरकार द्वारा उन पर किया जा रहा है। राज्यपाल की तीखी आलोचना करते हुये कहा जा रहा है कि वे केन्द्र सरकार की एजेंट तथा एक भाजपा नेता की तरह काम कर रही हैं।

के.सी.आर. की पुत्री तथा एम.एल.सी. कविता कलावन्तुला ने राज्यपाल सौंदरराजन पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा है कि उन्होंने राज भवन को राजनैतिक स्थल बना दिया है। राज्यपाल पर आरोप लगाया कि सरकार एवं मुख्यमंत्री को दोषी ठहराने तथा उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। और इसके बाद, विभिन्न मंत्रियों ने भी आलोचनाओं की गोला-बारी शुरु कर दी है तथा कहा है कि राज्यपाल, राज्यपाल पद के क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर काम कर रही हैं।

बाल कल्याण मंत्री सतयवती राठौड़ ने कहा, ''केवल इन्हीं राज्यपाल के कार्यकाल में समस्याएं पैदा हो रही हैं। इनसे पहले, और भी राज्यपाल रहे हैं, जिनके साथ सरकार बिना किसी प्रकार की कोई समस्या या परेशानी के साथ काम किया है।''

## चीन के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस बढ़ती चिंता को रेखांकित करते हैं कि चीन मुक्त पूंजीवाद के युग से तेजी से पीछे हटकर एक सरकार केन्द्रित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है जिसमें आर्थिक विकास के बजाए राजनीति और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है।


**त्यागपत्रः** कुछ अन्य अति धनाढ्य उद्यमियों ने हाल के महीनों में अपने शीर्ष पदों से इस्तीफे दिए हैं, जिनमें अलीबाबा के सह-संस्थापक जैक मा, अलीबाबा की प्रतिद्वंद्वी कम्पनी पिन्ड्युओड्ओ के संस्थापक कोलिन हुआंग और टिक टॉक की पेरेन्ट कम्पनी वाइट डांस के संस्थापक झैंग झिंमिग शामिल हैं।

**विदेश गमनः** एक प्रमुख टैक एन्टरप्रोन्योर एवं वैंचर कैपिटलिस्ट झाओ हैंग ने शंघाई लॉकडाउन के दौरान हाल ही कैनेडा पलायन किया। वहां उन्होंने चीन की वर्तमान नीतियों की भर्त्सना की।

## पूजा स्थल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है कि ''कट्टर एवं नृशंस हमलावरों तथा कानून तोड़ने वालों'' द्वारा किये अतिक्रमण के फलस्वरूप अस्तित्व में आये पूजा स्थलों तथा तीर्थों की स्थिति को यथावत बनाये रखने के लिये, 1991 के कानून में, 15 अगस्त 1947 की ''कट-ऑफ डेट'' मान लिया जाना स्वेच्छाचारिता तथा विवेकपूर्ण है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908